खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-282





# भारत के प्रधानमंत्री मोदी के लाओस पहुंचने पर गायत्री मंत्र का पाठ, बिहू नृत्य से स्वागत

**विएंतियाने, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर लाओस पहुंच गए। लाओस में प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने गायत्री मंत्र का पाठ किया। उनके स्वागत सम्मान में बिहू नृत्य भी किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, लाओ पीडीआर में स्वागत यादगार रहा। भारतीय समुदाय स्पष्ट रूप से अपनी जड़ों से बहुत जुड़ा हुआ है। लोगों को बिहू नृत्य और हिन्दी बात करते देख खुशी हुई। मैं लाओ पीडीआर पहुंच गया हूं। विभिन्न विश्व नेताओं के साथ विचार-विमर्श की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

प्रधानमंत्री मोदी एक्स हैंडल पर अपलोड वीडियो में बच्चों को ऑटोग्राफ देते भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बच्चों के सिर पर हाथ फेरकर उन्हें दुलार किया। उल्लेखनीय है कि लाओस जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य (लाओ पीडीआर) के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफनाडोन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर विएंतियाने पहुंचे। लाओस दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान का वर्तमान अध्यक्ष है। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

लाओस के लोगों ने होटल डबल ट्री में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए हिन्दी में अभिवादन किया। भारतीय प्रवासियों और लाओस समुदाय के लोगों ने गायत्री मंत्र का पाठ भी किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने लाओस के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाओस रवाना पर एक्स हैंडल पर लिखा, 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस के लिए प्रस्थान।

यह एक विशेष वर्ष है, क्योंकि हम अपनी एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक का जश्न मना रहे हैं, जिससे हमारे देश को पर्याप्त लाभ हुआ है। इस यात्रा के दौरान विभिन्न विश्व नेताओं के साथ विभिन्न द्विपक्षीय बैठकें और बातचीत भी होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बांग्लादेश में ढाका-चटगांव हाइवे पर 10 किलोमीटर लंबा जाम



**ढाका।** बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सव के बीच ढाका-चटगांव राजमार्ग के नारायणगंज खंड पर यात्रियों को यातायात की भीषण समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस खंड पर 10 किलोमीटर से अधिक लंबा जाम है। सार्वजनिक परिवहन और यात्री वाहनों की भीड़ की वजह से वाहन रेंग रहे हैं। चटगांव जाने वाली लेन पर शिमरैल मोड़ से लंगालबंध तक ट्रैफिक रुका हुआ है। राजमार्ग के विभिन्न बिंदुओं पर वाहन खड़े हैं। चार दिवसीय दुर्गा पूजा की छुट्टी के कारण सड़क पर यात्री वाहनों का दबाव बढ़ गया। लंगालबांध सहित कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम है। इस वजह से लगभग 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। बंधु परिवहन की यात्री रहीमा बेगम ने कहा कि वह सुबह से ही जाम में फंसी हैं। बसें भी बदल लीं, लेकिन जाम नहीं खुला। कांचपुर हाइवे पुलिस चौकी के प्रभारी अधिकारी काजी वाहिद मोरशेद का कहना है कि राजमार्ग पर कुछ स्थानों पर ट्रैफिक जाम है। सुबह बारिश हुई है। लंगलबंध में यातायात सुचारू नहीं है। इसके कारण कुछ क्षेत्रों में यातायात बेहद धीमा है। कुछ स्थानों पर जाम लगा हुआ है।

### पाकिस्तान के कराची विवि ने जाकिर नाइक को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की



**कराची।** भगोड़े और विवादास्पद इस्लामी प्रचारक जाकिर नाइक को पाकिस्तान के कराची विश्वविद्यालय ने सम्मानित किया है। उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह डिग्री विश्वविद्यालय के चांसलर और सिंध प्रांत के गर्वरन कामरान टेसोरी ने प्रदान की। नाइक इस समय पाकिस्तान की राजकीय यात्रा पर हैं। वह 28 अक्टूबर तक लाहौर और इस्लामाबाद सहित कई शहरों में सार्वजनिक समारोहों को संबोधित करेंगे। उनकी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात हो चुकी है। गवर्नर टेसोरी ने इस्लामी विषयों पर बहस में डॉ. नाइक की भागीदारी की प्रशंसा की और इस्लाम के प्रचार के लिए उनके निरंतर समर्पण की आशा व्यक्त की। दीक्षांत समारोह में महावाणिज्यदूत, सिंध उच्च शिक्षा आयोग के अध्यक्ष, विश्वविद्यालय के अधिकारी और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस्लाम के प्रति डॉ. नाइक की सेवा को मान्यता देते हुए कराची विश्वविद्यालय के सिंडिकेट ने उन्हें मानद उपाधि प्रदान करने को मंजूरी दी।

### इस्लामाबाद में 12 से 16 अक्टूबर तक मैरिज हॉल, होटल, रेस्तरां बंद रहेंगे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 12 से 16 अक्टूबर तक मैरिज हॉल, होटल और रेस्तरां नहीं खुलेंगे। राजधानी इस्लामाबाद की पुलिस ने यह फैसला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन की सुरक्षा के मद्देनजर किया है। दो दिवसीय यह सम्मेलन 15 अक्टूबर को शुरू होगा। इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं। अधिकारियों ने दो शहरों इस्लामाबाद और रावलपिंडी में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर मैरिज हॉल, कैफे, रेस्तरां और स्नूकर क्लब को 12 से 16 अक्टूबर तक बंद रखने का आदेश दिया गया है। पुलिस ने होटल और रेस्तरां संचालकों सहित व्यवसाय मालिकों को नोटिस जारी किया है। इसमें आदेश के उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए व्यापारियों और होटल मालिकों से जमानत बांड भरकर जमा कराने का आदेश दिया है। साथ ही इस्लामाबाद और रावलपिंडी में 14, 15 और 16 अक्टूबर तक सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

# अमेरिका के कॉर्नेल विवि ने अपने पूर्व छात्र रतन टाटा के योगदान का किया स्मरण, जताई कृतज्ञता

**वाशिंगटन, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** अमेरिका की कॉर्नेल यूनिवर्सिटी ने अपने पूर्व छात्र रतन टाटा के निधन पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर डीन जेम्स ने भारत के शीर्ष उद्योगपति रतन टाटा के जीवन के विभिन्न पक्षों का जिक्र किया है। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी ने योगदान के लिए कृतज्ञता जताई है।

कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, आर्ट ऐंड प्लानिंग के डीन जेम्स मीजिन यून ने कहा, जब रतन टाटा ने आर्किटेक्चर में डिग्री के साथ कॉर्नेल से स्नातक किया, तो यह कल्पना करना असंभव था कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व, परोपकार और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का वैश्विक प्रभाव कई क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने में होगा। विश्वविद्यालय के अंतरिम अध्यक्ष माइकल आई. कोटलिकॉफ ने कहा, रतन टाटा ने भारत, कॉर्नेल और पूरे विश्व में एक असाधारण विरासत छोड़ी है।

डीन यून ने कहा, रतन टाटा 2006 से 2022 तक तीन बार कॉर्नेल के न्यासी रहे। उन्हें 2013 में कॉर्नेल का आंत्रप्रेन्योर ऑफ द ईयर नामित किया गया। वो विश्वविद्यालय के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय दानदाता हैं। वो ग्रामीण भारत में गरीबी और कुपोषण को कम करने के लिए छात्रवृत्ति, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी नवाचार के सबसे बड़े समर्थक रहे हैं।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार, 2008 में टाटा ट्रस्ट के 50 मिलियन डॉलर के सहयोग से टाटा-कॉर्नेल इंस्टीट्यूट फॉर एग्रीकल्चर एंड न्यूट्रिशन की स्थापना हुई। यह दीर्घकालिक शोध पहल थी और भारत के छात्रों के लिए टाटा छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 2017 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के 50 मिलियन डॉलर के निवेश से न्यूयॉर्क शहर में कॉर्नेल टेक के रूजवेल्ट द्वीप परिसर में टाटा इनोवेशन सेंटर का निर्माण किया गया।



विश्वविद्यालय के अंतरिम अध्यक्ष माइकल आई कोटलिकॉफ़ ने कहा, रतन टाटा की उदारता से भारत और उसके बाहर लाखों लोगों की शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार हुआ और कॉर्नेल का वैश्विक प्रभाव बढ़ा। विश्वविद्यालय ने कहा कि जब रतन टाटा ने आर्किटेक्चर में डिग्री के साथ कॉर्नेल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की, तब उनके वैश्विक प्रभाव की कल्पना करना असंभव था। उन्होंने कहा कि मैं रतन टाटा के योगदान के लिए कृतज्ञता से भरा हुआ हूं। उनकी दयालुता, उदारता और शाश्वत आशावाद के प्रति गहरा सम्मान भी रखता हूं। उन्होंने भारत और दुनिया भर में जीवन को बेहतर बनाया है।

कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के अलावा गूगल और अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने एक्स पर लिखा, रतन टाटा के साथ आखिरी मुलाकात में हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की। उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक रहा। वे असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप और इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रतन टाटा के निधन पर शोक जताया है।

### भारत ने नेपाल के आग्रह पर पुल निर्माण सामग्री भेजी

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल सरकार के आग्रह पर पुल निर्माण सामग्री भेजी है। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 40 से अधिक पुल पूरी तरह से टूट गए हैं। इस कारण अभी भी कई राजमार्गों पर यातायात शुरू नहीं हो पाया है। टूटे हुए पुलों के स्थान पर फौरी तौर पर अस्थाई पुल बनाए जा रहे हैं। नेपाल सरकार ने भारत सरकार से इसके लिए मदद मांगी थी। भारत सरकार ने पहली खेप के रूप में 10 प्री फैब्रिक्रेटेड पुल निर्माण सामग्री नेपाल सरकार को हस्तांतरण की है। बुधवार देर रात बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के तरफ से नेपाल सरकार को यह सामग्री दी गई। इस सामग्री का मूल्य 38 करोड़ रुपये से अधिक बताया गया है। महावाणिज्य दूतावास के मुताबिक भारत के महावाणिज्य दूत देवी सहाय शरण ने बीरगंज के प्रमुख जिलाधिकारी दिनेश सागर भूषाल को यह सामग्री हस्तांतरित की । नेपाल के बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए भारत से अब तक 25 टन राहत सामग्री भेजी जा चुकी है।

# ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ की,कहा- वे सबसे बेहतर इंसान हैं



**वाशिंगटन, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के आने से पहले भारत में हर साल पीएम बदला जाता था। वहां बहुत ज्यादा अस्थिरता थी। इसके बाद वह आए। वह महान हैं। वह मेरे मित्र हैं। झ

बाहर से वह ऐसे दिखते हैं, जैसे वह आपके पिता हैं। वह सबसे अच्छे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कॉमेडियन एंड्रयू शुल्ट्ज और आकाश सिंह के साथ फ्लैग्रेंट नामक पॉडकास्ट में ये बातें कही। 88 मिनट लंबे साक्षात्कार के लगभग 37 मिनट तक उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने संबंधों का जिक्र किया।

ट्रंप ने आगे कहा कि हाउडी मोदी 2019 में टेक्सास के ह्यूस्टन में भारतीय समुदाय का एक कार्यक्रम था। एनआरजी स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी और दोनों देशों के बीच संबंधों को दर्शाया गया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग पागल हो रहे थे और हम घूम रहे थे। ।हम उनके बीच में थे, हर किसी को हाथ हिला रहे थे। अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक पॉडकास्ट को अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। इस पॉडकास्ट में ट्रंप ने पीएम मोदी को सबसे अच्छा इंसान बताते हुए उन्हें टोटल किलर करार दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पॉडकास्ट को शेयर करते हुए कंगना रनौत ने कैप्शन में लिखा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लैग्रेंट पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी को सबसे अच्छा इंसान बताया, लेकिन साथ ही उन्हें टोटल किलर (ऐसे शख्स जो सफल हैं, आक्रामक हैं और किसी भी स्थिति से निपटने में पारंगत) बताया।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक जवाबी कार्रवाई की धमकी देकर उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया, जब उन्होंने कहा कि हम उनसे निपट लेंगे, भारत ने सैकड़ों वर्षों से उन्हें हराया है। इसकी तुलना मुंबई में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की बेरुखी से करें।

# इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने खैबर पख्तूनख्वा हाउस को डी-सील करने का दिया आदेश



**इस्लामाबाद, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सील किए गए खैबर पख्तूनख्वा हाउस के मामले में प्रशासन को अदालत से जोरदार झटका लगा है। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने खैबर पख्तूनख्वा हाउस को खोलने (डी-सील) का आदेश दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा सरकार की सचिव प्रशासन के माध्यम से दायर याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस आमिर फारूक ने की। याचिका में हाई कोर्ट से अनुरोध किया गया था कि अंतिम निर्णय तक इसे डी-सील करने का आदेश दिया जाए। याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि यह हाउस प्रांतीय सरकार की संपत्ति है। इसकी सीलिंग अवैध है। साथ ही खैबर पख्तूनख्वा हाउस को सील करने के बाद सरकारी गाड़ियों को कब्जे में लेना भी गैरकानूनी है। चीफ जस्टि, फारूक ने शुरुआती दलीलें सुनने के बाद खैबर पख्तूनख्वा हाउस को डी-सील करने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) ने खैबर पख्तूनख्वा हाउस के ए और बी ब्लॉक को कुछ दिन पहले सील कर दिया था। सीलिंग अभियान का नेतृत्व विशेष मजिस्ट्रेट सरदार मोहम्मद आसिफ ने किया।

# ईरान पर इजराइली हमला घातक और चौंकाने वाला होगा, बाइडन ने की नेतन्याहू से फोन पर बात, सकारात्मक रही बातचीत

**तेल अवीव, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ बुधवार को फोन पर बात की। पिछले 50 दिनों में पहली बार दोनों नेताओं ने बातचीत की। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देने पर चर्चा हुई। इजरायल ने कहा कि उसका जवाबी हमला विनाशकारी होगा। लेकिन बाइडन ने ईरान के परमाणु या तेल उत्पादन स्थलों को टारगेट करने पर विरोध किया है। बाइडन से बात न होने तक नेतन्याहू ने अपने रक्षा मंत्री को अमेरिका जाने से रोका दिया था।

इजराइल के रक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा था कि ईरान पर उसकी ओर से किया जाने वाला हमला घातक और चौंकाने वाला होगा। उन्होंने कहा कि हाल में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा। इजराइली हमले से ईरान सकते में आ जाएगा। कोई विवरण दिए बिना रक्षा मंत्री ने कहा कि वे समझ नहीं पाएंगे कि क्या हुआ और कैसे हुआ। पिछले सप्ताह ईरान ने इजराइल पर कई मिसाइलें दागीं, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है जिसे लेकर पूरी दुनिया चिंतित है।



बाइडन लंबे समय से नेतन्याहू के गाजा में युद्ध के साथ-साथ लेबनान में इजराइल की लड़ाई के तरीकों को लेकर निराश और नाराज हैं। साथ ही संघर्ष खत्म करने से जुड़ी रणनीति न अपनाने पर अफसोस जताया है लेकिन बुधवार को हुई बातचीत को व्हाइट हाउस ने डायरेक्ट और उत्पादक बताया और पीएमओ ने कहा कि बातचीत सकारात्मक रही। इस दौरान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी इस फोन पर चल रही बातचीत सुन रही थीं।

व्हाइट हाउस ने ईरान के खिलाफ संभावित इजराइली जवाबी हमले पर अमेरिका के रुख के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। हालांकि बातचीत में बाइडन ने कहा था कि वह इजराइल को हर तरह से मदद दे रहे हैं। पीएमओ के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह नेतन्याहू को फोन किया और इजराइल की ओर से हिजबुल्ला के खिलाफ चलाए गए अभियानों के लिए उन्हें बधाई दी थी।

# बिलावल ने कहा-हुकूमत ने सवैधानिक पैकेज के मुद्दे को विफल किया

**इस्लामाबाद, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

**पाकिस्तान के पूर्व विदेशमंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने बहुचर्चित संवैधानिक पैकेज को गलत तरीके से पेश करने के लिए हुकूमत की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकारी के रुख के कारण ही संसद में यह पारित नहीं हो सका। उन्होंने न केवल संघीय स्तर पर बल्कि सभी प्रांतों में एक संवैधानिक न्यायालय स्थापित करने पर भी जोर दिया।**

राजधानी इस्लामाबाद के जरदारी हाउस में बुधवार को पत्रकारों के एक समूह के साथ अनौपचारिक बातचीत में पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने कहा कि सरकार ने बिना उचित होमवर्क और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) जैसे सहयोगियों के समर्थन के बिना संवैधानिक कानून को आगे बढ़ाने की कोशिश की है। बिलावल ने साफ किया कि सरकार ने पहली बार सप्ताहांत (शनिवार और रविवार) को संसद में संवैधानिक पैकेज पेश करने की कोशिश की। तब उन्हें बताया गया था कि मौलाना फजल इसका समर्थन करेंगे। बाद में उन्हें पता चला कि वह आश्वस्त नहीं थे।



उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 12 जुलाई के फैसले के बाद स्थिति बदल गई। इस फैसले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को आरक्षित सीटें आवंटित की गईं। इस फैसले ने पैकेज को पारित करने के लिए सीनेट और नेशनल असेंबली दोनों में आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में सरकार के आत्मविश्वास को तोड़ दिया।

बिलावल का मानना है कि पैकेज को मौलाना फजल और सरदार अख्तर मेंगल (बलूचिस्तान नेशनल पार्टी के अध्यक्ष) की सहमति के बिना संसद में पेश नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह मौलाना फजलुर रहमान को समझाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि उन्होंने विभिन्न अवसरों पर इमरान खान की पार्टी का समर्थन किया है। यह मौके हैं नौ मई की अशांति के आरोपितों के लिए सैन्य परीक्षणों का विरोध करना और इमरान खान के सत्ता से हटने के बाद 90 दिनों के भीतर आम चुनाव की संवैधानिक आवश्यकता का बचाव करना शामिल है। उन्होंने कहा, पीटीआई नफरत की राजनीति पर आमादा है। इसलिए उसे नुकसान हो रहा है।

भुट्टो जरदारी ने स्वीकार किया कि ऊंची कीमतें लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई हैं। हालांकि मुद्रास्फीति में हालिया गिरावट एक सकारात्मक कदम है। सबको संघीय सरकार को कार्यकाल पूरा करने का मौका देना चाहिए।% उन्होंने भ्रष्टाचार को खत्म करने और राजनीति और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने की अपनी योजना का खुलासा किया। बिलावल ने कहा कि उन्हें लंबी पारी खेलनी है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सबसे पहले एनएबी (राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो) को खत्म करना होगा। एनएबी भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए नहीं बल्कि शासकों के राजनीतिक विरोधियों की बांहें मरोड़ने का काम करता है।

Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-282

### भारत आसियान शिखर-सम्मेलन को पीएम मोदी ने किया संबोधित

# 21वीं सदी भारत और आसियान देशों की सदी है : मोदी

**वियेनतिएन, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं सदी को एशियाई सदी बताते हुए गुरुवार को कहा कि भारत -आसियान संबंध एशिया के भविष्य का मार्गदर्शन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। श्री मोदी ने यहां भारत आसियान शिखर-सम्मेलन में अपने संबोधन में आसियान एकता, आसियान केंद्रीयता और हिन्द प्रशांत पर आसियान आउटलुक के लिए भारत के समर्थन को दोहराया।

इक्कीसवीं सदी को एशियाई सदी कहते हुए उन्होंने कहा कि भारत-आसियान संबंध एशिया के भविष्य का मार्गदर्शन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत की एक्ट ईस्ट नीति की जीवंतता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत-आसियान व्यापार दोगुना होकर 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। आसियान आज भारत के सबसे बड़े व्यापार और निवेश भागीदारों में से एक है। सात आसियान देशों के साथ सीधी उड़ान कनेक्टिविटी स्थापित हो चुकी है। क्षेत्र के साथ फिन-टेक सहयोग से की गई आशाजनक शुरुआत हुई है और पांच आसियान देशों में साझा सांस्कृतिक विरासत की बहाली में महत्वपूर्ण प्रगति हुई।

प्रधानमंत्री ने आसियान-भारत समुदाय के लाभ के लिए अधिक आर्थिक क्षमता का दोहन करने की दिशा में आसियान-भारत ▶10पर




⇨ पिछले 10 वर्षों में भारत-आसियान व्यापार दोगुना होकर 130 अरब अमेरिकी डॉलर के पार हुआ
⇨ हमारी एक्ट ईस्ट नीति ने भारत और आसियान देशों के संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है
⇨ बैठक में नेताओं ने एक नई आसियान-भारत कार्य योजना (2026-2030) बनाने पर जताई सहमति

## पीएम मोदी ने देखी लाओस की रामायण



**वियेनतिएन, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुआंग प्रबांग के प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर द्वारा प्रस्तुत लाओस की रामायण का नाट्य रूपांतर फलक फलम या फ्रा लाक फ्रा राम का एक एपिसोड देखा। रामायण महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुरानी सभ्यता के संबंध को दर्शाता है। लाओस में सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा के कई पहलुओं का अभ्यास और संरक्षण किया जाता रहा है। दोनों देश अपनी साझा विरासत को रोशन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लाओस में वट फू मंदिर और संबंधित स्मारकों के जीर्णोद्धार में लगा हुआ है। इस अवसर पर बैंक ऑफ लाओ पीडीआर के गवर्नर और वियनतिएन के मेयर उपस्थित थे। रामायण प्रदर्शन से पहले, प्रधानमंत्री ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फैलोशिप संगठन के ▶10पर

## पीएम मोदी ने मुंबई कौशल संस्थान का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** युवाओं को राष्ट्रीय और वैश्विक अवसरों के लिए रोजगार के योग्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई में भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने आईआईएस का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार देश के युवाओं के कौशल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ढालकर उन्हें वैश्विक अवसरों के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय भारत को मानव संसाधन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में देखता है, जहां दुनिया भर में शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य सेवा और सॉफ्टवेयर विकास के क्षेत्र में अपार अवसर हैं। मुंबई के चूनाभट्टी में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) के भीतर चार एकड़ के विशाल परिसर में निर्मित, ▶10पर

# एलएसी के पास जुटे भारतीय सेना के टॉप कमांडर्स

### जवानों के साथ दशहरा मनाएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ



**गंगटोक, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** भारत-चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर चल रहे तनाव के बीच भारतीय सेना के टॉप कमांडर इन दिनों सिक्किम के फॉरवर्ड एरिया में हैं। गंगटोक में सेना के टॉप कमांडर्स की कॉन्फ्रेंस चल रही है। इस कॉन्फ्रेंस में सेना की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी दशहरा के मौके पर भारतीय सेना के कमांडरों के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए सिक्किम का दौरा करेंगे। यह कॉन्फ्रेंस दो चरणों में आयोजित की जा रही है। इसका पहला चरण सिक्किम में और दूसरा चरण इस महीने के आखिर में दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान कॉन्फ्रेंस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना के सीनियर कमांडर्स मुख्य संबोधन देंगे, साथ ही उन्हें उभरती सुरक्षा चुनौतियों और सुरक्षा क्षेत्र में सेना की प्रतिक्रिया के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। वहीं, रक्षा मंत्री चीन से सटे फॉरवर्ड एरिया में तैनात जवानों के साथ दशहरा भी मनाएंगे। यह पहली बार है कि सेना के टॉप कमांडर सिक्किम में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास एक महत्वपूर्ण बैठक कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में एक कार्यक्रम के दौरान आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि एलएसी पर स्थिति स्थिर है, लेकिन यह सामान्य नहीं है और संवेदनशील है। हम चाहते हैं कि अप्रैल 2020 से पहले वाली स्थिति बहाल हो।

इससे पहले सितंबर में सेना प्रमुख ने इशारा किया था कि इस साल होने वाली कॉन्फ्रेंस की जगह से रणनीतिक संदेश दिया जाएगा, साथ ही इससे यह संदेश जाएगा कि आखिर हम चाहते क्या हैं। यह इस साल की दूसरी सैन्य कमांडक कॉन्फ्रेंस है, जिसे हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है। इसका पहला चरण 10-11 अक्तूबर को गंगटोक में और दूसरा चरण 28-29 अक्तूबर को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

सेना की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि सेना के सीनियर कमांडरों का सम्मेलन फॉरवर्ड एरिया में आयोजित करना बताता है कि भारतीय सेना जमीनी हकीकत पर फोकस करना चाहती है। इस कॉन्फेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें मौजूदा खतरों का मुकाबला करने के लिए सिविल-मिलिट्री गठजोड़ और डिप्लोमेटिक, इनफॉरमेशन, मिलिट्री और इकॉनमिक (डीआईएमई) जैसे अहम स्तंभों का एकीकरण भी शामिल है। वहीं कॉन्फ्रेंस के दूसरे चरण में उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा होगी, जिसके बाद ऑपरेशनल संबंधी मामलों पर चर्चा होगी और विभिन्न बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठकें होंगी, जिसमें रिटायर्ड सैनिकों, वेटरन और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा के लिए कल्याणकारी उपायों और योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ▶10पर

## अगले वर्ष की शुरुआत में प्रारंभ हो सकती है राष्ट्रीय जनगणना

### सीमाएं सील करने की रोक हटी, 31 दिसंबर तक राज्य बदल सकते हैं बॉर्डर



**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** देशव्यापी जनगणना 2025 में शुरू हो सकती है। जनगणना रजिस्ट्रार ने एक आदेश जारी कर राज्यों को अपने मंडलों, जिलों, सब-डिवीजनों, तहसीलों और गांवों की सीमाएं 31 दिसंबर 2024 तक बदलने की छूट दे दी है। पहले यह सीमा 30 जून तक ही थी। दरअसल, जनगणना शुरू कराने के लिए सरकारी सीमाएं सील करना पहली शर्त है। सूत्रों के अनुसार, अब 1 जनवरी 2025 के बाद कभी भी जनगणना शुरू हो सकेगी। ▶10पर

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**इंफाल,10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से पिछले तीन दिनों में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को पूर्वी जिले के चंफाई पहाड़ी पर एक अभियान में सुरक्षा बलों ने एक एम-16 राइफल और एक .22 राइफल, दो एसए-लआर, एक देसी स्टेन गन, दो कार्बाइन, आठ देसी बनी नौ एमएम पिस्तौल, 30 मैगजीन और दो इंच के 12 मोर्टार जब्त किए। उन्होंने बताया कि जिले के लुवांगशांगबाम इलाके में एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने .32 पिस्तौल, नौ एमएम की एक पिस्तौल, दो हथगोले और दो तात्कालिक मोर्टार समेत अन्य हथियार बरामद किए।

इसी तरह का एक अभियान मंगलवार को इंफाल पश्चिम जिले के खेलाखोंग में चलाया गया था। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए सामानों में एक एसए-लआर राइफल, एक संशोधित .303 राइफल, एक नौ एमएम पिस्तौल, 16 कारतूस और हथगोले शामिल हैं। वहीं, सोमवार को बिष्णुपुर जिले के गेलबुंग गांव में तलाशी अभियान में एक एके-47 राइफल, एक मैगजीन, एक 12 बोर की राइफल, एक 12 बोर की पिस्तौल और एक नौ एमएम कार्बाइन मशीन गन बरामद की गई। पांच डेटोनेटर और 2.5 किलोग्राम आईईडी भी जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर के कांगवई में छापेमारी के दौरान दो देसी मोर्टार, दो देसी हथगोले और दो देसी पिस्तौल बरामद की गई।

## केंद्र सरकार ने हिज्ब-उत-तहरीर पर लगाया प्रतिबंध




**कहा- इसका उद्देश्य इस्लामिक राज्य की स्थापना करना है**

**नई दिल्ली 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार ने 1953 में यरुशलम में गठित वैश्विक इस्लामी कट्टरपंथी समूह हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) को प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है। इसके साथ ही सरकार ने कहा है कि- इस इस्लामी कट्टरपंथी समूह का उद्देश्य इस्लामिक राज्य की स्थापना करना है। एक अधिसूचना में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी भोले-भाले युवाओं को आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने के साथ-साथ आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में शामिल है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए, गृह मंत्रालय ने आज हिज़्ब-उत-तहरीर को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित किया। एचयूटी कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, सुरक्षित ऐप का उपयोग करके और भोले-भाले युवाओं को आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए दावाह बैठकें आयोजित करके आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी एक ऐसा संगठन है जिसका उद्देश्य देश के नागरिकों को शामिल करके जिहाद ▶10पर

## रतन टाटा को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई



**राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार**

**मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** प्रसिद्ध उद्योगपति रतन नवल टाटा को उनकी अंतिम यात्रा में शीर्ष राजनीतिक नेताओं, उद्योग जगत के दिग्गजों, मशहूर हस्तियों और आम लोगों सहित हजारों लोगों ने गुरुवार को यहां अश्रुपूर्ण विदाई दी। वर्ली श्मशान घाट पर उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा को शहर पुलिस ने औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया। गणमान्य व्यक्तियों और करीबी परिवार के सदस्यों समेत लगभग 200 लोगों को कुछ समय के लिए वहां रखी गई श्री टाटा की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि और फूल चढ़ाने की अनुमति दी गई।

एक पुलिस टीम और एक पुलिस बैंड ने लास्ट पोस्ट बजाया, उन्हें बंदूक की सलामी दी, तिरंगे को हटाया और लपेटकर एक रिश्तेदार को सौंपा। अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, रामदास आठवले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, मुकेश अंबानी और कुमार मंगलम बिड़ला समेत राजनीति, खेल, बिजनेस और बॉलीवुड से जुड़ी कई हस्तियां भी शामिल हुईं। दिग्गज उद्योगपति को श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लोग वर्ली श्मशान के बाहर एकत्र हुए थे। कई सुरक्षाकर्मियों के अलावा मुंबई पुलिस बैंड के सदस्य और मीडियाकर्मी भी इस दौरान वहां मौजूद रहे। बताते चलें कि टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। ▶10पर

### कार्टून कॉर्नर




**मौसम हैदराबाद**
अधिकतम : 30°
न्यूनतम : 23°

### चुनावी ड्यूटी से लौट रहे जांबाजों के साथ स्पेशल ट्रेन में हुआ भद्दा मजाक

# सीआरपीएफ के 700 जवानों को 48 घंटे रहना पड़ा भूखा



**अगले स्टेशन पर मिलेगा खाना, यह कह कर उन्हें भूखे पेट यात्रा करने के लिए किया गया मजबूर**

**रायपुर/नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** देश का सबसे बड़ा केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ, जिसके जवानों की संख्या लगभग 3.25 तीन लाख है, वे विभिन्न प्रदेशों में चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराते हैं। इस दौरान जवानों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास बात ये है कि सीआरपीएफ जवान छोटी मोटी समस्याओं पर आसानी से बोलते भी नहीं हैं, लेकिन जब बात पेट की आती है तो उन्हें सामने आना पड़ता है। जवानों को जहां कहीं भी चुनावी ड्यूटी के लिए भेजा जाता है, वहां कई बार मूलभूत सुविधाएं तक मुहैया नहीं कराई जाती। ऐसे कई मामले देखने को मिले हैं। ताजा मामला, जम्मू कश्मीर के सांबा से चली स्पेशल ट्रेन 00328 का है। इसमें सीआरपीएफ की 10 कंपनियां, (लगभग 700 सौ जवान) सवार थीं। रायपुर जा रही गाड़ी में जवानों को 48 घंटे तक डिनर मुहैया नहीं कराया गया। जवानों ने केवल दो वक्त के ब्रेक फास्ट में ही काम चलाया। उनके साथ रेलवे की खानपान एजेंसी की तरफ से भद्दा मजाक किया गया। अगले स्टेशन पर मिलेगा खाना, ये कह कर उन्हें भूखे पेट यात्रा करने के लिए मजबूर किया जाता रहा। सीआरपीएफ जवानों को ला रही यह स्पेशन ट्रेन गुरुवार को दोपहर बाद रायपुर पहुंची है।

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, इस स्पेशल ट्रेन को सात अक्तूबर को सांबा से चलना था। किन्हीं कारणों से यह गाड़ी लेट हो गई। इसके बाद 8 अक्तूबर को सुबह तीन बजे ये गाड़ी रायपुर के लिए रवाना हुई। सांबा से चलने के बाद जवानों को अंबाला स्टेशन पर ब्रेकफास्ट मुहैया कराया गया। इसके बाद उन्हें पूरा दिन कुछ नहीं मिला। उन्हें बताया गया कि दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लंच मिलेगा। गाड़ी शाम को आठ बजे पहुंची, ऐसे में लंच का समय तो निकल गया। दिल्ली में उन्हें जो खाना देने का प्रयास हुआ, उसकी क्वालिटी बहुत घटिया थी। जवानों के मुताबिक, वह खाना सुबह का बना हुआ था। ऐसे में जवानों ने खाना लेने से मना कर दिया।

पहले भी इस तरह के मामले आए हैं कि रेलवे एजेंसी के लोग ऐसी स्थिति में बल के अफसरों को बढ़िया खाना खिलाकर अपने पक्ष में करने का प्रयास करते हैं। उन्हें मिठाई आदि का भी लोभ लालच देते हैं। ये सब इसलिए किया जाता है कि यह मामला आगे न बढ़े। अफसर, अपने जवानों को डरा धमका कर शांत कर दें। ट्रेन में मौजूद सीआरपीएफ अधिकारियों के साथ भी यही सब करने का प्रयास हुआ। ▶10पर

TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

तनाव से बचने के लिए मधुर संगीत का सहारा लें। चंद्र की स्थिति की वजह से आज आपका धन बेवजह की चीजों पर खर्च हो सकता है। अगर आपको धन संचय करके रखना है तो अपने जीवनसाथी या माता पिता से इस बारे में बात करें। परिवार के सदस्यों की अच्छी सलाह आज आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगी।इस राशि के छात्र छात्राओं को आज के दिन पढ़ाई में मन लगाने में दिक्कतें आ सकती हैं। आज आप अपना कीमती समय दोस्तों के चक्कर में बर्बाद कर सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आपमें आज चुस्ती–फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज यार दोस्तों के साथ पार्टी में आप खूब पैसे लुटा सकते हैं लेकिन इसके बावजूद भी आपका आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। घर में रस्म–रिवाज़ आदि होगा। आपका प्रेमी या प्रेमिका आज बहुत गुस्से में नजर आ सकते हैं इसकी वजह उनके घर की स्थिति होगी। बातचीत में कुशलता आज आपका मज़बूत पक्ष साबित होगी। अगर आपके जीवनसाथी की सेहत कर चलते किसी से मिलने की योजना रद्द करनी पड़ेगी।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड,छ,के,को,ह**

आज ख़ास दिन है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण काम करने की क्षमता देगा। व्यापार को मजबूती देने के लिए आज आप कोई अहम कदम उठा सकते हैं जिसके लिए आपका कोई करीबी आपकी आर्थिक मदद कर सकता है। सहकर्मियों के साथ काम करते वक़्त युक्ति और चतुरता की ज़रूरत होगी। आज अपने लिए वक्त निकालकर अपने जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। अगर हाल में आप व आपका जीवनसाथी बहुत ख़ुश महसूस नहीं कर रहे थे, तो आज हालात बदल सकते हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

भले ही आप उत्साह से लबरेज़ हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे की कमी महसूस करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है। शाम का ज़्यादातर समय मेहमानों के साथ गुज़रेगा।

अन्य दिनों की अपेक्षा आज आपके सहकर्मी आपको अधिक समझने की कोशिश करेंगे। आपका कम्यूनिकेशन और काम करने की क्षमता असरदार सिद्ध होंगे। इस बात की प्रबल सम्भावना है कि आपके आस–पास के लोग आप दोनों के बीच मतभेद पैदा करने का प्रयास करेंगे। अतः बाहरी लोगों के कहने पर अमल करना ठीक नहीं होगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

किसी बड़े समूह में भागीदारी आपके लिए दिलचस्प साबित होगी, हालांकि आपके ख़र्चे बढ़ सकते हैं। उदार बनें और ईमानदारी से तारीफ़ करें। आपकी थकी और उदास ज़िन्दगी आपके जीवन–साथी को तनाव दे सकती है। आपको पता लग सकता है कि आपके बॉस आपसे इतने रूखेपन से क्यों बात करते हैं। वजह जानकर आपको वाक़ई तसल्ली होगी। कार्यक्षेत्र में किसी काम के अटकने की वजह से आज आपका शाम का कीमती वक्त खराब हो सकता है। ख़ुद तनावग्रस्त होने की झल्लाहट आप बेवजह अपने जीवनसाथी पर निकाल सकते हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

जब आप कोई फ़ैसला लें, तो दूसरों की भावनाओं का ख़ास ख़याल रखें। आपका कोई भी ग़लत निर्णय न केवल उनपर ख़राब असर डालेगा, बल्कि आपको भी मानसिक तनाव देगा। आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है। आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा। यह परिवार में दबदबा बनाए रखने की अपनी आदतों को छोड़ने का वक़्त है। ज़िंदगी के उतार–चढ़ाव में उनके कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें। यात्राओं से व्यवसाय के नए मौक़े मिलेंगे। यात्रा के मौक़ों को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

**तुला – र,री,रु,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

जब आप कोई फ़ैसला लें, तो दूसरों की भावनाओं का ख़ास ख़याल रखें। आपका कोई भी ग़लत निर्णय न केवल उनपर ख़राब असर डालेगा, बल्कि आपको भी मानसिक तनाव देगा। आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है। आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा। यह परिवार में दबदबा बनाए रखने की अपनी आदतों को छोड़ने का वक़्त है। ज़िंदगी के उतार–चढ़ाव में उनके कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें। यात्राओं से व्यवसाय के नए मौक़े मिलेंगे। यात्रा के मौक़ों को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज आप अपने घर के सदस्यों को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं और आपका काफी धन खर्च हो सकता है। परिवार वालों का हँसी–मज़ाक भरा बर्ताव घर के वातावरण को हल्का–फुल्का और ख़ुशनुमा बना देगा। आपकी शैली और काम करने का नया अन्दाज़ उन लोगों में दिलचस्पी पैदा करेगा, जो आप पर नज़दीकी से ग़ौर करते हैं। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर, गुरुद्वारे या किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज आपके ऑफिस का कोई सहकर्मी आपकी कीमती वस्तु चुरा सकता है इसलिए आज आपको अपना सामान ध्यान से रखने की जरुरत है। बच्चे आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र के किसी काम में खराबी की वजह से आज आप परेशान रह सकते हैं और इस बारे में सोचकर अपना कीमती वक्त बर्बाद कर सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज आप भविष्य के लिए कोई आर्थिक योजना बना सकते हैं और उम्मीद है कि यह योजना सफल भी होगी। अपनी उपयोगिता की ताक़त को सकारात्मक सोच और बातचीत के ज़रिए विकसित करें, ताकि आपके परिवार के लोगों को लाभ हो। इस राशि के जो लोग रचनात्मक कार्यों से जुड़े हैं उन्हें आज परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आपको महसूस हो सकता है कि रचनात्मक कार्य करने से बेहतर नौकरी करना था। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं। पारिवारिक उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी, जो आपको मानसिक तनाव दे सकती है। आज का दिन बढ़िया प्रदर्शन और ख़ास कामों के लिए है। आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं। मुमकिन है कि आपके माता–पिता आपको कुछ शानदार आशीर्वाद दें।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे। आप दोस्तों के साथ बेहतरीन वक़्त बिताएंगे, लेकिन गाड़ी चलाते वक़्त ज़्यादा सावधानी बरतें। किसी तीसरे इंसान का दख़ल आपके और आपके प्रिय के बीच गतिरोध पैदा करेगा। यह वह दिन है जब आपको अपनी अहम योजनाओं पर रोशनी डालने के लिए ख़ास और बड़े लोगों से मिलना चाहिए। आपका खाली वक्त आज किसी गैरजरुरी काम में खराब हो सकता है। आपकी भागदौड़ भरी दिनचर्या के कारण आपका जीवनसाथी ख़ुद को दरकिनार महसूस कर सकता है।

## शुक्रवार का पंचांग

दिनांक : 11 अक्टूबर 2024 , शुक्रवार
विक्रम संवत : 2081
मास : आश्विन , शुक्ल पक्ष
तिथि : अष्टमी दोपहर 12:08 तक
नक्षत्र : उत्तराषाढा उत्तर रात्रि 05:25 तक
योग : सुकर्मा रात्रि 02:45 तक
करण : बव दोपहर 12:08 तक
चन्द्रराशि : धनु प्रातः 11:41 तक
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 05:57 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:09 , सूर्यास्त 06:03 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:02, सूर्यास्त 05:55 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:59 , सूर्यास्त 05:48 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चंचल : 06:00 से 07:30
लाभ : 07:30 से 09:00
अमृत : 09:00 से 10:30
शुभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : प्रातः 10:30 से 12:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : दूध पीकर यात्रा करें
दिन विशेष : दुर्गा अष्टमी , मन्वादि तिथि




* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


### कांग्रेस नेता वीरेंद्र राठौर का बड़ा खुलासा, कहा–

# कांग्रेस नेताओं ने भाजपा को जिताने में निभाई अहम भूमिका

**करनाल, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी की आंतरिक गुटबाजी और फूट की परतें धीरे–धीरे खुलने लगी हैं। घरौंडा से कांग्रेस के प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह राठौर ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान खुलासा किया कि उनकी हार में भाजपा के अलावा कांग्रेस के कुछ नेताओं का भी हाथ है। राठौर ने तीन प्रमुख कांग्रेस नेताओं पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान, भूप्पी लाठर, और रघबीर संधू पर भाजपा का साथ देने और कांग्रेस को हराने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

राठौर ने साफ शब्दों में कहा, अगर ये तीनों नेता कांग्रेस में रहेंगे, तो मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की हार का मुख्य कारण ईवीएम काउंटिंग में धांधली के साथ–साथ पार्टी के भीतर की गद्दारी रही है। राठौर ने काउंटिंग प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि काउंटिंग के दौरान कई अनियमितताएं देखने को मिलीं, जिनके खिलाफ उन्होंने पहले ही तीन दरखास्त दी थी। उनकी पहली शिकायत मोबाइल फोन को लेकर थी, जिसमें उन्होंने कैंडिडेट्स को मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, उनकी यह मांग रिटर्निंग अधिकारी ने अस्वीकार कर दी, जबकि स्वयं अधिकारी ने काउंटिंग हाल में मोबाइल का इस्तेमाल किया। राठौर ने यह भी दावा किया कि कई राउंड्स की गिनती से पहले ही मशीनों को एडवांस में रखा गया था, और कई मशीनों के सीरियल नंबर फॉर्म 17सी के नंबर से मेल नहीं खा रहे थे। उनकी शिकायतों को रिटर्निंग अधिकारी ने नजरअंदाज कर दिया।



राठौर ने ईवीएम की बैटरी को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि सुबह से शाम तक मतदान के बावजूद मशीन की बैटरी 99 प्रतिशत कैसे रह सकती है। उन्होंने इसे तकनीकी धांधली का इशारा बताते हुए कहा कि इस प्रकार की बैटरी स्थिति तब होती है जब किसी डेटा को रेडियो फ्रिकवेंसी के जरिए बदला जाता है, जो कि चिंता का विषय है। राठौर के इन खुलासों से कांग्रेस की आंतरिक कलह अब सार्वजनिक हो गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर के गद्दारों की वजह से घरौंडा में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। अगर पार्टी इन नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं करती, तो वीरेंद्र राठौर ने संकेत दिया कि वह पार्टी छोड़ने का निर्णय ले सकते हैं।

# धान की खरीद न होने से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**हिसार, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में हिसार जिला के उकलाना की नयी अनाज मंडी में धान खरीदना होने से परेशान किसानों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया तथा उसके बाद मुख्यमंत्री के नाम मार्केट सचिव को ज्ञापन सौंपा।

किसान मियां सिंह बिठमड़ा ने कहा कि उकलाना अनाज मंडी में पिछले 10 से 15 दिनों से किसान अपनी धान की फसल एमएसपी पर बेचने के लिये पहुंचे हुये हैं, लेकिन यहां पर धान की खरीद नहीं की जा रही, जिस कारण अनाज मंडी धान की फसल से अट चुकी है और किसान पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं।

किसानों ने आरोप लगाया कि धान खरीद न होने पर कोई भी अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहा और गंभीर नहीं है। किसानों ने कहा कि चुनाव होने के बाद भाजपा दोबारा सत्ता में आई है और किसानों को लेकर बड़े–बड़े दावे भी चुनाव के दौरान किये गये थे, लेकिन चुनाव परिणाम के दो दिनों बाद भी किसानों की हालत बुरी बनी हुई है और किसान अनाज मंडी में धान लेकर बैठे हुये हैं, लेकिन धान की खरीद नहीं हो पा रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने के बाद भी सरकार ने संज्ञान नहीं लिया और अनाज मंडी में धान की खरीद से सुचारु रूप से नहीं की गयी, तो वह अनाज मंडी के गेटों को ताले लगायेंगे। उधर, फतेहाबाद जिले से मिली खबरों के अनुसार धान की खरीद न होने के कारण बवाल मचा हुआ है। टोहाना में जहां बुधवार को रोड जाम किया गया, तो गुरुवार को फतेहाबाद में किसान एकत्रित होकर लघु सचिवालय पहुंचे और यहां प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य गेट पर धरना शुरू कर दिया। उधर भूना में भी चंडीगढ़ रोड पर कल किसानों ने जाम लगाया, जो दोपहर तक जारी रहा। किसान नेता मनदीप नथवान ने बताया कि खरीद 27 सितंबर से शुरू हो गयी है, लेकिन अभी तक राइस सेलर मिल्स से कोई डीलिंग नहीं हुई, जिस कारण सरकारी खरीद नहीं हो रही, निजी तौर पर कम रेटों में धान खरीदा जा रहा है। जिलेभर में धान की खरीद अभी तक शुरू नहीं हो पाई है, जबकि किसान ढेरियां लेकर मंडियों में कई–कई दिनों से बैठे हैं।

# हकृवि में मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

हिसार, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के कीट विज्ञान विभाग में गुरुवार को मधुमक्खी पालन पर सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन (एनबीएचएम) एवं राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (एनबीबी) द्वारा प्रायोजित परियोजना के तहत इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 28 अधिकारी एवं जवान भाग ले रहे हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि मधुमक्खी पालन कृषि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण व्यवसाय के रूप में विकसित हो रहा है। मधुमक्खी पालन कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ रोजगार सृजन में भी अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे व सीमांत किसान, भूमिहीन और बेरोजगार युवक मधुमक्खी पालन को एक वैकल्पिक व्यवसाय के तौर पर अपना सकते हैं। हरियाणा मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में अग्रणी प्रदेश है। भारत दुनिया के प्रमुख शहद निर्यातक देशों में से एक है। हमारे देश में शहद उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक अन्य देशों में निर्यात किया जा रहा है। देश को श्वेत क्रांति, हरित क्रांति और नीली क्रांति के बाद अब 'मीठी क्रांति' की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी अनाज उत्पादन की बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग करने से मधुमक्खियों को नुकसान होता है। इसलिए किसान कीटनाशकों का प्रयोग सीमित मात्रा में करें।

श्री कम्बोज ने कहा कि हमारा देश अपनी विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण जैव विविधता से समृद्ध है। विश्व में सबसे अधिक जैव विविधता हमारे देश में पाई जाती है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन के माध्यम से जैव विविधता को और अधिक बढ़ावा दिया जा सकता है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा मधुमक्खी पर शोध कार्य, मधुमक्खी का सरल एवं कम अवधि का प्रशिक्षण, विभिन्न प्रसार माध्यमों द्वारा इसका प्रचार एवं प्रसार एवं ऋण सुविधायें/सरकारी आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान मंत्रालय ने पहले चार कृषि इनपुट के रूप में बीज, खाद, सिंचाई व कीटनाशक को निवेश के बाद अब मधुमक्खी पालन को कृषि के पांचवे निवेश के रूप में दर्जा दिया है।

अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी वैज्ञानिकों द्वारा मधुमक्खी पालन से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन को स्वरोजगार से जोडक़र आमदनी को कैसे बढ़ाया जा सकता है, इसके बारे में भी बताया जायेगा। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि किसानों को मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन तथा मशरूम की खेती के बारे में जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा तमाम जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि किसान अपनी आय में बढ़ोतरी कर सके। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय जल्द ही सैनिकों के लिए तीन महीने का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रहा है जिसमें कृषि व कृषि से संबंधित सभी व्यवसायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कीट विज्ञान की अध्यक्ष डॉ. सुनीता यादव ने सभी का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. मनोज कुमार ने पारित किया। मंच का संचालन डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अजमेर की सड़कों को सुधारने का काम तेजी से किया जा रहा है : देवनानी

**अजमेर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि शहर की सड़कों को सुधारने के लिये तेजी से काम किया जा रहा है, जिससे अजमेर की सड़कें सुधरेगी और यातायात सुगम होगा।

श्री देवनानी गुरुवार को अजमेर के वार्ड संख्या 80 में 42 लाख की लागत से सीसी सड़कों के निर्माण कार्यों का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिये हाल ही में सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 10 करोड़ रूपए की स्वीकृति जारी की है। शीघ्र ही और भी सड़कों के काम शुरू किये जायेंगे।उन्होंने कहा कि इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण शहर में बहुत सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयीं थीं। इन सड़कों को सुधारने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। हाल ही में 24 सड़कों के सुधार के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की है। इसी तरह अन्य सड़कों के कार्य भी शीघ्र शुरू करवाए जायेंगे।

देवनानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय जारी संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत से अधिक कार्य आरम्भ हो गये हैं। तेलंगाना हाउस का आवंटन निरस्त किया गया है। साइन्स पार्क का पुनः शिलान्यास किया गया है।

# अपराधी या तो अपराध छोड़ दें या प्रदेश : भजनलाल

**जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कानून का इकबाल बुलंद रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता और इसे सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी बताते हुए कहा है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ इतना होना चाहिए कि या तो वे अपराध छोड़ दें अथवा प्रदेश छोड़कर चले जाएं।

मुख्यमंत्र भजन लाल शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर गृह विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को चाकचौबंद बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ काम करे। उन्होंने महिलाओं एवं अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के प्रति अपराधों में कमी लाने के लिए पुलिस तंत्र की हौसला अफजाई की वहीं साइबर अपराध और अवैध नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि आपकी सजगता एवं सतर्कता कानून व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि राज्य में अराजकता और अशांति फैलाने का इरादा रखने वाले असामाजिक तत्वों की रोकथाम के लिए पुलिस खूफिया तंत्र और मुखबिर व्यवस्था का बेहतरीन उपयोग करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें।

श्री शर्मा ने कहा कि साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस लगातार काम कर रही है तथा साइबर थानों का गठन भी किया गया है। उन्होंने भरतपुर में साइबर अपराध को रोकने के लिए किए जा रहे कामों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम पर पुलिस विभाग लगातार मॉनिटरिंग करे। साथ ही पुलिस विभाग की प्रतिमाह समीक्षा की जाए। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य में लगभग 90 हजार सीएलजी सदस्य तथा 31 हजार 441 ग्राम रक्षक हैं। कम्यूनिटी पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, समाज में जागरूकता तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोगी भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जाए तथा अपराध को रोकने में जो पुलिस का सहयोग कर रहे हैं, उन लोगों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाए। साथ ही अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग की सजगता एवं सर्तकता के चलते गत वर्ष की तुलना में राज्य में अपराधों का ग्राफ तेजी से गिरा है। राज्य स्तर पर कुल अपराधों में राज्य में 7.3 प्रतिशत की कमी आई है।




साथ ही महिला अत्याचारों में भी 8.8 प्रतिशत की कमी तथा अनुसूचित जाति–जनजाति अत्याचार के मामलों में भी 13.96 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए मादक पदार्थ सामाजिक एवं सेहत की दृष्टि से बेहद नुकसानदेह है। नशे की प्रवृत्ति पूरा परिवार समाप्त कर देती है। नारकोटिक्स विभाग जिम्मेदारी तय करते हुए नशे के विरूद्ध कार्रवाई करें। हमारा लक्ष्य है कि मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति से युवाओं को बचाया जाए।

श्री शर्मा ने जेलों में मोबाइल फोन संबंधी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए इनकी भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं होने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल परिसर में अपराधियों द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल पाए जाने पर संबंधित जेल कार्मिक की जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पेपरलीक प्रकरणों में एसओजी द्वारा किए जा रहे अनुसंधानों की तारीफ करते हुए कहा कि पूरे देश में एसओजी की कार्रवाई की वाह–वाही हो रही है। राज्य सरकार ने इन प्रकरणों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर कार्य किया। पुलिस विभाग मजबूत रहने से देश में राज्य की साख बढ़ती है।

उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण में राजस्थान की पुलिस बेहतरीन कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बैठक में पुलिस थानों में वुमन हेल्प डेस्क की स्थापना, प्रत्येक जिले में महिला थाना, नवीन पुलिस चौकियों की स्थापना, पुलिस चौकी व थाना क्रमोन्नयन, साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, पुलिस थानों में इन्टरनेट कनेक्टिविटी, सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग सहित विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुलिस विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, कारागार विभाग, अभियोजन, गृहरक्षा विभाग की बजटीय घोषणाओं की समीक्षा तथा भविष्य की कार्ययोजना के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया।

## केंद्र ने हरियाणा को 1947 करोड़ रुपए किए हस्तांतरित: सैनी

**चंडीगढ़, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार ने हरियाणा को 1947 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण किया है। यह जानकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोशल मीडिया एक्स पर दी है।




उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस इस राशि का इस्तेमाल हर वर्ग को लाभ पहुंचाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश की बुनियादी संरचना को मजबूत करने वाली परियोजनाओं को और तेजी से पूरा करने में किया जायेगा और इससे हरियाणा के नॉन–स्टॉप विकास को गति देने में मदद मिलेगी।

# भाजपा की प्रचंड जीत मोदी सरकार की नीतियों पर जनता के विश्वास की जीत : पूनिया

**जयपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने जा रही हैं, इससे देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है वहीं भाजपा हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां को जयपुर में बधाइयां देने का सिलसिला जारी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम के दिन ही जयपुर लौटकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे डा पूनियां को प्रदेशभर से पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी जयपुर पहुंचकर हरियाणा में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने की बधाई दे रहे हैं। गुरुवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल एवं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने डा पूनियां से मिलकर उन्हें बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा पूनियां ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की प्रचंड जीत मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर हरियाणा के किसानों, जवानों, खिलाड़ियों सहित सभी 36 कौम के अटूट विश्वास की मुहर है। डा पूनियां से मिलकर बधाई देने वाले भाजपा नेताओं में भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र गोठवाल,श्रवण सिंह बगड़ी, भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, विधायक आदूराम मेघवाल, विश्वनाथ मेघवाल, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, जयपुर ग्रेटर डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश मीडिया संयोजक विमल कटियार आदि शामिल थे।



## होटल संचालक पर गोलीबारी कर रंगदारी मांगने के मामले में दो गिरफ्तार

**सीकर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में कावट रोड पर स्थित एक होटल संचालक को जान से मारने की धमकी देकर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने गुरुवार को बताया कि कांवट बाइपास स्थित श्री श्याम होटल पर कल रात करीब 8.30 बजे तीन युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर पहुंचे। उन्होंने होटल मालिक राकेश कुमार सामोता से नमकीन ली। दोनों बदमाश पैसा दिए बगैर जाने लगे तो होटल संचालक ने उन्हें टोका। इस पर उन्होंने दो गोलियां चलाई और काउंटर पर एक पर्ची छोड़कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि पर्ची में एमजी ग्रुप 6565 और आजाद ग्रुप का हवाला देते हुए 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गई। फिरौती नहीं देने पर घर जलाने की धमकी दी गई। श्री यादव ने बताया कि इस पर 12 सदस्यीय पुलिस दल ने गहन जांच पड़ताल के बाद आरोपी लोकेश कुमार मीणा और रौकी सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# रावण दहन के साथ करें सामाजिक बुराइयों का वध

## हमारे समाज में तमाम बुराइयां हैं जिनका वध बहुत जरूरी



आज हर तरफ फैले भ्रष्टाचार और अन्याय रूपी अंधकार को देखकर मन में हमेशा उस उजाले की चाह रहती है जो इस अंधकार को मिटाए। कहीं से भी कोई आस ना मिलने के बाद हमें हमारी संस्कृति के ही कुछ पन्नों से आगे बढ़ने की उम्मीद मिलती है। हम सबने रामायण को किसी ना किसी रुप में सुना, देखा और पढ़ा ही होगा। रामायण हमें यह सीख देती है कि चाहे असत्य और बुरी ताकतें कितनी भी ज्यादा हो जाएं पर अच्छाई के सामने उनका वजूद एक ना एक दिन मिट ही जाता है। अंधकार के इस मार से मानव ही नहीं भगवान भी पीड़ित हो चुके हैं लेकिन सच और अच्छाई ने हमेशा सही व्यक्ति का साथ दिया है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर - जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दशहरा। नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित करने के बाद दशमी के दिन बुराई पर जीत के रूप में विजयदशमी मनाई जाती है। इस दिन श्रीराम ने लंका के राजा रावण का वध करके अन्याय पर न्याय की स्थापना की थी। इसके अलावा इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार भी किया था इसलिए भी इसे विजयदशमी के रुप में मनाया जाता है। 12 अक्तूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। दशहरा के दिन रावण के पुतले का दहन किया जाता है। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 12 अक्तूबर प्रातः 10:58 मिनट से शुरू होगी और इसका समापन तिथि का समापन: 13 अक्तूबर 2024, प्रातः 09:08 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार दशहरा का त्योहार इस साल 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। रावण सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि तमाम बुराइयों का प्रतीक है, जिसका हर दशहरे पर वध किया जाता है। आज के दौर में हमारे समाज में तमाम बुराइयां हैं जिनका वध बहुत जरूरी है।

### एक नजर कलयुग के 10 रावणों पर

**बलात्कार –** देश में हर रोज बलात्कार की घटनाएं होती हैं, जिनमें हर चौथी पीड़िता नाबालिग बालिका होती है। ये डराने वाले आंकड़े बताते हैं कि हम इनसान से शैतान होते जा रहे हैं। कलियुग में इस बुराई रूपी रावण का वध करने के लिए हमें ही पहल करनी होगी।

**गंदगी–** स्वच्छता को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाने के बावजूद गंदगी से हमारा पीछा नहीं छूट रहा है। इसके लिए जिम्मेदार भी हम ही हैं। देश में हर रोज एक लाख मीट्रिक टन कचरा निकलता है। इसके प्रबंधन की समुचित व्यवस्था नहीं है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हम नेताओं को बुरा-भला कहते रहते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल 45 फीसदी भारतीयों ने अपना काम निकलवाने के लिए रिश्वत का सहारा लिया।

**प्रदूषण –** दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 14 भारत में हैं। प्रदूषक कण पीएम 2.5 का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। इस दशहरे हमें इस रावण को हर हाल में खत्म करना होगा।

**अशिक्षा–** अगर समाज शिक्षित नहीं होगा तो उसका विकास भी नहीं होगा। वर्तमान में भारत में 25 फीसदी लोग शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करके ही बेहतर समाज की नींव रखी जा सकती है। गरीबी-गरीबी रूपी अभिशाप से पीछा छुड़ाना आसान नहीं है। भारत की 30 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जिंदगी बसर करने को मजबूर है। हम इस रावण को रोजगार रूपी हथियार से ही खत्म कर पाएंगे।

### अंधविश्वास : आज भी जादू-टोने पर विश्वास

हम भले ही 21वीं सदी में पहुंच गए हैं, लेकिन अंधविश्वास रूपी रावण का अंत नहीं हो पाया है। हाल ही में 20 बाबा ब्लैकलिस्ट हो चुके हैं। फिर भी लोगों का जादू-टोने की शरण में जाना बंद नहीं हुआ है।

### रावण की जीवन सीख

रामायण के अनुसार जब रावण अपने अंतिम समय में था, तो राम ने लक्ष्मण को अपने पास बुलाया। राम ने लक्ष्मण से कहा कि रावण नीति, राजनीति और शक्ति का महान ज्ञाता है। ऐसे समय में जब वह संसार से विदा ले रहा है, तुम उसके पास जाकर जीवन की कुछ शिक्षा ले। राम की बात मानकर जब लक्ष्मण रावण के पास गए, तो रावण ने उन्हें तीन बातें बताईं

### शुभस्य शीघ्रम

रावण ने लक्ष्मण को शिक्षा दी कि शुभ कार्य करने में कभी देरी नहीं करनी चाहिए। जैसे ही किसी शुभ कार्य का चिंतन हो या मन में विचार आए उसे तुरंत कर डालना चाहिए। इसके अलावा अशुभ को जितना टाल सकते हो उसे टाल दो।

### शत्रु छोटा नहीं

लक्ष्मण को रावण ने जो दूसरी सीख दी वह यह थी कि कभी भी अपने प्रतिद्वंद्वी या शत्रु को खुद से छोटा या कमतर नहीं समझना चाहिए। रावण ने स्वीकारा कि यह उसकी सबसे बड़ी भूल थी। रावण ने वानर और भालू सेना को कमतर आंका और अपना सब कुछ नष्ट कर बैठा।

### रहस्य न बताओ

महाज्ञानी रावण ने लक्ष्मण को तीसरा ज्ञान यह दिया कि अपने रहस्य कभी किसी को नहीं बताने चाहिए। रावण ने लक्ष्मण से कहा कि मेरे मृत्यु से जुड़ा रहस्य यदि में किसी को नहीं बताता तो आज मेरी मृत्यु नहीं होती। लेकिन मैने यह रहस्य अपने भाई को भरोसा कर बताया जिसके कारण आज में मृत्यु शैया पर पड़ा हूं। सभी लोग ये मानते हैं कि रावण श्रीराम के अलावा कभी किसी से नहीं हारा। लेकिन बहुत कम लोग ये जानते हैं रावण श्रीराम के अलावा भी अन्य 4 शक्तिशाली योद्धाओं से हारा था।

### सहस्त्रबाहु अर्जुन से भी हारा रावण

वाल्मीकि रामायण के अनुसार, जब राक्षसराज रावण ने सभी राजाओं को जीत लिया, तब वह महिष्मती नगर (वर्तमान में महेश्वर) के राजा सहस्त्रबाहु अर्जुन को जीतने की इच्छा से उनके नगर गया। रावण ने सहस्त्रबाहु अर्जुन को युद्ध के लिए ललकारा। नर्मदा के तट पर ही रावण और सहस्त्रबाहु अर्जुन में भयंकर युद्ध हुआ। अंत में सहस्त्रबाहु अर्जुन ने रावण को बंदी बना लिया। जब यह बात रावण के पितामह (दादा) पुलस्त्य मुनि को पता चली तो वे सहस्त्रबाहु अर्जुन के पास आए और रावण को छोडऩे के लिए निवेदन किया। सहस्त्रबाहु अर्जुन ने रावण को छोड़ दिया और उससे मित्रता कर ली।

### शिवजी से रावण की हार

रावण बहुत शक्तिशाली था और उसे अपनी शक्ति पर बहुत ही घमंड था। रावण इस घमंड के नशे में शिवजी को हराने के लिए कैलाश पर्वत पर पहुंच गया था। रावण ने शिवजी को युद्ध के लिए ललकारा, लेकिन महादेव तो ध्यान में लीन थे। रावण कैलाश पर्वत को उठाने लगा। तब शिवजी ने पैर के अंगूठे से ही कैलाश का भार बढ़ा दिया, इस भार को रावण उठा नहीं सका और उसका हाथ पर्वत के नीचे दब गया। इस हार के बाद रावण ने शिवजी को अपना गुरु बनाया था।

### राजा बलि के महल में रावण की हार

धर्म ग्रंथों के अनुसार, पृथ्वी व स्वर्ग की जीतने के बाद रावण पाताल लोक को जीतना चाहता था। उस समय दैत्यराज बलि पाताल लोक के राजा थे। एक बार रावण राजा बलि से युद्ध करने के लिए पाताल लोक में उनके महल तक पहुंच गया था। वहां पहुंचकर रावण ने बलि को युद्ध के लिए ललकारा, उस समय बलि के महल में खेल रहे बच्चों ने ही रावण को पकड़कर घोड़ों के साथ अस्तबल में बांध दिया था। इस प्रकार राजा बलि के महल में रावण की हार हुई।

### जब बालि से हारा रावण

रावण परम शक्तिशाली थी।अन्य योद्धाओं को हरा कर वह स्वयं को सर्वशक्तिमान साबित करना चाहता था। जब रावण को पता चला कि वानरों का राजा बालि भी परम शक्तिशाली है तो वह उससे लड़ने किष्किंधा पहुंच गया। बालि उस समय पूजा कर रहा था। रावण ने बालि को युद्ध के लिए ललकारा तो बालि ने गुस्से में उसे अपनी बाजू में दबा लिया और समुद्रों की परिक्रमा करने लगा। रावण ने बालि के बाजू से निकलने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। पूजा के बाद जब बालि ने रावण को छोड़ तो वह निढाल हो चुका था। इसके बाद रावण को बालि को अपना मित्र बना लिया।


### दशहरे का महत्व

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि दशहरा संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है। दश यानी बुराई और हरा यानी खत्म करना। इस तरह दशहरे का अर्थ हुआ बुराई का नाश करके अच्छाई की पुर्नस्थापना करना। विश्वविख्यात भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि विजयदशमी वर्ष के श्रेष्ठ मुहूर्त बसंत पंचमी और अक्षय तृतीया की तरह ही शुभ माना गया है। विजयदशमी के दिन कोई भी अनुबंध हस्ताक्षर करना हो गृह प्रवेश करना हो नया व्यापार आरंभ उतरना हो या किसी भी तरह का लेनदेन का कार्य करना हो तो उसके लिए श्रेष्ठ फलदाई माना गया है। दशहरे का पर्व साल के सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक माना गया है। यह तीन मुहूर्त में से एक है, साल का सबसे शुभ मुहूर्त - चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, अश्विन शुक्ल दशमी, वैशाख शुक्ल तृतीया। यह अवधि किसी भी चीज की शुरूआत करने के लिए उत्तम है। दशहरा बौद्ध धर्म के लिए भी बहुत महत्व रखता है। कहा जाता है इसी दिन से मौर्य शासन की शुरुआत हुई थी और अशोक ने अंहिसा को त्याग बौद्ध धर्म अपना लिया था। आज सत्य पर असत्य की जीत का सबसे बड़ा त्योहार दशहरा मनाया जा रहा है। विजयदशमी का त्योहार पूरे देश में बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है। आज के दिन अस्त्र-शस्त्र का पूजन और रावण दहन के बाद बड़ो के पैर छूकर आशीर्वाद लेने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस दिन माना जाता है कि अगर आपको नीलकंठ पक्षी के दर्शन हो जाए तो आपके सारे बिगड़े काम बन जाते हैं। नीलकंठ पक्षी को भगवान का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरे पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन होने से पैसों और संपत्ति में बढ़ोतरी होती है। मान्यता है कि यदि दशहरे के दिन किसी भी समय नीलकंठ दिख जाए तो इससे घर में खुशहाली आती है और वहीं, जो काम करने जा रहे हैं, उसमें सफलता मिलती है।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

# सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को जोड़ने का पर्व है दशहरा



सत्य पर असत्य की जीत का सबसे बड़ा त्यौहार दशहरा 12 अक्टूबर को मनाया जायेगा। विजयदशमी का त्योहार पूरे देश में बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है। आज के दिन अस्त्र-शस्त्र का पूजन और रावण दहन के बाद बड़ो के पैर छूकर आशीर्वाद लेने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। अजमेर की प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि इस साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 12 अक्तूबर प्रातः 10:58 मिनट से शुरू होगी और इसका समापन तिथि का समापन: 13 अक्तूबर 2024, प्रातः 09:08 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार दशहरा का त्योहार इस साल 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन जगह जगह रावण दहन किया जाता है। कहा जाता है कि रावण के पुतले को जला हर इंसान अपने अंदर के अहंकार, क्रोध का नाश करता है। इस दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि रावण का वध करने कुछ दिन पहले भगवान राम ने आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा की और फिर उनसे आशीर्वाद मिलने के बाद दशमी को रावण का अंत कर दिया।

दशमी को ही मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था। इसलिए इसे विजयदशमी के रूप में मनाया जाता है। देशभर में अलग-अलग जगह रावण दहन होता है और हर जगह की परंपराएं बिल्कुल अलग हैं। इस दिन शस्त्रों की पूजा भी की जाती है। इस दिन शमी के पेड़ की पूजा भी की जाती है। इस दिन वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, सोना, आभूषण नए वस्त्र इत्यादि खरीदना शुभ होता है। दशहरे के दिन नीलकंठ भगवान के दर्शन करना अति शुभ माना जाता है। इस दिन माना जाता है कि अगर आपको नीलकंठ पक्षी के दर्शन हो जाए तो आपके सारे बिगड़े काम बन जाते हैं। नीलकंठ पक्षी को भगवान का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरे पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन होने से पैसों और संपत्ति में बढ़ोतरी होती है। मान्यता है कि यदि दशहरे के दिन किसी भी समय नीलकंठ दिख जाए तो इससे घर में खुशहाली आती है और वहीं, जो काम करने जा रहे हैं, उसमें सफलता मिलती है।

रावण ज्योतिष का प्रकांड विद्वान था। अपने पुत्र को अजेय बनाने के लिए इन्होंने नवग्रहों को आदेश दिया था कि वह उनके पुत्र मेघनाद की कुंडली में सही तरह से बैठें। शनि महाराज ने बात नहीं मानी तो उन्हें बंदी बना लिया। रावण के दरबार में सारे देवता और दिग्पाल हाथ जोड़कर खड़े रहते थे। हनुमान जी जब लंका पहुंचे तो इन्हें रावण के बंधन से मुक्त करवाया।रावण के अशोक वाटिका में एक लाख से अधिक अशोक के पेड़ के अलावा दिव्य पुष्प और फलों के वृक्ष थे। यहीं से हनुमान जी आम लेकर भारत आए थे। रावण एक कुशल राजनीतिज्ञ, सेनापति और वास्तुकला का मर्मज्ञ होने के साथ-साथ ब्रह्म ज्ञानी तथा बहु-विद्याओं का जानकार था। उसे मायावी इसलिए कहा जाता था कि वह इंद्रजाल, तंत्र, सम्मोहन और तरह-तरह के जादू जानता था। उसके पास एक ऐसा विमान था, जो अन्य किसी के पास नहीं था। इस सभी के कारण सभी उससे भयभीत रहते थे।

### दशहरा तिथि

दशमी तिथि का आरंभ: 12 अक्तूबर प्रातः 10:58 मिनट पर

तिथि का समापन: 13 अक्तूबर 2024, प्रातः 09:08 मिनट पर

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा.अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार ऐसे में दशहरा 12 अक्तूबर 2024 को मनाया जाएगा।

### शुभ संयोग

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विजयदशमी के दिन श्रवण नक्षत्र का होना बहुत शुभ होता है, और इस साल इसका संयोग बन रहा है। बता दें श्रवण नक्षत्र 12 अक्तूबर को सुबह 5:25 मिनट से प्रारंभ होकर 13 अक्तूबर को सुबह 4:27 मिनट पर समाप्त हो रहा है। इसके साथ ही कुंभ राशि में शनि शश राजयोग, शुक्र और बुध लक्ष्मी नारायण योग के साथ शुक्र मालव्य नामक राजयोग का निर्माण कर रहे हैं।

### पान देता है आरोग्य

विजयादशमी पर पान खाने, खिलाने तथा हनुमानजी पर पान अर्पित करके उनका आशीर्वाद लेने का महत्त्व है। पान मान-सम्मान, प्रेम एवं विजय का सूचक माना जाता है। इसलिए विजयादशमी के दिन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद दहन के पश्चात पान का बीणा खाना सत्य की जीत की ख़ुशी को व्यक्त करता है। वहीं शारदीय नवरात्रि के बाद मौसम में बदलाव के कारण संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी पान का सेवन पाचन क्रिया को मज़बूत कर संक्रामक रोगों से बचाता है।

### शुभ दिन है मांगलिक कार्यों के लिए

विजयादशमी सर्वसिद्धिदायक है इसलिए इस दिन सभी प्रकार के मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। मान्यता है कि इस दिन जो कार्य शुरू किया जाता है उसमें सफलता अवश्य मिलती है। यही वजह है कि प्राचीन काल में राजा इसी दिन विजय की कामना से रण यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं, रामलीला का आयोजन होता है और रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। इस दिन बच्चों का अक्षर लेखन, दुकान या घर का निर्माण, गृह प्रवेश, मुंडन, अन्न प्राशन, नामकरण, कारण छेदन, यज्ञोपवीत संस्कार आदि शुभ कार्य किए जा सकते हैं। परन्तु विजयादशमी के दिन विवाह संस्कार निषेध माना गया है। क्षत्रिय अस्त्र-शास्त्र का पूजन भी विजयादशमी के दिन ही करते हैं।

### दशहरा पर किया जाता है शस्त्र पूजन

ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि दशहरा के दिन शस्त्र पूजन करने की परंपरा सदियों पुरानी है। आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी को शस्त्र पूजन का किया जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के पूजन के बाद दशहरे का त्योहार मनाया जाता है। विजयदशमी पर मां दुर्गा का पूजन किया जाता है। मां दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं। भारत की रियासतों में शस्त्र पूजन धूम-धाम से मनाया जाता था। अब रियासतें तो नही रहीं लेकिन परंपराएं शाश्वत हैं। यही कारण है कि इस दिन आत्मरक्षार्थ रखे जाने वाले शस्त्रों की भी पूजा की जाती है। हथियारों की साफ-सफाई की जाती है और उनका पूजन होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाले कामों का शुभ फल अवश्य प्राप्त होता है। यह भी कहा जाता है कि शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के लिए इस दिन शस्त्र पूजा करनी चाहिए।

### नीलकंठ का दिखना क्यों शुभ है?

जब श्रीराम रावण का वध करने जा रहे थे। उसी दौरान उन्हें नीलकंठ के दर्शन हुए थे। इसके बाद श्रीराम को रावण पर विजय मिली थी। यही वजह है कि नीलकंठ का दिखना शुभ माना गया है। इस दिन सभी अपने शस्त्रों का पूजन करते है। सबसे पहले शस्त्रों के ऊपर जल छिड़क कर पवित्र किया जाता है फिर महाकाली स्तोत्र का पाठ कर शस्त्रों पर कुंकुम, हल्दी का तिलक लगाकर हार पुष्पों से श्रृंगार कर धूप-दीप कर मीठा भोग लगाया जाता है। शाम को रावण के पुतले का दहन कर विजया दशमी का पर्व मनाया जाता है। इसी तरह की कई और बातें हैं जो दशहरा के दिन की जाती है। इनमें से एक है, आज के दिन पान का बीड़ा हनुमानजी के चढ़ाना और उसके बाद इसे खाना। पान हनुमाजी को बहुत पसंद है।



ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा
अजमेर

## भूल भुलैया 3 का ट्रेलर रिलीज

# विद्या बालन-माधुरी दीक्षित 2 मंजुलिका के बीच फंसे रूह बाबा कार्तिक आर्यन




कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 का हॉरर और कॉमेडी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। कार्तिक आर्यन के फैंस को उनके रूह बाबा वाले अवतार को एक बार फिर देखने का बेसब्री से इंतजार है। फैंस का आधा इंतजार खत्म हो चुका है, क्योंकि ट्रेलर में उन्हें कार्तिक आर्यन का रूह बाबा वाला अवतार दिख चुका है। इस बार फिल्म में विद्या बालन की मंजुलिका बनकर एंट्री हुई है। साथ ही माधुरी दीक्षित भी मंजुलिका बनकर आई हैं।फिल्म के पहले पार्ट में विद्या ने शानदार काम किया था और फिल्म के दूसरे पार्ट में दर्शकों को विद्या की कमी खली थी। बता दें, कार्तिक आर्यन और फिल्म की टीम भूल भुलैया 3 का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए जयपुर पहुंचे थे। भूल भुलैया 3 का ट्रेलर सिनेमा का मंदिर कहे जाने वाले जयपुर के राज मंदिर से लॉन्च हुआ है।भूल भुलैया 3 की ट्रेलर की शुरुआत ही डरावनी है, जिसमें मंजुलिका की एंट्री होती है। पहले विद्या बालन अपना मंजुलिका वाला हॉरर अवतार दिखाती हैं इसके बाद फिल्म के कॉमेडी सीन और इसके किरदार के चेहरे सामने आने लगते हैं, जिसमें कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन के अलावा माधुरी दीक्षित, विजय राज, राजपाल यादव, संजय मिश्रा, मनीष वाधवा के सीन दिखते हैं। वहीं, ट्रेलर के अंत होने से पहले बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित की बतौर सबसे बड़ी मंजुलिका की एंट्री होती है। इसके बाद दोनों मंजुलिका में टक्कर होती है और फिर आखिर में य दोनों कार्तिक आर्यन की दुश्मन बन जाती हैं।कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, विजय राज, राजपाल यादव, संजय मिश्रा, मनीष वाधवा स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म को अनीज बज्मी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 1 नवबंर को रिलीज होने जा रही है। इस दिन रोहित शेट्टी की मल्टीस्टारर कॉप एक्शन फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज हो रही है। दोनों ही दमदार फिल्में दिवाली के मौके पर रिलीज होने जा रही हैं।

# ऑल ब्लैक आउटफिट पहन नेहा धूपिया दिखीं गॉर्जियस

## बेटे को पैपराजी के कैमरे से बचाती आईं नजर



बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया इन दिनों भले ही फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं, लेकिन वो आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। ये ही नहीं एक्ट्रेस जब भी कही पर जाती हैं तो पैपराजी की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती हैं। अब हाल ही में नेहा धूपिया अपने बेटे को लेकर कही पर जा रही थी। इस दौरान वो अपने बेटे को पैपराजी की नजरों से बचाती हुई नजर आईं।

एक्ट्रेस नेहा धूपिया आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।वो हमेशा अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कराण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। अब हाल ही में पैपराजी ने उन्हें कही पर जाते हुए स्पॉट किया।इस दौरान एक्ट्रेस ने ऑल ब्लैक कलर का आउटफिट पहना हुआ था। आखों में सनग्लासेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।खुले बाल, नो मेकअप लुक और हाथों में डियॉर का बैग पकड़कर एक्ट्रेस बेहद ही खूबसूरत लुक में नजर आईं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपने बेटे को पैपराजी के कैमरे से बचाती हुई दिखाई दे रही हैं।बता दें एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स भी पहन कर शेयर करती रहती हैं।

# फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स को मिली रिलीज तारीख




दिवगंत अभिनेता ऋषि कपूर और दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर की बेटी रिद्धिमा कपूर अपने भाई-अभिनेता रणबीर कपूर के नक्शे पर चल रही हैं।दरअसल, रिद्धिमा अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं। वह जल्द ही वेब सीरीज फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स में नजर आएंगी।यह 2020 में आई वेब सीरीज फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का तीसरा भाग है।अब फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स की रिलीज तारीख पर्दा उठ गया है।फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स का प्रीमियर 18 अक्टूबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।इसके पहले दो भागों में नीलम कोठारी, भावना पांडे, महीप कपूर और सीमा खान जैसे अभिनेत्रियां नजर आई थीं और अब इसके तीसरे भाग में इनके साथ रिद्धिमा भी अभिनय दिखाई देंगी।फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स की टीजर भी रिलीज हो गया है, जिसमें तमाम कलाकारों की झलक दिख रही है।फिल्म की पोस्टर पहले ही सामने आ चुका है।




# अदा शर्मा की रीता सान्याल का ट्रेलर जारी

## 14 से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

पिछले काफी समय से अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी वेब सीरीज रीता सान्याल को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस सीरीज में अदा पहली बार वकील की भूमिका में नजर आने वाली हैं।अब निर्माताओं ने रीता सान्याल का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो सस्पेंस और एक्शन से भरपूर है।ट्रेलर में अदा अलग-अलग किरदार में नजर आ रही हैं। इसके अलावा वकील बन वह एक मौत की गुत्थी सुलझाती हुई दिखाई दीं।रीता सान्याल का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने वाला है। इस सीरीज को आप 14 अक्टूबर, 2024 से देख सकते हैं।डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर वेब सीरीज का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, कानून की हर लड़ाई दिलचस्प होगी, क्योंकि अब मैदान में है रीता सान्याल।रीता सान्याल से अदा की झलक पहले ही सामने आ चुकी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया।अदा ने कहा, मैं हमेशा से रीता सान्याल जैसा किरदार निभाना चाहती थी। मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे टाइपकास्ट नहीं किया गया और मुझे कुछ सराहनीय, कुछ डरावने, कुछ प्यारे किरदार निभाने को मिले। लेकिन जिस पल मैंने रीता सान्याल की स्क्रिप्ट पढ़ी, मुझे लगा कि यह शो मेरे लिए ही है।अदा ने बताया, यह सीरीज एक लड़की के सामने आने वाली चुनौतियों का सार प्रस्तुत करती है जो एक वकील और जासूस के रूप में बड़ा नाम बनाने की कोशिश कर रही है। जो चीज इसे पहले देखी गई चीजों से अलग बनाती है, वह यह है कि रीता सान्याल कॉमिक बुक पढने जैसा है। यह मजेदार और रोमांचकारी है। इस सीरीज में राहुल देव, अंकुर राठी और माणिक पपनेजा जैसे स्टार कलाकार भी शामिल होंगे।

पैन इंडिया स्टार प्रभास की हर एक फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं। प्रशंसक प्रभास की हर एक फिल्म को लेकर जानकारी प्राप्त करते रहते हैं। कल्कि 2898 एडी की आपार सफलता के बाद प्रभास की आगामी फिल्म स्पिरिट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस जानकारी से प्रभास के प्रशंसक बेहद खुश होने वाले हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म स्पिरिट में प्रभास डबल रोल में नजर आएंगे। प्रभास एक पुलिस अधिकारी के रूप में दिखेंगे, जबकि दूसरी भूमिका में वे मुख्य विलेन का किरदार निभाएंगे। यानी की प्रभास एक ही फिल्म में हीरो और खलनायक का रोल निभाते नजर आएंगे। प्रभास को डबल रोल में देखना उनके प्रशंसकों के लिए काफी रोमांचक और अनोखा अनुभव रहेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निगेटिव रोल में प्रभास की एंट्री फिल्म के इंटरवल के बाद होगी, जो कि फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ की शुरुआत को संकेत देगी।एनिमल फिल्म से प्रसिद्धी हासिल कर चुके निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा को उनके बेहतरीन निर्देशन के लिए जाना जाता है। वहीं, प्रभास को निगेटिव अवतार में देखना निश्चित रूप से दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगा। प्रभास और संदीप के प्रोजेक्ट स्पिरिट को लेकर यही अनुमान लगाया जा सकता है कि यह एक यादगार फिल्म होगी। हालांकि, प्रभास के डबल रोल को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस जानकारी ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर और अधिक जिज्ञासा पैदा कर दी है। प्रभास का दोहरी भूमिका में आना दर्शकों की उम्मीदों को और भी बढ़ाता है।

# जॉन अब्राहम की वेदा अब ओटीटी पर देगी दस्तक

## 12 अक्टूबर से जी5 पर होगी स्ट्रीम




पिछले साल शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ जॉन अब्राहम ने ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान दी थी। इस मूवी की रिकॉर्ड तोड़ सफलता के बाद एक्शन-स्टार जॉन अब्राहम ने इस साल वेदाळ के साथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक किया था। निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित, एक्शन से भरपूर ड्रामा मे शरवरी वाघ ने भी अहम रोल निभाया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 अगस्त को श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की स्त्री 2 और अक्षय कुमार स्टारर खेल खेल में के साथ रिलीज हुई थी।हालांकि स्त्री 2 के बज के चलते वेदा बॉक्स ऑफिस के नंबर्स में काफी पीछे रह गई और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। लेकिन फिल्म में जॉन और शरवरी की दमदार एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी। वहीं अब ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। चलिए यहां जानते हैं वेदाळ ओटीटी पर कब और कहां रिलीज होगी?वेदा बॉक्स ऑफिस पर बेशक कमाई नहीं कर पाई है लेकिन फिल्म की कहानी और इसके एक्शन सीक्वेंस की खूब तारीफ हुई है। वहीं अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक जी5 ने वेदा के स्ट्रीमिंग राइट्स खरीदे हैं और फिल्म का प्रीमियर 12 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होने की उम्मीद है। हालाँकि, इस बारे में अभी तक प्लेटफॉर्म या मेकर्स द्वारा कुछ भी ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया गया है।फिल्म ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 26 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने घरेलू बाजार में वेदा का लाइफटाइम कलेक्शन 20 करोड़ रुपये था। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि ओटीटी प्रीमियर के बाद वेदा को दर्शकों से किस तरह का रिस्पॉन्स मिलता है। बता दें कि वेदा में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ के अलावा अभिषेक बनर्जी ने भी अहम रोल प्ले किया है।

# लोग मुझे बिग बॉस 18 में देखेंगे तो वे मेरे बारे में जानने के लिए उत्सुक होंगे: चुम दरांग

बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट और गंगूबाई काठियावाड़ी और बधाई दो जैसी फिल्मों की एक्टर चुम दरांग ने लेखकों को अपनी सलाह दी है। उन्होंने इस बात पर चर्चा की है कि किस तरह पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों की प्रतिभा को निखारा जा सकता है।पूर्वोत्तर की प्रतिभाओं को बॉलीवुड में अधिक भूमिकाएं मिलने के बारे में चुम ने कहा, इसके लिए लेखकों को अधिक मेहनत करनी होगी, कुछ किरदार बदलने होंगे और फिर पूर्वोत्तर के लोगों के लिए अधिक लिखना होगा। मुझे लगता है कि चीजें वैसे भी बदल रही हैं।सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले बिग बॉस जैसे रियलिटी शो में उन्हें क्या प्रेरणा मिली? इस बारे में उन्होंने कहा, बिग बॉस एक ऐसा शो है जिसे लोग देखते हैं। यह एक बहुत बड़ा शो है। मेरे शो में आने से लोग मेरे गृह राज्य अरुणाचल प्रदेश के बारे में अच्छे तरीके जान जाएंगे। यहां आकर लोगों को अपने गृह राज्य के बारे में बताना शानदार तरीका होगा।उन्होंने आगे कहा, मेरा उद्देश्य है कि अगर लोग मुझे शो में देखेंगे तो वे मेरे बारे में जानने के लिए उत्सुक होंगे। मेरा यही उद्देश्य है कि भारत के पूर्व में अरुणाचल प्रदेश नाम की एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां भारत में सबसे पहले सूरज उगता है। मैं चाहती हूं कि लोग इसके बारे में जानें। इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। लोग मेरे और मेरे गृह राज्य के बारे में और जानना चाहते थे।कई सौंदर्य प्रतियोगिता जीतने वाली चुम खुद को मजेदार और थोड़ा चिड़चिड़ा बताती हैं।



उन्होंने कहा, इसके लिए आपको मुझे देखना होगा। हाउस के अंदर मेरी यात्रा को देखना होगा। मुझे लगता है कि एक व्यक्ति के रूप में मैं मिलनसार हूं, मैं मजेदार हूं। कभी-कभी मैं थोड़ी चिड़चिड़ी हो जाती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मैं मजेदार हूं।उनके अंदर सबसे बड़ी उत्सुकता यह थी कि वह सलमान खान को व्यक्तिगत रूप से देख पाएंगी। उन्होंने कहा कि वह बहुत उत्साहित हैं क्योंकि उन्होंने हमेशा उन्हें स्क्रीन पर देखा है। वह शो में मस्ती करने, खेल को ठीक से खेलने और नए दोस्त बनाने के लिए उत्सुक हैं।

# संदीप वांगा रेड्डी की फिल्म स्पिरिट पर नया अपडेट





पैन इंडिया स्टार प्रभास की हर एक फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं। प्रशंसक प्रभास की हर एक फिल्म को लेकर जानकारी प्राप्त करते रहते हैं। 2898 एडी की आपार सफलता के बाद प्रभास की आगामी फिल्म स्पिरिट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस जानकारी से प्रभास के प्रशंसक बेहद खुश होने वाले हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म स्पिरिट में प्रभास डबल रोल में नजर आएंगे। प्रभास एक पुलिस अधिकारी के रूप में जबकि दूसरी भूमिका में वे मुख्य विलेन का किरदार निभाएंगे। यानी की प्रभास एक ही फिल्म में हीरो और खलनायक का रोल निभाते नजर आएंगे। प्रभास को डबल रोल में देखना उनके प्रशंसकों के लिए काफी रोमांचक और अन-ोखा अनुभव रहेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निगेटिव रोल में प्रभास एंट्री फिल्म के इंटरवल के बाद होगी, जो कि फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ की शुरुआत को संकेत देगी।एनिमल फिल्म से प्रसिद्धी हासिल कर चुके निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा को उनके बेहतरीन निर्देशन के लिए जाना जाता है। वहीं, प्रभास को निगेटिव अवतार में देखना निश्चित रूप से दर्शकों लिए एक नया अनुभव होगा। प्रभास और संदीप के प्रोजेक्ट स्पिरिट को लेकर यही अनुमान लगाया जा सकता है कि यह एक यादगार फिल्म होगी। हालांकि, प्रभास के डबल रोल को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस जानकारी ने दर्शकों के बीच फिल्म लेकर और अधिक जिज्ञासा पैदा कर दी है। प्रभास का दोहरी भूमिका में आना दर्शकों की उम्मीदों को और भी बढ़ाता है।

## जब ताज देखकर रतन टाटा ने कहा था

# मेरे दिल में बसा है ताज

**आगरा, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का बुधवार रात निधन हो गया। आगरा में वह 11 साल पहले ताजमहल देखने आए थे। उन्होंने तब यहां के उद्यमियों से भी मुलाकात की थी। एक सितंबर 2013 को रतन टाटा ने ताज देखते हुए कहा था, ताजमहल तो मेरे दिल में बसता है। विजिटर बुक में उन्होंने लिखा था, इंजीनियरिंग और वास्तुकला की महानतम प्रस्तुति है ताजमहल। यह न आज और न कल, ऐसा दोबारा नहीं बन सकता।

11 साल पहले ताज के दीदार के लिए रतन टाटा ग्रुप के को-ऑपरेटिव वाइस चेयरमैन डीके बेरी और मैक्सिको के उद्योगपति के साथ आए थे। वह एक घंटे तक ताजमहल परिसर में रहे। उन्होंने ताज की वास्तुकला और पच्चीकारी की जानकारी साथ चल रहे गाइड डॉ. मुकुल पांड्या से ली थी। आगरा की टाटा मोटर्स की डीलर डॉ. रंजना बंसल, चिकित्सक डॉ. डीवी शर्मा के साथ वह ताज परिसर में रहे। रतन टाटा ताजमहल के संरक्षण से भी जुड़े रहे थे। साल 2003 में टाटा ग्रुप ने ताजमहल कन्जरवेशन कोलेबरेटिव (टीएमसीसी) के जरिए



ताजमहल विजिटर सेंटर शुरू करने के लिए फंडिंग की थी, लेकिन पूर्वी गेट के संरक्षण का उनका सपना पूरा नहीं हो सका था।

उद्यमी डॉ. रंजना बंसल ने कहा, उद्यमी रतन टाटा के निधन से देश ने अपने एक रतन खो दिया है। उनकी नेतृत्व क्षमता अभूतपूर्व थी। लोगों के साथ उनके दुखदर्द में खड़े रहना और देश के लिए उनका प्यार, योगदान अविस्मरणीय है। ताजमहल उनके दिल में हमेशा रहा। जब वह आए, तब ताज में हम साथ थे।

कान्हा की नगरी में आकर भी रतन टाटा भाव विभोर हो गए थे। उन्होंने कहा था, ब्रजवासियों की सेवा करने से बड़ा पुण्य कोई और नहीं हो सकता है। वह मथुरा में एक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल के शुभारंभ के अवसर पर आए थे। 28 फरवरी 2016 को रतन टाटा मथुरा में नियति मल्टी सुपर स्पेशियलिटी के शुभारंभ अवसर पर आए थे। इस मौके पर उन्होंने कहा था कि छोटे शहरों में भी मरीजों को उपचार की सुविधा मिलनी चाहिए। बीमारी की वजह से पड़ने वाले शारीरिक, भावनात्मक और आर्थिक बोझ को कम करना उद्देश्य होना चाहिए। सभी को इस पर ध्यान देना होगा। दरअसल मथुरा को लेकर भी उन्होंने आगे का ख्वाब संजोया था। हालांकि यह अस्पताल बाद में बंद हो गया था।

पूर्व विधायक प्रदीप माथुर कहते हैं, रतना टाटा जमीन से जुड़े व्यक्ति थे। इतनी बड़ी हस्ती होने के बावजूद वे इतने सरल थे और उनका व्यवहार बेहद मधुर था। मेरी उनसे मथुरा में ही मुलाकात हुई थी। उनका जाना वास्तव में देश और समाज की बड़ी क्षति है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा, पूरे विश्व में भारत का परचम लहराने वाले रतन टाटा जैसे लोग विरले ही संसार में आते हैं। उन्होंने भारत की स्टील को एक ब्रांड बनाया। सच मायने में देश को नई दिशा देने में उनका योगदान अतुलनीय था। उनका जाना निश्चित रूप से पूरे देश के लिए बड़ी क्षति है। वह हर आयु वर्ग के दिल में हमेशा धड़कते रहेंगे। मथुरा की सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमामालिनी ने कहा, रतन टाटा जैसा व्यक्तित्व युगों में जन्म लेता है। उनका व्यवहार सभी के लिए अनुकरणीय था।उनका जाना देश के लिए बड़ी क्षति है।उन्हें शत-शत नमन करती हूं।

### रतन टाटा सच्चे अर्थों में देश के अनमोल रत्न थे : योगी

**लखनऊ, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मशहूर उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रख्यात उद्योगपति, पद्म विभूषण रतन टाटा का निधन अत्यंत दुःखद है। वह भारतीय उद्योग जगत के महानायक थे। उनका जाना उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। योगी ने कहा, रतन टाटा का सम्पूर्ण जीवन देश के औद्योगिक और सामाजिक विकास को समर्पित था। वे सच्चे अर्थों में देश के अनमोल रत्न थे। सीएम योगी ने उनके शोकाकुल परिजनों और प्रशंसकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की। यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

# मुलायम के परिवारवाद की बेल में फलफूल रहे 13 रिश्तेदार

**इटावा, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह के परिवारवाद की राजनीतिक बेल में उनके दर्जनभर से अधिक रिश्तेदार फलफूल रहे हैं। मुलायम सिंह यादव के बाद की तीसरी पीढ़ी भी अब राजनीति में सक्रिय हो रही है। मुलायम के पुत्र अखिलेश यादव की बड़ी बेटी अदिति यादव ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी मां डिंपल यादव और पिता अखिलेश यादव के लिए गांव-गांव घूमकर मैनपुरी और कन्नौज में चुनाव मांगे थे। नेता जी की पौत्री पूरे चुनाव में आकर्षण का केंद्र बनी थी।

मुलायम परिवार के ही पांच रिश्तेदार सांसद हैं। एक रिश्तेदार राज्यसभा सांसद और एक विधायक हैं। इस तरह मुलायम के करीब दर्जनभर से अधिक रिश्तेदार सक्रिय राजनीति में हैं। सपा परिवार देश की तीसरे नंबर की सबसे मजबूत पार्टी के रूप में अपना स्थान बनाए हुई है। मुलायम के बेटे अखिलेश यादव के राजनीतिक कौशल और चाचा प्रो. रामगोपाल यादव एवं शिवपाल सिंह यादव के अनुभव के साथ ही पार्टी नाम कमा रही है।

मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधु के लिए चाचा शिवपाल सिंह यादव यादव समेत पूरे परिवार ने एक होने का संदेश देकर लगभग 2.88 लाख वोटों से डिंपल यादव की जीत दर्ज कराई थी। 2024 के भी लोकसभा चुनाव में भी अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी ने बड़ी जीत हासिल करके सपा के 37 सांसद सदन तक पहुंचाने का काम किया। 2024 के चुनाव के बाद सदन में भले ही मुलायम सिंह नहीं थे, लेकिन पहली बार उनकी साइकिल पर सवार 37 सांसद लोकसभा पहुंचे।

मुलायम परिवार के रिश्तेदारों में पुत्र अखिलेश यादव सांसद, बहू डिंपल यादव सांसद, भतीजा धर्मेंद्र यादव सांसद, भतीजा आदित्य यादव सांसद और भतीजा अक्षय यादव सांसद हैं। मुलायम के चचेरे भाई प्रो. रामगोपाल यादव राज्यसभा सदस्य हैं। मुलायम के सगे भाई शिवपाल यादव विधायक हैं। मुलायम के भतीजे अभिषेक यादव जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। मुलायम के पौत्र तेज प्रताप यादव पूर्व सांसद हैं। मुलायम के भतीजे की पत्नी मृदुला यादव सैफई की ब्लॉक प्रमुख हैं। मुलायम के भांजे अरविंद यादव पूर्व एमएलसी हैं। मुलायम के बहनोई अजंट सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख हैं। मुलायम के एक भांजे की पत्नी मीनाक्षी यादव ब्लॉक प्रमुख हैं।

मुलायम सिंह यादव कुनबे के तीसरी पीढ़ी की एंट्री 2014 में मुलायम सिंह यादव ने स्वयं कराई थी। उन्होंने अपनी परमपरांगत मैनपुरी सीट छोड़कर पौत्र और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को लड़ाया था। 26 साल की उम्र में पहली बार वह मैनपुरी से सांसद बने थे। 2024 के लोस चुनाव में तेज प्रताप यादव को कन्नौज से लड़ाने का ऐलान किया गया था, लेकिन वहां के कार्यकर्ता अखिलेश यादव के लड़ने की मांग पर अड़े हुए थे। इस पर तेज प्रताप का नाम वापस लेकर खुद अखिलेश ने ही चुनाव लड़ा था। उन्होंने यहां से जीत दर्ज करने के बाद करहल विधानसभा सीट को छोड़ दिया था। तब से ही अखिलेश की विरासत तेज प्रताप के सभालने की चर्चाएं चल रही थीं।

### उपचुनाव में भी भी अखिलेश ने उतारे रिश्तेदार

**अलीगढ़, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। वह बोले विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने अभी छह सीटें घोषित की हैं। इनमें से पांच सीटों पर अपने परिजन और नेताओं के रिश्तेदारों को ही टिकट दिया है। चौधरी ने कहा, सपा और कांग्रेस में सबको पता है कि कल दोनों ही परिवार (गांधी व मुलायम) का कोई वारिस ही उन पार्टियों का मुखिया होगा। भाजपा में किसी को नहीं पता कि कल कौन प्रदेश या राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा। भाजपा में कोई नहीं जानता कि कल कौन प्रदेश अथवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा। भाजपा आम कार्यकर्ता को आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि लोग कांग्रेस के नेगेटिव एजेंडे से सावधान रहे।

# केजीबीवी की 76,000 बालिकाओं को मिला गाइड प्रशिक्षण



**लखनऊ, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस पहल की है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत शैक्षिक रूप से पिछड़े इलाकों से आने वाली अपवंचित वर्ग की बालिकाओं को गाइड प्रशिक्षण दिलाकर उनके भविष्य को सुरक्षित किया गया है। तीन दिवसीय आवासीय गाइड प्रशिक्षण में 76,000 से अधिक बालिकाओं ने भाग लिया।

योगी सरकार के इस कदम से प्रशिक्षण ले चुकी बालिकाओं को जहां बीएड, डीएलएड में नंबर का भारांक मिलने की राह आसान हुई है, वहीं सड़क परिवहन एवं रेलवे की स्काउट/गाइडिंग की भर्ती में इन्हें वरीयता मिलने से इनका भविष्य भी चमकने की उम्मीद जगी है। बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह का कहना है कि प्रदेश की सभी 746 केजीबीवी में गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया है। इन विद्यालयों में 2,238 गाइड यूनिट्स पंजीकृत की गईं, जिनके माध्यम से योगी सरकार ने 76,000 बालिकाओं के गाइड प्रशिक्षण का कार्य पूरा किया है। इस प्रशिक्षण से भविष्य में बालिकाओं को अनेक लाभ मिलेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें भारांक का लाभ तो मिलेगा ही, नौकरी मिलने में भी सहूलियतें मिलेंगी।

केजीबीवी में पढ़ाई कर रही बालिकाओं के हित को ध्यान में रखते हुए उनके प्रशिक्षण को शीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया गया। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के निर्देशन में प्रदेश के प्रत्येक केजीबीवी में तीन गाइड यूनिट्स पंजीकृत की गईं, और प्रत्येक में 32 बालिकाओं को शामिल किया गया। छोटी-छोटी यूनिट्स में बंटी बालिकाओं को आसानी से प्रशिक्षण देकर उन्हें निडर, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का पूरा प्रयास किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालिकाओं को स्काउटिंग/गाइडिंग के नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई। इन्हें गांठें बांधना, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स का उपयोग और झोली तिकोनी पट्टी से पत्तियां बांधने जैसी तकनीकें भी सिखाई गईं। शिविर के दौरान प्रत्येक रात कैंप फायर का आयोजन किया गया, जहां खुले में भोजन बनाने और विपदाओं के समय जीवन यापन के तरीकों को भी सिखाया गया।

यह प्रशिक्षण न केवल छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, और आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि भविष्य में उनके लिए कई शैक्षिक और रोजगार के अवसर भी खोलेगा। उदाहरण के लिए, इन बालिकाओं को बीएड और डीएलएड में अंक का भारांक मिलेगा, और सड़क परिवहन एवं रेलवे में होने वाली स्काउट गाइडिंग की भर्तियों में प्राथमिकता दी जाएगी। इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए भी सशक्त होंगी।

केजीबीवी बालिकाओं को प्रशिक्षित करने की तैयारी को जून माह में ही अंतिम रूप दे दिया गया था। 24 से 30 जून के मध्य सात दिवसीय आवासीय शिविर में प्रत्येक मंडल की चयनित शिक्षिकाओं को गाइड कैप्टन के रूप में प्रशिक्षित किया गया था।

# ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में : मुख्यमंत्री

## एमपीआईटी गोरखपुर के प्रथम बैच के छात्रों से सीएम योगी का संवाद





**गोरखपुर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी।

सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। आवश्यकता है खुद को वैश्विक स्तर के अनुरूप खुद को तैयार करने की। हमें अभिभावकों की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना है।

इसके लिए छात्र और शिक्षक कदम से कदम मिलाकर चलें। नेशनल-इंटरनेशनल जर्नल्स का नियमित अध्ययन करें और खुद को ई-लाइब्रेरी की तरफ अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश रोजगार का बड़ा हब बन रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश आज के तकनीकी दौर की महत्वपूर्ण जरूरत सेमी कंडक्टर का हब बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। इसमें सीधे निवेश के साथ कई गुना चक्रीय निवेश भी हो रहा है। इसके अनुरूप प्रशिक्षित श्रम उपलब्ध कराने के लिए आगे आने की जिम्मेदारी तकनीकी संस्थाओं की है।

सीएम योगी ने कहा कि कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनियाभर में विख्यात सिलिकॉन वैली में भारत का दबदबा है और इसमें उत्तर प्रदेश के युवाओं की बड़ी हिस्सेदारी है। सिलिकॉन वैली, हैदराबाद और बेंगलुरु के बाद उत्तर प्रदेश को भी इस दिशा में तीव्रतम गति से आगे बढ़ना है। इसी लक्ष्य को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में स्थापित हो रहा है।

विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश के पंद्रह अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

उन्होंने बताया किएमपीआईटी परिसर के अलग-अलग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, समेत कई एकीकृत पाठ्यक्रम भी संचालित होंगे। ग्लोबल स्टैंडर्ड के पाठ्यक्रम से जुड़कर विद्यार्थी यहां प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स, माइनर डिग्री कोर्स और एडवांस कोर्स के जरिये खुद को संबंधित उद्योग-सेवा के क्षेत्र के अनुरूप तैयार कर सकेंगे।

संवाद कार्यक्रम में सीएम योगी ने फैकल्टी का आह्वान किया कि वे ग्लोबल मार्केट की डिमांड का अध्ययन करें और उसके अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करें। हमारा जोर मॉडर्न एज कोर्सेज पर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि टाटा कंसल्टेंसी इस पर खासा काम कर रही है। यदि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में यदि हम मॉडर्न एज कोर्सेज पर फोकस करेंगे तो यह शत प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1956 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने पहला पॉलिटेक्निक शुरू किया था। आज महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक प्रदेश के टॉप पोलिटेक्निक्स में से एक है। इसी प्रेरणा से हमें मिलकर महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) को आने वाले पांच साल में यूपी का टॉप इंस्टिट्यूट बनाना है। इसके लिए आवश्यक है कि संस्था को इंडस्ट्री से जोड़ा जाए और युवाओं को सतत स्किल्ड बनाया जाए।

एमपीआईटी के प्रथम बैच के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में कई विद्यार्थियों में ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी, रोजगार आदि विषय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रश्न भी किए। सीएम योगी ने सभी के प्रश्नों पर अपना मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल भी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में स्वागत संबोधन एमपीआईटी के निदेशक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने तथा आभार ज्ञापन एमपी पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल प्रकाश सिंह ने किया।

# मुख्यमंत्री ने शक्ति के पर्व पर की मां की आराधना

### शारदीय नवरात्रि में योगी ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन

**बलरामपुर 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन किए।

दो दिवसीय बलरामपुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने बुधवार को समीक्षा बैठक की, फिर मेडिकल कॉलेज व निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया था। इसके बाद गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंचे। शारदीय नवरात्रि में गुरुवार की सुबह उन्होंने मां के चरणों में शीश झुकाकर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

मुख्यमंत्री ने जगतजननी मां भगवती से सुखी-स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं का भी



जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर प्रांगण स्थित गोशाला भी गए। यहां उन्होंने सभी गायों को गुड़ व चारा खिलाया। सीएम ने नाम लेकर गायों को पुकारा तो वे भी गोरक्षपीठाधीश्वर के पास दौड़ते चली आईं। सीएम ने गोसेवा करते हुए गोशाला की व्यवस्था को भी देखा। मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया। यहां आए दर्शनार्थियों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। वहीं मंदिर में आये नन्हे-मुन्नो को मुख्यमंत्री ने चॉकलेट भी दिया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई आदि की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने का मंत्र भी दिया। मुख्यमंत्री मंदिर में थारू जनजाति छात्रावास के बच्चों से भी मिले। उनकी शिक्षा, खानपान, रहने आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी भी मौजूद रहे।



# बांग्लादेश पर टी-20 मैच जीत के बाद नीतीश कुमार ने कहा-ऐसा प्रदर्शन दोहराना चाहता हूं

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी 20 में मैच जीताउ प्रदर्शन के बाद, भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर की सराहना की, जिन्होंने उन्हें स्वतंत्रता और निडरता के साथ खेलने दिया।

अपने दूसरे ही टी20 मैच में नीतीश ने 74 रनों की धमाकेदार पारी खेली और दो विकेट चटकाए। इससे भारत ने बुधवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश पर 86 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। मैच के बाद नीतीश ने कहा कि शुरुआत में उन्होंने समय लिया, लेकिन महमदुल्लाह की नो बॉल के बाद सब कुछ उनके पक्ष में हो गया। उन्होंने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करना शानदार लगता है, इस पल पर बहुत गर्व है। हर चीज के लिए आभारी हूं। मुझे कप्तान और कोच को श्रेय देना चाहिए। उन्होंने मुझे निडर क्रिकेट खेलने की छूट दी। मैंने शुरुआत में समय लिया, लेकिन उस नो बॉल के बाद सब कुछ मेरे पक्ष में हो गया। भारतीय टीम के लिए खेलना शानदार लगता है। मैं इसी तरह खेलना चाहता हूं। ऐसे अच्छे प्रदर्शन दोहराना चाहता हूं।

मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर अरुण जेटली स्टेडियम में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एक समय भारत केवल 41 रन पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रहा था, लेकिन नीतीश (34 गेंदों में 74) और रिंकू सिंह (29 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन) ने 108 रनों की मैच बचाने वाली साझेदारी की। हार्दिक पांड्या (19 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 20 ओवरों में 221/9 तक पहुंचाया। रिशाद हुसैन (3/55) और तस्कीन अहमद (2/16) बांग्लादेश के शीर्ष गेंदबाज थे।

222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शुरुआत में रन-रेट बनाए रखा, लेकिन लगातार विकेट खोते रहे। महमदुल्लाह (39 गेंदों में 41 रन, तीन छक्के) को छोड़कर कोई भी अच्छी पारी नहीं खेल सका और बांग्लादेश ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 135 रन बनाए। भारत ने 86 रन से जीत दर्ज की। वरुण चक्रवर्ती (2/19) और नीतीश (2/23) भारत के शीर्ष गेंदबाजों में शामिल थे। अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, वाशिंगटन सुंदर और रियान पराग को एक-एक विकेट मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### शाकिब ने विरोध प्रदर्शन के दौरान चुप्पी के लिए मांगी माफी, विदाई टेस्ट के दौरान प्रशसंकों से की समर्थन की अपील

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन ने बुधवार को अपना राजनीतिक रुख स्पष्ट



कर दिया, जिससे उनके लिए बांग्लादेश में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विदाई टेस्ट खेलने का रास्ता साफ हो गया, जैसा कि उन्होंने उम्मीद की थी। इससे पहले, युवा और खेल सलाहकार, आसिफ महमूद शोजिब भुयान ने जोर देकर कहा था कि शाकिब को सुरक्षा मांगने से पहले अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी। शाकिब पर पिछले महीने एक हत्या के मामले में शामिल होने का भी आरोप लगाया गया था। शेख हसीना के शासन के पतन के दो महीने बाद, उन्होंने आखिरकार छात्र आंदोलन पर अपने रुख पर चुप्पी तोड़ी। पूर्व सांसद ने उस दौरान चुप रहने के लिए माफी मांगी और इस महीने के अंत में अपने घर में होने वाले अपने अंतिम टेस्ट मैच में लोगों से समर्थन मांगा। शाकिब ने बुधवार को अपने आधिकारिक फेसबुक पोस्ट में लिखा, सबसे पहले, मैं उन सभी छात्रों को सम्मानपूर्वक याद करता हूँ जिन्होंने भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन का नेतृत्व करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया या घायल हुए। मैं उनके और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि और संवेदना व्यक्त करता हूँ। हालाँकि कोई भी बलिदान कभी भी प्रियजनों के नुकसान की पूरी तरह से भरपाई नहीं कर सकता है, लेकिन एक बच्चे या भाई को खोने का दर्द अपूर्णीय है। आप में से जो लोग इस महत्वपूर्ण समय के दौरान मेरी चुप्पी से आहत या निराश महसूस करते हैं, मैं उनकी भावनाओं को स्वीकार करते हुए ईमानदारी से माफ़ी माँगता हूँ। अगर मैं आपकी स्थिति में होता, तो शायद मैं भी ऐसा ही महसूस करता। शाकिब ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया कि जब वह सफेद कपड़ों में अंतिम बार मैदान पर उतरेंगे तो वे उनके साथ खड़े रहें।

### चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल लाहौर से स्थानांतरित होने की रिपोर्ट गलत : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल किसी भी हाल में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। पीसीबी ने कहा कि फाइनल तय कार्यक्रम के अनुसार लाहौर में ही होगा। वहीं गत दिवस आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारतीय टीम के कारण फाइनल यूएई में खेला जाएगा। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है, तो दोनों देशों के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव के कारण मुकाबले को दुबई में रखा जा सकता है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि फाइनल के अलावा, सेमीफाइनल को भी स्थानांतरित किया जा सकता है। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने सुरक्षा कारणों से जुलाई 2008 के बाद से ही पाक का दौरा नहीं किया है। दोनो ही देशों के बीच राजनीतिक संबंध भी तनावपूर्ण हैं। ऐसे में सरकार टीम को पाक भेजने का खतरा मौल नहीं ले सकती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भारतीय बोर्ड अपने मैच स्थानांतरित करने को कह सकता है। वहीं पीसीबी का मानना है कि ऐसा नहीं होगा। पाक बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी की पूरी मेजबानी अपने यहां करने की पुष्टि करते हुए कहा, दोनो सरकारों के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव के बावजूद, पीसीबी एक सफल और निर्बाध टूर्नामेंट सुनिश्चित करने के अपने रुख पर कायम है।

### एचआईएल से नई प्रतिभाएं सामने आएगी: सलिमा टेटे



**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने एक बार फिर से हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की शुरुआत पर खुशी जतायी है। सलीमा ने कहा कि इस लीग से युवा खिलाड़ियों को तराशने में सहायता मिलेगी। इससे टीम के पास बैकअप के तौर पर कई अच्छी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी। इस साल के अंत में शुरू होने वाली इस बहुप्रतीक्षित लीग की सात साल बाद वापसी हो रही है। हॉकी इंडिया ने एचआईएल में महिलाओं की अलग स्पर्धा पहली बार आयोजित करना तय किया है। ये पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। यह लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो आयोजन स्थलों रांची और राउरकेला में खेली जाएगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ तो महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। सलीमा ने कहा, 'मैं एचआईएल की शुरुआत को लेकर बेहद उत्साहित हूं, यह सात साल बाद दोबारा शुरू हो रहा है और इस बार इसमें महिला लीग भी है। पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर बात कर रही थी। इसमें हमें अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों से मिलने, उनके साथ खेलने का अवसर मिलेगा। इससे हम अपने प्रदर्शन में सुधार ला सकेंगे। उन्होंने साथ ही कहा, 'इससे युवा खिलाड़ियों को खेल को बेहतर समझने का मौका मिलेगा। करियर की शुरुआत में ही दबाव वाले पेशेवर माहौल में खेलने से उन्हें बेहतर अनुभव मिलेगा।

## महिला टी20 विश्वकप

# श्रीलंका को हराकर भारत ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

### अरुंधति-शोभना को 3-3 विकेट मिले

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

महिला टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने अपने तीसरे मैच में श्रीलंका पर जीत हासिल की है। ग्रुप-ए के इस मुकाबले में मिली 82 रन की इस बड़ी जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। आज की इस दमदार प्रदर्शन से टीम के नेट रनरेट में भी काफी सुधार हुआ है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 172 रन बनाए थे, जिसके जवाब में श्रीलंका 90 रन ही बना सकी।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर के अर्धशतक की बदौलत 172 रन बनाए। मंधाना ने 38 गेंदों में 4 चौकों और 1 छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत ने 27 गेंदों में 1 छक्के और 8 चौकों की मदद से 52 रन बनाए। वहीं शेफाली वर्मा 43, जेमिमा रॉड्रिग्स 16 और रिचा घोष ने 6 रन बनाए। श्रीलंका के लिए चमाली आटापट्टू और अमा कंचना ही एक-एक विकेट ले सके। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ओवर में ही बिना खाता खोले विश्मी गुनारत्ने पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान चमारी आटापट्टू (एक रन) और हर्शिता समरविक्रमा (3 रन) भी जल्दी ही आउट हो गए। 6 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद कविशा दिलहारी (21



रन) और अनुष्का संजीवनी (20 रन) ने टीम को आधार देने की कोशिश की और चौथे विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की। इनके बाद सिर्फ अमा कंचना ही 19 रन बना सकीं। बाकी कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। भारत की तरफ से अरुंधती रेड्डी और आशा शोभना ने 3-3 विकेट झटके, जबकि रेणुका सिंह ने 2 और श्रेयंका पाटिल व दीप्ती शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। भारतीय टीम ग्रुप स्टेज का अपना आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।जहां सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय टीम को हर हाल जीत हासिल करनी होगी।

### रामहैरक की करिश्माई गेंदबाजी, बांग्लादेश को 103 पर रोका

**शारजाह, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

करिश्मा रामहैरक की करिश्माई गेंदबाजी (17 रन पर चार विकेट) की बदौलत वेस्टइंडीज ने गुरुवार को यहां खेले जा रहे महिला टी-20 विश्वकप के 13वें मुकाबले में बंगलादेश को 103 रन पर रोक दिया। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। अपने कप्तान के निर्णय को सही ठहराते हुए करिश्मा रामहैरक ने चार ओवर में 17 रन देकर बंगलादेश के चार विकेट झटक लिए। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और स्कोर बोर्ड पर 18 रन जुड़ते ही रामहैरक ने सलामी बल्लेबाज शाति रानी (नौ) को कैंपबेल के हाथों स्टम्प आउट करा दिया। रामहैरक ने पांचवे ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (19) को बोल्ड कर बंगलादेश को दूसरा झटका दे दिया। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए कप्तान निगार सुल्ताना (39) और शोभना मोस्तारी ने संभलकर खेलते हुए टीम के स्कोर को 73 रनों तक पहुंचा कर अच्छे स्कोर की उम्मीदें जगाई थी लेकिन रामहैरक ने फिर अपना करिश्मा दिखाते हुए शोभना मोस्तारी को विकेटकीपर कैंपबेल के हाथों स्टम्प आउट कराकर वेस्टइंडीज को तीसरी सफलता दिला दी। मोस्तारी ने 16 रन बनाए। इसके बाद फ्लेचर ने 14वें ओवर में ताज नेहर को कैंपबेल के हाथों कैच करा वेस्टइंडीज को चौथी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में इसी स्कोर पर फ्लेचर ने शोर्णा अख्तर को शून्य पर बोल्ड कर दिया। रामहैरक ने रितु मोनी को हेनरी के हाथों कैच आउट करा अपना चौथा विकेट लिया।

# हैरी ब्रूक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 3,000 रन

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने क्रिकेट करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 3,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लिए हैं। 78 अंतरराष्ट्रीय मैचों और 83 पारियों में, ब्रूक ने 44.64 की शानदार औसत से 3,125 रन बनाए हैं। उनके रिकॉर्ड में सात शतक और 17 अर्द्धशतक शामिल हैं, जो सभी प्रारूपों में उनकी निरंतरता और कौशल को उजागर करते हैं।

टेस्ट क्रिकेट में, ब्रूक ने 19 मैच खेले हैं, जिसमें 58.58 की असाधारण औसत से 1,699 रन बनाए हैं। उन्होंने 31 पारियों में छह शतक और नौ अर्द्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 186 रन रहा है।

वनडे में भी उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है, उन्होंने 20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 39.94 की औसत से 719 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर नाबाद 110 रन है। ब्रुक का टी20आई में भी प्रदर्शन उल्लेखनीय है; उन्होंने 39 मैचों में भाग लिया है, जिसमें उन्होंने 30.73 की औसत और 146 से अधिक की शानदार स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन अर्द्धशतक दर्ज किए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 81* रहा है।

उल्लेखनीय रूप से, ब्रूक भारत के मोहिंदर अमरनाथ और श्रीलंका के अरविंद डी सिल्वा के साथ



पाकिस्तान में विदेशी खिलाड़ी के रूप में सबसे अधिक संयुक्त शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने देश में केवल छह पारियों में अपना चौथा शतक लगाकर यह उपलब्धि हासिल की है।

पाकिस्तान में खेले गए अपने चार मैचों और छह पारियों में, ब्रूक ने 121.80 के असाधारण औसत से 609 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और एक अर्धशतक शामिल है, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 153 रहा है। ब्रूक ने पाकिस्तानी धरती पर लगातार चार टेस्ट मैचों में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज के रूप में इतिहास रच दिया है।

इंग्लैंड वर्तमान में मुल्तान में पाकिस्तान से खेल रहा है, जहाँ इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त किया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20,000 रन के आंकड़े तक पहुँचने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बनने से केवल सात रन दूर हैं। दिन का खेल खत्म होने तक रूट 277 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 176* रन बनाकर नाबाद थे। उनके रन 63 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से आए। रूट के साथ ब्रूक 141 रन बनाकर नाबाद हैं।

### इंग्लैंड ने एक ही दिन में 396 रन बनाकर पाक पर शिकंजा कसा

**मुल्तान।** इंग्लैंड ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक ही दिन में 396 रन बना डाले। इससे पहले पाक टीम ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाये थे। इंग्लैंड की टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए पाक गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। अब मुल्तान टेस्ट में बाजी पलट गयी है और पाकिस्तान पर 550 रन से ज्यादा बनाकर भी हार का खतरा मंडरा रहा है।

# आईसीसी चैलेंज लीग बी : सिंगापुर के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगा मेजबान युगांडा

**कंपाला, 10 अक्टूबर।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चैलेंज लीग बी का आयोजन 4 से 16 नवंबर तक कंपाला और एंटेबे में होगा। मेजबान युगांडा अपना अभियान सिंगापुर के खिलाफ शुरू करेगा।



आईसीसी द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार, युगांडा 6 नवंबर को सिंगापुर का सामना करेगा और तीन दिन बाद तंजानिया के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में युगांडा 10 नवंबर को हांगकांग, चीन, 13 नवंबर को इटली और 16 नवंबर को बहरीन के खिलाफ मैच के साथ अपना अभियान समाप्त करेगा।

चैलेंज लीग बी 2027 एकदिनी क्रिकेट विश्व कप के लिए योग्यता मार्ग के रूप में कार्य करता है, जिसकी मेजबानी जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया करेंगे।

स्थानीय आयोजन समिति के अध्यक्ष फ्रेड लुटाया ने बुधवार को सिन्हुआ को बताया कि युगांडा एक बार फिर एक हाई-प्रोफाइल टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए उत्साहित है जो विश्व कप के लिए योग्यता प्रक्रिया का हिस्सा है। लुटाया ने कहा, हमें विश्वास है कि आईसीसी आयोजनों की मेजबानी करने के हमारे अनुभव के कारण, हम एक सफल टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे।

युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) में संचार और विपणन प्रमुख डेनिस मुसाली ने कहा कि राष्ट्रीय टीम कई अंतरराष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैचों के साथ अपनी तैयारी जारी रखे हुए है। टीम ने पिछले महीने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ चार अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और आगे के प्रशिक्षण और विभिन्न दक्षिण अफ्रीकी टीमों के खिलाफ मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की।

# भारतीय टीम सभी परिस्थितियों में अच्छी बल्लेबाजी करती है : तस्कीन अहमद

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने बुधवार को भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मिली हार के बाद भारतीय टीम के दृष्टिकोण और निष्पादन की प्रशंसा की। बुधवार को दिल्ली में खेले गए दूसरे टी20 मैच में भारत ने बांग्लादेश को 86 रनों से हरा दिया।



### तस्कीन ने भारत के प्रदर्शन की तारीफ की

पोस्ट मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में तस्कीन ने कहा, भारत ने वाकई बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। वे ऐसा सिर्फ भारतीय परिस्थितियों में ही नहीं बल्कि सभी परिस्थितियों में करते हैं। उन्होंने अंत तक अच्छी बल्लेबाजी की। तस्कीन ने विभिन्न परिस्थितियों में भारत की अनुकूलन क्षमता और लगातार प्रदर्शन की तारीफ की।

बांग्लादेश के प्रमुख ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के बारे में बात करते हुए तस्कीन ने कहा, शाकिब हमेशा हमारे लिए महत्वपूर्ण रहे हैं, लेकिन हमें इस वास्तविकता को स्वीकार करना होगा कि वह संन्यास लेने जा रहे हैं। वह हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं।

### अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद हम खरे नहीं उतरे

तस्कीन ने बांग्लादेश के बल्लेबाजी प्रदर्शन का खुलकर आकलन करते हुए कहा, विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा था, लेकिन हमने अपनी क्षमता के अनुसार अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद, टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और पिच का फायदा उठाने में विफल रही। अपने प्रदर्शन पर तस्कीन ने कहा, मैंने बस अपनी योजना को क्रियान्वित करने का प्रयास किया। मैं पहले गेम की तुलना में अधिक स्पष्ट था।

इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर अरुण जेटली स्टेडियम में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एक समय भारत केवल 41 रन पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रहा था, लेकिन नीतीश (34 गेंदों में 74) और रिंकू सिंह (29 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन) ने 108 रनों की मैच बचाने वाली साझेदारी की। हार्दिक पांड्या (19 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 20 ओवरों में 221/9 तक पहुंचाया। रिशाद हुसैन (3/55) और तस्कीन अहमद (2/16) बांग्लादेश के शीर्ष गेंदबाज थे।

222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शुरुआत में रन-रेट बनाए रखा, लेकिन लगातार विकेट खोते रहे। महमदुल्लाह (39 गेंदों में 41 रन, तीन छक्के) को छोड़कर कोई भी अच्छी पारी नहीं खेल सका और बांग्लादेश ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 135 रन बनाए। भारत ने 86 रन से जीत दर्ज की। वरुण चक्रवर्ती (2/19) और नीतीश (2/23) भारत के शीर्ष गेंदबाजों में शामिल थे। अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, वाशिंगटन सुंदर और रियान पराग को एक-एक विकेट मिला। भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली है। नीतीश ने अपने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

# खेल जगत ने दी रतन टाटा को श्रद्धांजलि, बोले देश ने एक महान रत्न खो दिया

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) समेत खेल जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने टाटा समूह के मानद चेयरमैन और प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

बोर्ड ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बीसीसीआई रतन टाटा जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। विभिन्न क्षेत्रों में उनके अमूल्य योगदान ने भारत के विकास और सफलता की कहानी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जुनून, सहानुभूति, दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार और उत्कृष्टता के सिद्धांतों पर आधारित उनकी असाधारण विरासत आने वाले वर्षों में भावी पीढ़ियों को प्रेरित और मार्गदर्शन करती रहेगी।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने लिखा कि रतन टाटा जी के निधन से बहुत दुख हुआ। उनके नेतृत्व, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण ने विरासत के लिए एक उल्लेखनीय मानक स्थापित किया। उनके प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। आत्मा को शांति मिले।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फोटो स्टोरी के माध्यम से पोस्ट करते हुए लिखा कि आप हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे सर। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रतन टाटा के निधन पर एक्स पर लिखा कि एक ऐसे व्यक्ति जिसका दिल सोने जैसा था। सर, आपको हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा, जिसने वास्तव में दूसरों की परवाह की और अपना जीवन दूसरों की बेहतरी के लिए जिया।

वहीं सूर्यकुमार यादव ने कहा, दयालुता का प्रतीक, सबसे प्रेरणादायक, एक आदमी का चमत्कार। सर, आपने बहुत सारे दिलों को छू लिया है। आपका जीवन राष्ट्र के लिए वरदान रहा है। आपकी अंतहीन और बिना शर्त सेवा के लिए धन्यवाद। आपकी विरासत जीवित रहेगी। इसके अलावा कई अन्य क्रिकेटरों और क्रिकेट जगत से



जुड़े लोगों ने भी रतन टाटा को याद किया है।

पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया एक्स पर रतन टाटा के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे उनके साथ समय बिताने का सौभाग्य मिला, लेकिन लाखों लोग, जो उनसे कभी नहीं मिले, वे भी वही दुख महसूस कर रहे हैं जो मैं आज महसूस कर रहा हूं। उनका प्रभाव ऐसा ही है। जानवरों के प्रति अपने प्रेम से लेकर परोपकार तक, उन्होंने दिखाया कि सच्ची प्रगति तभी प्राप्त की जा सकती है जब हम उन लोगों की देखभाल करें जिनके पास खुद की देखभाल करने के लिए साधन नहीं हैं। आपकी विरासत आपके द्वारा बनाए गए संस्थानों और आपके द्वारा अपनाए गए मूल्यों के माध्यम से हमेशा जीवित रहेगी।

पूर्व दिग्गज खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, हमने भारत के एक सच्चे रतन श्री रतन टाटा जी को खो दिया है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा और वे हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। ओम शांति। उधर पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, भारत ने आज एक सच्चे आइकन को खो दिया। रतन टाटा सर के दूरदर्शी नेतृत्व, उनकी करुणा और परोपकार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने हमारे देश और दुनिया पर एक अलग छाप छोड़ी है। उनकी विरासत हम सभी को प्रेरणा देती रहेगी। ओम शांति।

वहीं हरभजन सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा, सतनाम वाहेगुरु, रतन टाटा जी आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक के रूप में हमेशा हमारे दिलों में बने रहेंगे। उनके नेतृत्व, विनम्रता और नैतिकता और मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने एक ऐसा मानदंड स्थापित किया जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उनकी विरासत को हमेशा याद किया जाएगा, न केवल उनके द्वारा बनाई गई कंपनियों के लिए, बल्कि उन अनगिनत जिंदगियों के लिए भी, जिन्हें उन्होंने अपनी करुणा और उदारता से छुआ। ईश्वर उनकी आत्म को शांति दे।

भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने भी रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। नीरज ने एक्स पर लिखा कि रतन टाटा जी के निधन के बारे में सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे और मैं उनके साथ हुई बातचीत को कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने पूरे देश को प्रेरित किया। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनके प्रियजनों को शक्ति मिले। ओम शांति।

संपादकीय

## शांत, स्थिर कश्मीर का जनादेश

**जम्मू-कश्मीर** में लोगों ने 'त्रिशंकु जनादेश' नहीं दिया, जैसा कि चुनाव विशेषज्ञों और एग्जिट पोल ने संभावनाएं जताई थीं। लोगों ने स्थिरता, शांतमय, पूर्णता और निरंतरता को चुना, लेकिन इस बार भी जनादेश विभाजित जरूर रहा। हिंदू-मुसलमान की तर्ज पर जनादेश भी बंटा रहा। कुल 60 सीटें मुस्लिम बहुल और 30 हिंदू बहुल थीं। मुसलमानों ने 48 सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को दीं और 29 सीटों पर भाजपा जीती। मात्र 6 सीटें कांग्रेस के हिस्से आईं। जम्मू में प्राथमिकता का जनादेश भाजपा और कश्मीर घाटी में नेशनल गठबंधन के पक्ष में रहा। एक बार फिर घाटी में भाजपा 'शून्य' ही रही। ऐसा क्यों होता है कि मुसलमान भाजपा को निर्णायक वोट नहीं देते? सरकार ने विकास-कार्य किए हैं, तो उनका फायदा मुसलमानों को भी हो रहा है। यह कश्मीर में भाजपा का 'सांप्रदायिक बहिष्कार' है, लिहाजा इसे जनादेश नहीं मान सकते। यह एक संघशासित क्षेत्र का कुल जनादेश है, जो दरअसल जम्मू में कुछ और है, कश्मीर में कुछ और है। बहरहाल चुनाव आयोग की भाषा में यह साझा और संपूर्ण जनादेश है। ये चुनाव बिल्कुल शांत, सहज रहे। कोई गोली नहीं चली, कोई ग्रेनेड नहीं दागी गई। कोई बहिष्कार नहीं किया गया और न ही दोबारा मतदान की कोई मांग की गई। पाकिस्तान, आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी और बम धमाकों की आवाजें भी सुनाई नहीं दीं। करीब 30 पूर्व आतंकवादी, अलगाववादी और जमात-ए-इस्लामी के सदस्य चुनाव हार गए। जमात पर प्रतिबंध हटा लिया गया था। उसने भी 'राजनीतिक प्रक्रिया' के जरिए जम्मू-कश्मीर की मुख्यधारा में शामिल होना चाहा, लेकिन जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया। जनादेश इतना मजबूत और निश्चित था कि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पीडीपी को मात्र 3 सीटें ही नसीब हुईं। उनकी बेटी इल्तिजा तक चुनाव हार गई। इसके अलावा, सांसद इंजीनियर रशीद की 'अवामी इत्तेहाद पार्टी' एक ही सीट तक सिमट कर रह गई। भाजपा ने भी घाटी में निर्दलीय चेहरों पर बड़ा दांव खेला था। चुनाव के दौरान नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, अपनी पार्टी के कई पूर्व मंत्रियों और विधायकों को भी भाजपा में शामिल किया गया था, लेकिन किसी भी 'रंगे सियार' को जनादेश नहीं मिला। बहरहाल यह अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने के बाद का पहला चुनाव था। हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस जैसी पार्टियां 370 की बहाली की मांग करती रही हैं, लेकिन कोई ऐसी जिद नहीं है, जिसे 'अलोकतांत्रिक' करार दिया जाए। जम्मू-कश्मीर में सब कुछ खुला, स्वतंत्र और सक्रिय है। हालांकि भाजपा ने गुर्जर, बक्करवाल और पहाडियों को 'अनुसूचित जनजाति' का दर्जा देकर आरक्षण मुहैया कराने का फैसला किया था। उसे संसद तक में पारित कराया गया था। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इन जनजातियों को 'राजनीतिक आरक्षण' देने के भी आश्वासन दिए। यदि इनके पर्याप्त वोट भाजपा को मिल जाते, तो उसे 9 अधिक सीटें मिल सकती थीं। यदि ऐसा होता, तो जम्मू-कश्मीर में सत्ता के समीकरण ही बदल जाते। बहरहाल जो जनादेश सामने है, उसके मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन की सरकार बनना तय है। करीब 15 साल बाद इस गठबंधन की सरकार बन रही है। डा. फारूक अब्दुल्ला के मुताबिक, उमर अब्दुल्ला नई सरकार के मुख्यमंत्री होंगे। कमाल देखिए कि उमर विधानसभा चुनाव में बडगाम और गांदरबल सीटों से विजयी रहे हैं, जबकि लोकसभा चुनाव में वह बारामूला सीट से इंजीनियर रशीद से 2 लाख से अधिक मतों से हार गए थे। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि यह भारतीय संविधान पूरी तरह लागू होने के बाद जम्मू-कश्मीर का पहला चुनाव, पहला जनादेश है। अब 370 के बाद कश्मीर अधिक खिला है और खिलखिला रहा है।

हिंदू-मुसलमान की तर्ज पर जनादेश भी बंटा रहा। कुल 60 सीटें मुस्लिम बहुल और 30 हिंदू बहुल थीं। मुसलमानों ने 48 सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को दीं और 29 सीटों पर भाजपा जीती। मात्र 6 सीटें कांग्रेस के हिस्से आईं। जम्मू में प्राथमिकता का जनादेश भाजपा और कश्मीर घाटी में नेशनल गठबंधन के पक्ष में रहा। एक बार फिर घाटी में भाजपा 'शून्य' ही रही। ऐसा क्यों होता है कि मुसलमान भाजपा को निर्णायक वोट नहीं देते? सरकार ने विकास-कार्य किए हैं, तो उनका फायदा मुसलमानों को भी हो रहा है। यह कश्मीर में भाजपा का 'सांप्रदायिक बहिष्कार' है, लिहाजा इसे जनादेश नहीं मान सकते। यह एक संघशासित क्षेत्र का कुल जनादेश है, जो दरअसल जम्मू में कुछ और है, कश्मीर में कुछ और है। बहरहाल चुनाव आयोग की भाषा में यह साझा और संपूर्ण जनादेश है। ये चुनाव बिल्कुल शांत, सहज रहे। कोई गोली नहीं चली, कोई ग्रेनेड नहीं दागी गई। कोई बहिष्कार नहीं किया गया और न ही दोबारा मतदान की कोई मांग की गई।

### साइबर अपराध के नए-नए पैंतरे: डिजिटल-अरेस्ट से दुनियाभर में दहशत

# सम्मान और जान दोनों हैं निशाने पर... संभल कर रहिए



अरविंद त्रिपाठी

कोविड महामारीकाल में भारत में आमजन के मध्य मोबाइल फोन और कम्प्यूटर के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग और अधिक बढ़ गया। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने अध्यापकों से ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा पाई। कार्यालयों में वर्क फ्राम होम का कल्चर विकसित हुआ। जूम जैसे प्लेटफार्म सामान्य हो गए। संचार के माध्यमों की जबरदस्त खरीद हुई। घरेलू महिलाओं और वयोवृद्ध नागरिकों के हाथों में भी इंटरनेट सुविधायुक्त मोबाइल फोन पहुंच गए। बैंकिंग, ऑनलाइन खरीद के साथ ही सोशल मीडिया की वेबसाइट और प्लेटफार्म अब अत्यंत लोकप्रिय विषय हो चले हैं। इंटरनेट की सुविधाओं से सभी खुश भी हैं। लेकिन जैसे बाढ़ के जाने के बाद उतरते पानी के साथ ढेरों गंदगी सामने आती है, वैसे ही इन्हीं सेवा-सुविधाओं के साथ ही अब नई समस्याएं भी सामने आई हैं। डिजिटल अरेस्ट इन नई समस्याओं में सबसे खतरनाक और आधुनिक है। इससे बच्चे, वयस्क, बूढ़े, युवा और महिलाएं, सभी भयभीत और परेशान हैं।

सदैव से समृद्धि और विकास के साथ ही ठगी और अपराध भी विकसित होता रहा है। ठगों द्वारा बाहरी दुनिया से अनजान और भोले-भाले नागरिकों की मेहनत और बचत की कमाई को लूटने के लिए तमाम तरीके की तरकीबें बनाई जाती रही हैं। ठगी और लूट के तरीके बदलते रहे हैं, लेकिन इस व्यवसाय का मूल उद्देश्य यही रहा है। इक्कीसवीं सदी में इस ठगी का तरीका नया है, जो अब आम हो चला है। कोविड के दूसरे दौर में हमारे आस-पास में रहने वाले लोग शिकार होने लगे थे, उसी प्रकार अब हमारे घर-परिवार के लोगों को डिजिटल-अरेस्ट करने के लिए ठगों के प्रयास होने लगे हैं। अब यह किसी दूसरी दुनिया का किस्सा नहीं रह गया है। केंद्र और राज्य सरकारों ने साइबर क्राइम को रोकने के लिए तमाम प्रयास कर रखे हैं, राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 का जारी किया जाना इसी दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम है।

आज यह सभी सोच रहे हैं कि आखिर यह डिजिटल-अरेस्ट बला क्या है? भारतीय दंड एवं अपराध संहिता में डिजिटल-अरेस्ट जैसा अपराध व्याख्यायित नहीं है। फिर यह क्या है? आपको बताना है कि इसकी जानकारी ही बचाव है। सोचिए, यदि किसी के फोन पर अनजान व्यक्ति यह कहता है कि वह एक पुलिस, प्रवर्तन या कस्टम का अधिकारी बोल रहा है और उसके पास आपके बेटे-बेटी यौन अपराध या फिर अवैध नशे/असलहे के व्यवसाय में लिप्त होने के कारण गिरफ्त में हैं और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से सृजित रोने की आवाज भी सुना देते हैं, तो आपके माता या पिता होने के नाते क्या दशा होगी? आप अपना सब-कुछ भूलकर उसे बचाने के लिए सर्वस्व दांव पर लगा देंगे। आज के दौर में आमजन की मोबाइल पर निर्भरता बढती जा रही है। प्रत्येक साइट और बैंकिंग के पासवर्ड भी डिजी लॉकर में सुरक्षित रहते ही हैं। ठगों की फोन कॉल में पुलिस की वर्दी में बैठा नकली अधिकारी आपको हिलने और किसी दूसरे विशेषकर पुलिस को भी फोन करने की अनुमति नहीं देता है, जिससे कि व्यक्ति सच्चाई परखने की भी हिम्मत कर सके। सबसे ज्यादा चिंता का विषय यह है कि ज्यादातर फोन कॉल पाकिस्तान के नंबरों से आ रही है।

सदैव से समृद्धि और विकास के साथ ही ठगी और अपराध भी विकसित होता रहा है। ठगों द्वारा बाहरी दुनिया से अनजान और भोले-भाले नागरिकों की मेहनत और बचत की कमाई को लूटने के लिए तमाम तरीके की तरकीबें बनाई जाती रही हैं। ठगी और लूट के तरीके बदलते रहे हैं, लेकिन इस व्यवसाय का मूल उद्देश्य यही रहा है। इक्कीसवीं सदी में इस ठगी का तरीका नया है, जो अब आम हो चला है। कोविड के दूसरे दौर में हमारे आस-पास में रहने वाले लोग शिकार होने लगे थे, उसी प्रकार अब हमारे घर-परिवार के लोगों को डिजिटल-अरेस्ट करने के लिए ठगों के प्रयास होने लगे हैं।

इसी प्रकार की घटना आगरा में घटी, जब एक शिक्षिका को ऐसा ही फोन आया कि आपकी बेटी देह-व्यापार के मामले में थाने में है। आप सभी जानते हैं, उस शिक्षिका की सदमे से मौत हो गई। इस घटना ने देशभर को सचेत और चिंतित किया। इसी प्रकार की एक घटना भोपाल में एक सेवानिवृत्त अधिकारी के साथ भी हुई। हाल में, लखनऊ में कवि नरेश सक्सेना को इसी तरह फोन के माध्यम से फंसाकर रातभर कविता सुनाने की घटना घट चुकी है। पार्सल और पार्सल में असलहे और ड्रग्स पाए जाने के फोन कॉल भी लगातार आ रहे हैं। अब तो शिक्षक, वकील, अधिकारी, छात्र, कामकाजी और घरेलू महिलाएं सभी इस तरह के अनजान फोनकाल के शिकार हो चुके हैं। अपने बचाव के लिए आम नागरिक का प्रत्येक प्रयास उसके मान और जान के लिए घातक साबित हो रहा है।

कई बार ऐसा भी हुआ है कि व्हाट्सऐप की वीडियो काल आए और सामने स्क्रीन ब्लैंक हो गई। आप कई बार सी कॉल नहीं उठाते, लेकिन जैसे ही फोन पिक करते हैं तो कोई बिना कपड़ों की महिला सामने आकर मोबाइल स्क्रीन को सेव कर लेती है और फिर शुरू होता है आपको ब्लैकमेल करने का सिलसिला। आपकी यह तस्वीर आपके परिजनों और इंटरनेट की सभी सोशल मीडिया साईटों पर वायरल करने की धमकी आपकी हिम्मत तोड़ सकती है। आपको बचने के लिए लिए रुपए देने के अलावा कोई अन्य रास्ता नहीं दिखता। एक बार शुरू होकर यह खेल आपको कंगाल बनाकर ही दम लेता है। बहुत से युवा और परिवारी संस्कारी अधेड़ उम्र के पुरुष और स्त्रियां मानसिक दबाव में आकर आत्महत्या तक कर लेती हैं। आपसे मीलों दूर बैठा ठग आपको व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, स्काइप और टेलीग्राम ऐप की वीडियो कॉल से एक सेकंड के लिए हिलने से भी प्रतिबंधित कर देता है। वो जो चाहता है, आप वैसा करने के लिए मजबूर हो जाते हैं, यही दशा डिजिटल-अरेस्ट है, जिसमें आप अपना स्वत्व और सर्वस्व खो देते हैं।

मुझे याद है लगभग तेरह वर्ष पहले मुझे एक पार्सल के माध्यम से कुछ कीमती सामान क्वालालंपुर से भेजने के लिए फोन आया। इसके कुछ दिन बाद एक और फोन आया कि आपका पार्सल मुंबई एयरपोर्ट में पकड़ा गया है, जिसपर आपका मोबाइल नम्बर है। मैंने कहा कि मैं ठहरा मसिजीवी पत्रकार, मेरा क्वालालंपुर और मुम्बई से कोई सम्बन्ध नहीं जो मेरे लिए पार्सल भेजे। मुझे मेरे रिश्तेदार जो उत्तर प्रदेश में रहते हैं, वो तो कोई चिट्ठी या पार्सल नहीं भेजते तो ये क्वालालंपुर वाला कितना महान है, जो मुझे बिना जाने-पहचाने करोड़ों का सामान भेज रहा है? उससे बड़ा सवाल यह है कि कोई भी पुलिसिया कार्रवाई स्थानीय पुलिस थाने को सूचित किए बिना सीधे कैसे हो सकती है? तब यह सवाल ही मुझे बचा ले गए थे। हाल में, मुझे मेरे बेटे के थाने में बंद होने का फोन आया, जबकि उसके खराब स्वास्थ्य के बारे में मुझे पांच मिनट पहले ही सूचना मिली। इसी तरह, आप सब भी किसी भी ऐसे लुभावने या फिर डरावने फोन आने के समय अपना आत्मबल मजबूत कर विचार कीजिए। मानव का अनजान डर और लोभ उसकी समस्या बनता रहा है। इस डिजिटल-अरेस्ट के मामले में भी ऐसा ही हो रहा है।

डिजिटल-अरेस्ट का शिकार हुए लोगों को जमानत या फिर रिश्वत के माध्यम से बचने के नाम पर वसूली गई धनराशि पूरी तरह से अवैध और साइबर अपराध है। हाल में, बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट कराने के बहाने से भी फोन आए हैं और लोगों से खाता नंबर और ओटीपी कन्फर्म कराकर बैंक से रुपए उड़ा लिए गए हैं। भारत सरकार में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने संसद में बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 31 लाख से अधिक साइबर क्राइम के मामले सामने आए हैं, जिनके माध्यम से लगभग 177 करोड़ रुपए बैंकिंग ऐप, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल अरेस्ट आदि तरीकों से ठगे गए हैं। यह एक भयावह स्थिति है। भारत सरकार ने साइबर क्राइम से बचने के लिए वेबसाइट और राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किया है। साथ ही, यह भी निर्देशित किया है कि बचाव ही उपाय है।

यदि फिर भी आपके साथ साइबर ठगी जिसे डिजिटल-अरेस्ट भी कहा जा रहा है, हो जाए तो जितना जल्द इसकी सूचना देकर शिकायत की जाएगी उतना शीघ्र ही आर्थिक नुक्सान की भरपाई हो सकेगी। शिकायत में देरी आपकी जमा-पूंजी, अस्मिता और जान के लिए घातक साबित हो सकती है।

तकनीक आधारित संचार क्रांति के युग में अगला घातक हमला आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से होना तय है, जो कि डिजिटल रूप से अत्यंत खतरनाक होगा, जिसमें आमजन की सोशल मीडिया वेबसाइट पर पड़ी वीडियो और तस्वीरों से तैयार मैटीरियल के आधार पर धोखा उत्पन्न किया जाएगा और हम अपने परिजनों की रक्षा में उसी प्रकार घबराएंगे जैसे रावण के मामा मारीच ने मरते समय लक्ष्मण का नाम लेकर सीता के मन में संशय पैदा कर दिया था, जबकि उन्हें भलीभांति मालूम था कि श्रीराम उनके पति ही नहीं वरन जगतपति हैं। यही भ्रम या संशय ही ठगी के लिए लाभदायक और आमजन के लिए हृदय-विदारक है, जिसका खामियाजा भोले-भाले भारतीय नागरिकों को उठाना पड़ रहा है।

कुछ अलग

## दहलीज नहीं छोड़ता संत्रास

**चाहे** मौत हमारे दरवाजे पर दस्तक देती रहे, चाहे मृत्युबोध और उसका निरंतर असहय होता हुआ संत्रास हमारी दहलीज छोडने से इन्कार कर दे, चाहे धरती कुपित होकर हमारे महानगरों से लेकर पहाड़ों के ऊंचे माथे को भूकम्प के झटकों पर झटका दे दे, हम जीवन की निस्सारता के एक नई शाल की तरह अपने कंधों पर ओढ़ते रहेंगे और दार्शनिक मुद्रा से प्रवचन देना चाहेंगे। अब इस जीवन में रखा ही क्या है, साहब। आपको तो पहले ही मंत्रवाक्य दे दिया था 'ददन्नमंम', अर्थात सब मेरा नहीं है। आप माने नहीं। अब महापण्डितों के उवाचों में दम लगता है, 'न तेरा है न मेरा है, बस दुनिया रैन बसेरा है।' परन्तु कहां रखें इस रैन बसेरे को? आसमान से ये टिड्डियों के दल कहां से हमारे खेतों पर उतर आए? मीलों लम्बे दल। देखते ही देखते लहलहाती फसलों को चट करके इन्हें वीराना बनाने लगे। दुनिया भर के देशों और मध्यपूर्व में युद्ध की धमक होने लगी। मृत्यु आर्तनाद कर रही है। हमारी सरहदों पर भी तनाव खत्म नहीं हो पाया। साब! सवाल देश की प्रतिष्ठा की रक्षा का है। हम इसकी संप्रभुता को खंडित नहीं होने देंगे। भूख, बेकारी, बीमारी को फिलहाल भूल जाओ। वक्त देश के लिए कुर्बान होने का है। महाप्रभुओं ने कहा 'दुश्मन को आर्थिक रूप से अपंग कर देने का वक्त है। यह इसलिए आओ, लोकल के लिए वोकल हो जाएं। आओ दगाबाज दुश्मन के सामान की होली जलाएं। हमारा सामान बना है या नहीं, बाद में देख लेंगे। पहले उसका पाटिया तो गुल कर दें।' हर समाचार और वीडियो चैनलों ने अपने कैमरों के सामने आत्मतोष से मुस्कराते हुए चिंतक बिठा दिए, जो बता रहे हैं कि इन दिनों अच्छे दिनों का स्वागत कैसे करना है। चिंता और व्यग्रता से छुटकारा कैसे पाना है? ज्यों ज्यों आपदा बढ़ती है, आपदा के नए बाजार सब ओर सजने लगते हैं। स्वाधीनता दिवस आता है, फिर गणतंत्र दिवस भी। झण्डा फहराते हुए साहब कितने मसीहा से लगेंगे। फिलहाल उनसे दिलासा अथवा सांत्वना का प्रवचन सुनिये। उस शक्ति का ध्यान कीजिए, जिसने दुनिया का यह सब खेल रचाया है। उसकी प्रातः-सायं वन्दना करके अपना इहलोक और परलोक सुधार लीजिए। परंतु जिन्हें न अपने इहलोक की चिंता है, और न परलोक की, वे लोग तो कभी न सुधरने वाले अपने काम में लगे हैं। देश और दुनिया में भूकम्पों के बाद चक्रवाती तूफान, फिर फसलों पर टिड्डी दलों का हमला। ऊपर आसमान में कभी महा सूर्य ग्रहण लगता है और कभी चन्द्रग्रहण। बन्धुवर, सूर्य, चांद और ग्रहों की चाल भांप कर 'कल, आज और कल' का हाल बताने वाले भविष्यवक्ता पैदा हो गए। अब इनकी कही बात सही हो तो जैसी राम की इच्छा साब। भरपूर कलियुग आ गया। सीधे चलो तो भी टेढ़ा रास्ता मिलता है। कल क्या होगा साब, कौन जानता है। बीते सालों में मजदूर लाखों की तादाद में अपने कार्यस्थलों के शहरों को छोड़ अपने गांव, घरों की ओर चल दिए थे। पैदल, साइकिल या रेलों और बसों में लदे-फदे, पेट के लिए दो रोटी, हाथ के लिए काम की तलाश में। आज देखो वही लोग अपने पुश्तैनी घरों के खण्डहरों से घबरा कर वापस शहरों की ओर लौट आए। सवाल तो दो रोटी का है साब। जहां मिल जाए वहीं गनीमत। तुम पूछते हो इनके लिए काम के दौरान सुरक्षा उपकरण कहां हैं? मुसीबतों का मुकाबला कैसे होगा? प्रश्न समयोचित है, इन्हें तत्काल सुरक्षा मिलनी चाहिए। लेकिन इनके लिए दो रोटी और आधे-अधूरे काम का बंदोबस्त भी तो कर दो।

देश दुनिया से

## दुनिया रैन बसेरा...

नेस्तनाबूद करने निकले सिकंदर को 'महान' बना डाला है, लेकिन सच्चाई यह है कि वह सारी उम्र अपनी ताकत और शोहरत की हवस को पूरा करने के लिए लाखों लोगों को कत्ल करता रहा, औरतों को विधवा बनाता रहा, बच्चों को अनाथ करता रहा और हारे हुए राजाओं से लूटे हुए धन से अपने खजाने भरता रहा। फिर आया वो समय जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की थी। सिकंदर बीमार हुआ और मौत के कगार पर पहुंच गया। उसे तब अपनी मूर्खता का एहसास हुआ कि जिस ताकत, शोहरत और दौलत के लिए उसने अपनी सारी जिंदगी गंवा दी थी, वही सब कुछ अब उसके किसी काम नहीं आ रहा था। अपनी इसी मूर्खता को दुनिया को समझाने के लिए उसने अपने दोनों हाथ अपने कफन से बाहर रखवाए थे।

**कुछ** नासमझ इतिहासकारों ने विश्वविजेता बनने का ख्वाब लेकर दुनिया भर को नेस्तनाबूद करने निकले सिकंदर को 'महान' बना डाला है, लेकिन सच्चाई यह है कि वह सारी उम्र अपनी ताकत और शोहरत की हवस को पूरा करने के लिए लाखों लोगों को कत्ल करता रहा, औरतों को विधवा बनाता रहा, बच्चों को अनाथ करता रहा और हारे हुए राजाओं से लूटे हुए धन से अपने खजाने भरता रहा। फिर आया वो समय जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की थी। सिकंदर बीमार हुआ और मौत के कगार पर पहुंच गया। उसे तब अपनी मूर्खता का एहसास हुआ कि जिस ताकत, शोहरत और दौलत के लिए उसने अपनी सारी जिंदगी गंवा दी थी, वही सब कुछ अब उसके किसी काम नहीं आ रहा था। अपनी इसी मूर्खता को दुनिया को समझाने के लिए उसने अपने दोनों हाथ अपने कफन से बाहर रखवाए थे। सिकंदर ने अपने पिता की मृत्यु के बाद अपने सौतेले और चचेरे भाइयों का कत्ल करके मेसेडोनिया के सिहांसन को हथिया लिया। विश्वविजेता बनने के ख्वाब को पूरा करने के लिए उसने इरान पर आक्रमण किया। ईरान को जीतने के बाद गोर्दियास को जीता और फिर टायर को नष्ट कर दिया। सिकंदर इतना क्रूर था कि बेबीलोन को जीत कर पूरे राज्य में आग लगवा दी और फिर अफगानिस्तान को रौंदता हुआ भारतवर्ष में सिंधु नदी तक चढ़ आया। सिकंदर को लगता था कि भारत में कहीं कोई ऐसी जड़ी-बूटी मिलती है जिसके सेवन से भारत के लोगों की आयु बढ़ जाती है। आखिरकार जब वह बीमार हुआ और मौत की दहलीज पर जा पहुंचा तो उसे जीवन की असलियत का भान हुआ और उसने अपनी तीन आखिरी इच्छाएं जाहिर कीं। सिकंदर की पहली इच्छा थी कि जिन हकीमों ने उसका इलाज किया है, वो सब उसके जनाजे को कंधा दें ताकि सारी दुनिया को पता चल सके कि बीमारियों का इलाज करने वाले हकीम भी मौत के आगे बेबस हैं, वो हार जाते हैं, मौत जीत जाती है। उसकी दूसरी इच्छा थी कि जनाजे की राह में वो सारी दौलत बिछा दी जाए जो उसने जिंदगी भर इक_ा की थी ताकि सबको ये पता चले कि जब मौत आती है तो दौलत जरा भी काम नहीं आती, और उसकी आखिरी तीन इच्छाओं में से तीसरी इच्छा थी कि जब उसका जनाजा निकाला जाए तो उसकी दोनों हथेलियां बाहर की ओर लटका दी जाएं ताकि लोगों को पता चले कि इनसान धरती पर खाली हाथ आता है और उसे खाली हाथ ही जाना पड़ता है। हमारे ऋषि-मुनि, संत, मनीषी और बाकी सभी ज्ञानी जन हमें समझाने की कोशिश करते हैं कि ये दुनिया रैन बसेरा है, बस एक सराय है जिसमें हम एक यात्री के रूप में कुछ समय के लिए आए हैं। यह हमारा स्थायी निवास नहीं है। ये सारे मनीषी एकमत से हमें यही समझाने की कोशिश करते हैं कि हम खाली हाथ आए थे और खाली हाथ ही जाएंगे। इन बातों में बहुत गहराई है और अगर हम अपने जीवन में सच्ची शांति चाहते हैं तो हमें इन बातों के मर्म को समझना होगा। ऋषियों, मुनियों ने जो कहा, सच कहा, अपने ज्ञान और अनुभव से कहा, लेकिन उसका भावार्थ समझे बिना अगर हम उनकी बातों की व्याख्या करेंगे तो हम उल्टी राह चल रहे होंगे। दरअसल, इस दुनिया में हम न तो खाली हाथ आते हैं और न ही दुनिया से जाते वक्त हमारे हाथ खाली होते हैं। मृत्यु के समय हमारा शरीर मर जाता है, इस शरीर के साथ जुड़े हुए ये हाथ सचमुच खाली होते हैं, लेकिन चूंकि हमारा सिर्फ भौतिक शरीर ही मरता है, हम इस जन्म के अपने कर्मों का खजाना साथ लेकर जाते हैं। इसी तरह, जब हमने जन्म लिया था तो हमारे पिछले जन्मों के संस्कार और कर्मफल हमारे साथ आए थे। हमारे पिछले कर्मों के फल इस जीवन में हमारा भाग्य बन जाते हैं और इस जीवन के कर्मों के फल को प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि बहुत बार हमारे बनते काम आखिर में किसी छोटे से कारण से भी बिगड़ जाते हैं और बिगड़े हुए काम भी अचानक बन जाते हैं। यह भाग्य का नहीं, कर्मों के फल का खेल है। जब हमारे ऋषियों, मुनियों ने दुनिया को रैन बसेरा करार दिया तो उनका आशय था कि हम समय की कीमत समझें, इस जीवन की कीमत समझें और इस युग की कीमत समझें। यहां तीन बातें समझने वाली हैं। पहली बात, समय की कीमत। दूसरी बात, जीवन की कीमत, और तीसरी बात, युग की कीमत। कहा जाता है कि कलियुग में भक्ति सबसे ज्यादा आसान है। बहुत थोड़े से समय की निश्छल भक्ति भी हमें जीवन-मरण के चक्र से मुक्त कर देने में समर्थ है। यह इस युग की कीमत है, कलियुग की सुविधा है। यह हुई तीसरी बात, यानी, युग की कीमत। जीवन की कीमत का अर्थ है कि मनुष्य जन्म अकेली ऐसा योनि है जिसमें हम पिछले जन्मों के कर्म का फल तो भोगते ही हैं, पर साथ में हम नए कर्म करने के लिए भी स्वतंत्र हैं। हमारे पिछले जन्मों का लेखा-जोखा तो है ही, जिसके कारण हमारा भाग्य प्रभावित होता है, पर हम इस जन्म के कामों से उनका हिसाब-किताब यहीं चुकता कर सकते हैं। पशु-पक्षियों, कीट-मकोड़ों और जल अथवा थल के किसी और जीवन को यह सुविधा प्राप्त नहीं है कि वह नए कर्म कर सके।

आप का नजरिया

## आपदा का बंटवारा

**बेहोश** निगाहों के सदमों में भी अगर नजरिया बदल दें, तो वक्त के कठोर पन्नों पर फिर से दस्तख्त हो सकते हैं। कुछ इसी दौर की परीक्षा में हिमाचली स्वावलंबन के चिन्ह, केंद्र से मुखातिब हैं, जहां प्रदेश से केंद्रीय मंत्रालयों की रगड़ में जगत प्रकाश नड्डा के सरोकारों पर बहस जारी है। नड्डा ने राज्य की कांग्रेस सरकार को बता दिया है कि केंद्र के बिना हिमाचल बौना है, तो इधर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राज्य के अधिकारों पर कुछ और पन्ने जोड़ रहे हैं। राष्ट्रीय नीतियों के नेत्र पहाड़ी राज्यों के पैमानों पर अब बिलकुल भी खरे नहीं उतर रहे हैं। वित्त आयोग के पास हिमाचल के आवेदन जिस तरह के सलूक से आजिज हैं, उसी के परिप्रेक्ष्य में पहाड़ ठगा सा महसूस कर रहा है। आश्चर्य है कि डिजास्टर रिस्क इंडेक्स ने पर्वतीय प्राकृतिक हिफाजत के बाजू तोड़ डाले हैं। यानी जहां देश के बादल मुस्तैदी और तीव्रता से बरसते हैं। जहां से निकली नदियां समुद्र बनती हैं। जहां बादलों के झुरमुट से देश की खुशहाली का पैगाम निकलता हो, उसी पहाड़ का दर्द समझने, मानने और अपनाने को केंद्र तैयार नहीं है। यह देश की उत्तर दिशा को कमजोर करने का सबब है या तमाम पहाड़ी राज्यों की आंखों से आर्थिक सुरमा चुराने की कोशिश है, जो हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेशों का मर्म नजरअंदाज किया जा रहा है। केंद्र की नीयत सही होती या आपदा प्रबंधन की तासीर में टूटते-फूटते बादलों का कहर सुना जाता, तो अगले पांच सालों की हिफाजत के लिए 9250 करोड़ उपलब्ध हो जाते। यहां मैदानी साइक्लोन के मुकाबले लैंडस्लाइड पर गिरी प्राकृतिक आपदा की शिनाख्त और नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र का रवैया और उसूल उपेक्षापूर्ण हैं। यानी देश की हवाओं-घटाओं की उग्रता को हम सहें। बर्फानी तूफानों को हम झेलें। पर्यावरणीय संतुलन के लिए सत्तर फीसदी जमीन को जंगल के नाम कर दें और यह भूल जाएं कि भारी बरसात में दरकते पहाड़ों का दर्द क्या होता है। पहाड़ी राज्यों की अहमियत को अतीत में समझा गया इसलिए विशेष वित्तीय दर्जा मिला और केंद्रीय वित्तपोषण 90:10 दर से पर्वतीय अस्मिता का प्रतीक बन गया, लेकिन अब इसकी भी कतरब्यौंत जारी है। पहाड़ न विकास का मॉडल बना और न ही आर्थिक आधार का, बल्कि अब आपदा भी बंट गई। ऐसे में जम्मू-कश्मीर से अरुणाचल प्रदेश तक की हिमालयी पट्टी में बसे तमाम पर्वतीय राज्यों के तकरीबन तीन दर्जन सांसद अगर आवाज उठाएं तो इन इलाकों के दर्द को भी समझा जाएगा। पर्वतीय राज्यों के अस्तित्व के लिए वित्तीय अधिकार तथा आर्थिक निर्भरता बहुत आवश्यक है। ऐसे में आवश्यक यह है कि एक पृथक 'पर्वतीय विकास मंत्रालय' बनाया जाए। इसके तहत पर्वतीय राज्यों के प्राकृतिक संसाधनों के एवज में माकूल रॉयल्टी का निष्पादन, पर्यावरणीय संरक्षण के बदले इसकी आर्थिक भरपाई तथा केंद्रीय योजना प्रारूप में विशेष पैकेज और मानदंड स्थापित करना।



# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, 760 रुपए तक सस्ता हुआ सोना, सिल्वर की चमक भी घटी

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** नवरात्रि के दौरान घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट लगातार जारी है। सोना की कीमत में 700 से 760 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77 हजार के स्तर से नीचे गिर कर 76,830 रुपये से लेकर 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये से लेकर 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी बड़ी गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 93,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 76,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 76,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 76,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 76,730 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 76,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी गिरावट आने की वजह से सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### अडाणी समूह के सात हवाई अड्डों पर थालेस लगाएगी स्मार्ट डिजिटल मंच



**मुंबई ।** थालेस अदाणी समूह के परिचालन वाले सात भारतीय हवाई अड्डों पर एक स्मार्ट डिजिटल मंच की तैनाती करेगी। यह मंच हवाई अड्डे के समग्र प्रबंधन, सुरक्षा और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सभी जरूरी अनुप्रयोगों को केंद्रीय रूप से संभालेगा। थालेस और अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।नयी दिल्ली । यूरोपीय कंपनी थालेस अदाणी समूह के परिचालन वाले सात भारतीय हवाई अड्डों पर एक स्मार्ट डिजिटल मंच की तैनाती करेगी। यह मंच हवाई अड्डे के समग्र प्रबंधन, सुरक्षा और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सभी जरूरी अनुप्रयोगों को केंद्रीय रूप से संभालेगा। बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, थालेस और अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इसमें थालेस को सात हवाई अड्डों- मुंबई, अहमदाबाद, गुवाहाटी, जयपुर, लखनऊ, मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम में नवोन्मेषी हवाई अड्डा संचालन नियंत्रण केंद्र (एपीओसी) तैनात करने का अनुबंध मिला है। बयान के मुताबिक, थालेस की तरफ से हवाई अड्डों पर लगाया जाने वाला क्लाउड-आधारित 'स्मार्ट डिजिटल मंच' हवाई अड्डे के समग्र प्रबंधन, सुरक्षा और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सभी जरूरी अनुप्रयोगों को केंद्रीय रूप से संभालेगा।

### ओला के बाद एथर एनर्जी के ई-स्कूटर्स की सर्विस से परेशान हुए ग्राहक



**नई दिल्ली ।** सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक की खराब सर्विस को लेकर ग्राहकों की ओर से लगातार शिकायतों के बाद अब इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी एथर एनर्जी के ई-स्कूटर्स (इलेक्ट्रिक स्कूटर्स) को लेकर सोशल मीडिया पर ग्राहकों की शिकायतों की बाढ़ आ गई है। एथर के ग्राहकों ने कंपनी की हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर सर्विस को लेकर शिकायतें दर्ज करवाई हैं। कंपनी की डिलीवरी सर्विस को लेकर भी देरी की शिकायतें हैं। कंपनी ने एक्स हैंडल पर इन शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए इशू को जल्द से जल्द सुलझाने की बात कही है। हाल ही में एक एथर ई-स्कूटर ग्राहक ने एक्स पर पोस्ट किया 14 सितंबर को 10,000 ओडोमीटर के लिए सर्विसिंग की गई, स्कूटर में कई समस्याएं थी, स्टॉक स्पेयर नहीं होने की बात कहकर इस परेशानी की ओर ध्यान नहीं दिया गया। कंपनी को शिकायत की गई तो जांच के लिए स्कूटर छोड़ने का सुझाव दिया गया, इसलिए 3 अक्टूबर को वापस लौटाया गया। कल स्कूटर की फोर्क के साथ डिलीवरी की गई, चाबी का स्लॉट बदला गया। लेकिन फिटिंग अधूरी थी। एक दूसरे ग्राहक ने कहा कि एथर एनर्जी मुझे अपने 450एक्स में समस्या आ रही है। 2 दिनों से जब मैं थ्रॉटल बंद करता हूं, तो वाहन तुरंत धीमा हो जाता है। पहले ऐसा नहीं होता था। कृपया मेरी सहायता करें कि क्या यह सॉफ्टवेयर समस्या है या मुझे सर्विस सेंटर जाना चाहिए। कंपनी के एक अन्य ग्राहक ने कहा कि आपकी इंदौर सिटी सेवाएं खराब हैं और कर्मचारी अहंकारी हैं, जो शिकायतों पर ध्यान नहीं देते हैं। पार्ट्स उपलब्ध नहीं हैं, मेरा वाहन 4 कार्य दिवसों के लिए सर्विस में है। एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया कि एथर एनर्जी, मैं कल से अपने एथर 450एक्स की अपडेट स्क्रीन पर अटका हुआ हूं।

### रतन टाटा के निधन से उद्योग जगत में शोक की लहर

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश के उद्योगपति अनमोल रतन टाटा के निधन से उद्योग जगत में शोक की लहर है। बुधवार रात करीब 11: 00 बजे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 86 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। भारतीय उद्योगपतियों मुकेश अंबानी से लेकर एसबीआई चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने उनके निधन को सभी भारतीयों के लिए एक बड़ी और अपूरणीय क्षति बताया है। देश के सबसे अमीर कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने जारी बयान में कहा, ''यह भारत और भारतीय उद्योग के लिए बेहद दुखद है। रतन टाटा का निधन केवल टाटा समूह के लिए नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ी क्षति है।'' उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा के निधन से मुझे बेहद दुख पहुंचा है। मैंने एक प्रिय मित्र खो दिया है। उनके साथ मेरी हर एक मुलाकात ने मुझे प्रेरित किया हैज्रतन टाटा आप हमेशा मेरे दिल में रहेंगेज।'' आदित्य बिड़ला समूह के प्रमुख कुमार मंगलम बिड़ला ने जारी बयान में कहा है कि रतन टाटा के निधन से भारत और भारतीय उद्योग जगत ने एक दूरदर्शी व्यक्तित्व को खो दिया। उनके फैसलों ने आर्थिक वृद्धि से परे लोगों के जीवन तथा उद्योगों को प्रभावित किया है। पिछले कई दशकों से मेरे परिवार और मेरी कई पीढ़ियों का उनके साथ करीबी संबंध रहा है।

# केंद्र ने राज्यों को 1,78,173 करोड़ रुपए का कर हस्तांतरण किया जारी

**नई दिल्ली,10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (हि.स.)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर राजस्व हस्तांरित किया है। राज्यों को जारी की गई इस राशि में अक्टूबर में देय नियमित किस्त के अलावा 89,086.50 करोड़ रुपये की अग्रिम किस्त भी जारी की गई है।**

वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर सरकार ने राज्य सरकारों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर राजस्व हस्तांतरण जारी किया है। इस राशि में अक्टूबर माह की सामान्य नियमित किस्त 89,086.50 करोड़ रुपये के अलावा अग्रिम किस्त भी शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को यह अग्रिम किस्त पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और उनके विकास और कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए जारी की गई है।

### सरकार की तरफ से जारी की गई राशि का राज्यवार ब्यौरा

- आंध्र प्रदेश 7,211 करोड़ रुपये
- अरुणाचल प्रदेश 3,131 करोड़ रुपये
- असम 5,573 करोड़ रुपये
- बिहार 17,921 करोड़ रुपये
- छत्तीसगढ़ 6,070 करोड़ रुपये
- गोवा 688 करोड़ रुपये




- गुजरात 6,197 करोड़ रुपये
- हरियाणा 1,947 करोड़ रुपये
- हिमाचल प्रदेश 1,479 करोड़ रुपये
- झारखंड 5,892 करोड़ रुपये
- कर्नाटक 6,498 करोड़ रुपये
- केरल 3,430 करोड़ रुपये
- मध्य प्रदेश 13,987 करोड़ रुपये
- महाराष्ट्र 11,255 करोड़ रुपये
- मणिपुर 1,276 करोड़ रुपये
- मेघालय 1,367 करोड़ रुपये
- मिजोरम 891 करोड़ रुपये
- नागालैंड 1,014 करोड़ रुपये
- ओडिशा 8,068 करोड़ रुपये
- पंजाब 3,220 करोड़ रुपये
- राजस्थान 10,737 करोड़ रुपये
- सिक्किम 691 करोड़ रुपये
- तमिलनाडु 7,268 करोड़ रुपये
- तेलंगाना 3,745 करोड़ रुपये
- त्रिपुरा 1,261 करोड़ रुपये
- उत्तर प्रदेश 31,962 करोड़ रुपये
- उत्तराखंड 1,992 करोड़ रुपये
- पश्चिम बंगाल को 13,404 करोड़ रुपये

### देश के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में टॉप पर मुकेश अंबानी, अडाणी दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे अमीर उद्योगपतियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी लगातार पहले पायदान पर बने हुए हैं। फोर्ब्स द्वारा जारी देश के 100 सबसे धनी उद्योगपतियों की सूची में दूसरे स्थान पर अडाणी ग्रुप के प्रमुख गौतम अडाणी का नाम है। फोर्ब्स की इस सूची की जो सबसे अहम बात है, वो ये कि देश के सौ सबसे धनी लोगों की संपत्ति पहली बार कुल मिलाकर



एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गई है। फोर्ब्स की सूची के अनुसार मुकेश अंबानी कमाई के मामले में दुनिया के दूसरे सबसे लाभ बड़े लाभार्थी बने हैं, जिनकी संपत्ति पिछले 1 साल में 27.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 119.5 बिलियन डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। हालांकि शेयर बाजार में आए उतार-चढ़ाव की वजह से उनका मौजूदा नेटवर्थ 108.3 बिलियन डॉलर का है। फोर्ब्स का दावा है कि इस नेटवर्थ के साथ मुकेश अंबानी फिलहाल दुनिया के 13 सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। हालांकि एक अन्य एजेंसी ब्लूमबर्ग के बिलियनरीज इंडेक्स ने मुकेश अंबानी को दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में 14वें स्थान पर रखा है। फोर्ब्स के मुताबिक भारत के अमीर उद्योगपतियों की लिस्ट में 116 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ गौतम अडानी परिवार (संयुक्त संपत्ति) दूसरे स्थान पर, 73.7 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ सावित्री जिंदल परिवार तीसरे स्थान पर, 40.2 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ शिव नाडार चौथे स्थान पर और 32.4 डॉलर बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दिलीप सांघवी परिवार पांचवें स्थान पर हैं। इसके अलावा राधाकृष्ण दामानी परिवार, सुनील मित्तल परिवार, कुमार मंगलम बिड़ला, साइरस पूनावाला और बजाज परिवार सबसे अमीर उद्योगपतियों की सूची में टॉप 10 में शामिल हैं। फोर्ब्स की रिपोर्ट में विशेष रूप से बताया कि देश में पहली बार सौ सबसे अमीर लोगों की संपत्ति कुल मिलाकर एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गई है। फिलहाल इन सौ लोगों की कुल संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। उद्योगपतियों की संपत्ति में आई हुई इस बढ़ोतरी के लिए फोर्ब्स ने शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी को प्रमुख वजह बताया है।

# देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 96.96 करोड़ पहुंची, दूरसंचार कंपनियों को हर ग्राहक से 8 फीसदी अधिक कमाई

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर ।**



चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में देश में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या तिमाही आधार पर 1.59 फीसदी बढ़कर 96.96 करोड़ पहुंच गई। जनवरी-मार्च तिमाही में देश में 95.44 करोड़ इंटरनेट ग्राहक थे। कुल 96.96 करोड़ ग्राहकों में 4.20 करोड़ लोग वायर के जरिये इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जबकि वायरलेस इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 92.75 करोड़ पहुंच गई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से इंडिया टेलीकॉम सर्विसेज परफॉर्मेंस इंडिकेटर रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मोबाइल सेवाओं के लिए हर ग्राहक से दूरसंचार कंपनियों को होने वाली कमाई सालाना आधार पर 8.11 फीसदी बढ़कर 157.45 रुपये पहुंच गई है। मासिक आधार पर इन कंपनियों का प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक राजस्व (एआरपीयू) जनवरी-मार्च तिमाही के 153.54 रुपये की तुलना में 2.55 फीसदी बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में दूरसंचार सेवा क्षेत्र का समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बढ़कर 70,555 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें तिमाही आधार पर 0.13 फीसदी और सालाना आधार पर 7.51 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ब्रॉडबैंड के जरिये इंटरनेट चलाने वालों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में 1.81 फीसदी बढ़कर 94.07 करोड़ पहुंच गई। जनवरी-मार्च तिमाही में इनकी संख्या 92.40 करोड़ थी। हालांकि, नैरोबैंड इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.03 करोड़ से घटकर 2.88 करोड़ रह गई। देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 120.56 करोड़ हो गई। इसमें जनवरी-मार्च की तुलना में 0.53 फीसदी और सालाना आधार पर 2.70 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शहरी इलाकों में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 66.53 करोड़ से बढ़कर 66.71 करोड़ पहुंच गई। ग्रामीण इलाकों में भी यह संख्या 53.85 करोड़ है, जो तिमाही आधार पर अधिक है। देश में वायरलेस ग्राहकों की संख्या 50.4 लाख बढ़कर अप्रैल-जून में 117.05 करोड़ पहुंच गई है। मासिक आधार पर संख्या 0.43 फीसदी और सालाना आधार पर 2.36 फीसदी बढ़ी है।

इस दौरान वायरलाइन ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 3.90 फीसदी और सालाना आधार पर 15.81 फीसदी बढ़कर 3.51 करोड़ पहुंच गई। रिपोर्ट के मुताबिक देश में कुल दूरसंचार घनत्व तिमाही आधार पर 85.69 फीसदी से बढ़कर 85.95 फीसदी पहुंच गया। ग्रामीण इलाकों में यह 59.19 फीसदी से बढ़कर 59.65 फीसदी पहुंच गया, जबकि शहरी दूरसंचार घनत्व 133.72 फीसदी से घटकर 133.46 फीसदी रह गया। वायरलेस दूरसंचार घनत्व 83.27 फीसदी से बढ़कर 83.45 फीसदी पहुंच गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### 21वीं...

मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) (एआईटीआईजीए) की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। श्री मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय में आसियान युवाओं को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के माध्यम से भारत -आसियान ज्ञान साझेदारी में प्रगति के बारे में भी बात की। आसियान की थीम कनेक्टिविटी और लचीलेपन में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने 10-सूत्रीय योजना की घोषणा की। इसके अंतर्गत वर्ष 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाना जिसके लिए भारत संयुक्त गतिविधियों के लिए पांच मिलियन अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराएगा, युवा शिखर सम्मेलन, स्टार्ट-अप फेस्टिवल, हैकथॉन, संगीत समारोह, आसियान-भारत थिंक टैंक नेटवर्क और दिल्ली डायलॉग सहित कई जन केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक का जश्न मनाना, आसियान-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास कोष के तहत आसियान-भारत महिला वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन करना, नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्तियों की संख्या दोगुनी करना और भारत में कृषि विश्वविद्यालयों में आसियान छात्रों के लिए नयी छात्रवृत्तियों का प्रावधान करना, वर्ष 2025 तक आसियान-भारत माल व्यापार समझौते की समीक्षा, आपदा लचीलेपन को बढ़ाना जिसके लिए भारत का पांच मिलियन अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य लचीलेपन के निर्माण की दिशा में एक नया स्वास्थ्य मंत्रियों का ट्रैक शुरू करना, डिजिटल और साइबर लचीलेपन को मजबूत करने की दिशा में आसियान-भारत साइबर नीति संवाद का एक नियमित तंत्र शुरू करना, हरित हाइड्रोजन पर कार्यशाला और जलवायु लचीलापन बनाने की दिशा में आसियान नेताओं को मां के लिए एक पेड़ लगाओ अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना शामिल है।बैठक में, नेताओं ने एक नई आसियान-भारत कार्य योजना (2026-2030) बनाने पर सहमति व्यक्त की, जो आसियान-भारत साझेदारी की पूरी क्षमता को साकार करने में दोनों पक्षों का मार्गदर्शन करेगी और दो संयुक्त वक्तव्य अपनाए गए, पहला, भारत की एक्ट ईस्ट नीति (एईपी) के समर्थन से हिन्द प्रशांत (एओआईपी) पर आसियान दृष्टिकोण के संदर्भ में क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर संयुक्त वक्तव्य - नेताओं ने मान्यता दी जो आसियान और भारत के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने में भारत की एक्ट ईस्ट नीति का योगदान को रेखांकित किया गया है। दूसरा, डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने पर आसियान-भारत संयुक्त वक्तव्य में नेताओं ने डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्र में भारत के नेतृत्व की सराहना की और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में भारत के साथ साझेदारी का स्वागत किया।

श्री मोदी ने कहा, आसियान परिवार के साथ, इस बैठक में 11वीं बार भाग लेते हुए मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं । दस वर्ष पहले, मैंने भारत की एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा की थी। पिछले एक दशक में, इस नीति ने भारत और आसियान देशों के ऐतिहासिक संबंधों को नयी ऊर्जा, दिशा और गति दी है। उन्होंने कहा, आसियान केन्द्रीयता को प्रमुखता देते हुए, 2019 में हमने हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल शुरू की थी। यह हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के दृष्टिकोण को पूरा करता है। पिछले वर्ष, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए, समुद्री अभ्यास की शुरुआत की गई है। पिछले 10 वर्षों में आसियान क्षेत्र के साथ हमारा व्यापार लगभग दो-गुणा हो कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा, आज सात आसियान देशों के साथ भारत से सीधी उड़ान है और, शीघ्र ही ब्रुनेई के साथ भी सीधी उड़ानें शुरू होंगी। तिमोर लेस्ते में हमने नया दूतावास खोला है। आसियान क्षेत्र में, सिंगापुर पहला देश था जिसके साथ हमने फिनटेक कनेक्टिविटी स्थापित की। और, अब यह सफलता अन्य देशों में भी दोहराई जा रही है। जनकेन्द्रित रुख हमारी विकास साझीदारी का आधार है। तीन सौ से अधिक आसियान छात्रों को नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति का लाभ मिला है। विश्वविद्यालयों के नेटवर्क शुरू किया गया है। लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार और इंडोनेशिया में साझी विरासत और धरोहर के संरक्षण के लिए काम किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, कोविड महामारी हो या फिर प्राकृतिक आपदा, मानवीय दायित्व उठाते हुए हमने एक-दूसरे को सहायता दी है। विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कोष, डिजीटल फंड और ग्रीन फंड स्थापित किये गए हैं। भारत ने इनमें तीन करोड़ डॉलर से अधिक का योगदान किया है। परिणामस्वरूप, आज हमारा सहयोग समुद्र के तल से लेकर अंतरिक्ष तक फैला है। यानी, पिछले दशक में हमारी भागीदारी हर प्रकार से व्यापक हुई है। और, यह प्रसन्नता का विषय है कि 2022 में हमने इसे समग्र रणनीतिक साझीदारी का दर्जा दिया था। श्री मोदी कहा, हम एक-दूसरे के पड़ोसी हैं, ग्लोबल साउथ के साथी-सदस्य हैं, और विश्व में तेज गति से वृद्धि करने वाला क्षेत्र हैं। हम शांति-प्रिय देश हैं, एक-दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं, और अपने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के प्रति हम प्रतिबद्ध हैं। मेरा मानना है कि इक्कीसवीं सदी एशियाई सदी भारत और आसियान देशों की सदी है। आज जब विश्व के कई हिस्सों में संघर्ष और तनाव की स्थिति है, तब भारत और आसियान की मित्रता, समन्वय, संवाद और सहयोग बहुत ही महत्वपूर्ण है। मुझे विश्वास है कि आज की हमारी बैठक, भारत और आसियान साझेदारी में नए आयाम जोड़ेगी।

### एलएसी के ...

इस दौरान सेना के वरिष्ठ अधिकारियों को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह भी संबोधित करेंगे। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 11-12 अक्तूबर को सिक्किम के दौरे पर रहेंगे, जहां वे 12 अक्तूबर को देश को 2,236 करोड़ रुपये की 75 परियोजनाओं की सौगात देंगे, जिनमें बॉर्डर इलाकों में सड़कें और पुल शामिल हैं। इनके बनने से लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के फॉरवर्ड एरिय में तैनात जवानों को लॉजिस्टिक मदद पहुंचाने में मदद मिलेगी। बता दें कि इस साल अभी तक सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) देश को 111 इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स सौंप चुका है, जिनकी कुल लागत 3,751 करोड़ रुपये है।

### पीएम मोदी ने देखी...

वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में भाग लिया, जिसका नेतृत्व वियनतिएन में सी साकेत मंदिर के प्रतिष्ठित मठाधीश महावेथ मसेनई ने किया। साझा बौद्ध विरासत भारत और लाओस के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों के एक और पहलू का प्रतिनिधित्व करती है।

### पीएम मोदी ने मुंबई ...

आईआईएस का उद्देश्य उद्योग 4.0 के लिए उद्योग-तैयार कार्यबल तैयार करना है, जो फैक्ट्री ऑटोमेशन, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, मेक्ट्रोनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग सहित कई ट्रेडों में अत्याधुनिक तकनीक और व्यावहारिक प्रशिक्षण से लैस है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से स्थापित, यह संस्थान कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, केन्द्र सरकार और टाटा आईआईएस (टाटा ट्रस्ट के तहत एक सेक्शन 08 कंपनी) के बीच एक सहयोग है। यह संस्थान हर साल 5,000 छात्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखता है।

### अगले वर्ष की ...

सरकारी सीमाएं सील करने के आदेश पिछले दो साल से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए उम्मीद जाहिर की जा रही थी कि जनगणना सितंबर में शुरू हो पाएगी। हालांकि जातीय गिनती करने की राजनीतिक मांग को भी जनगणना शुरू होने के मार्ग की बाधा बताया जा रहा है। केंद्र को इस बारे में निर्णय लेना है कि जनगणना में ओबीसी संबंधी सवाल जोड़ा जाए या नहीं। सूत्रों का कहना है कि अगर यह सवाल जोड़ना है तो जनगणना एक्ट में संशोधन करना पड़ सकता है।जनगणना जल्द करने के दो प्रमुख कारण है पहला यह कि वर्ष 2026 में गठित होने वाले डिलिमिटेशन कमिशन के आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटों का नए सिरे से सीमांकन होना है। 2026 तक लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या पर फ्रीज लगा था। आबादी के नए आंकड़ों के हिसाब से इन निर्वाचन क्षेत्रों का नए सिरे से सीमांकन होगा। संसद की सीटों की संख्या भी बढ़ेगी। दूसरा कारण यह है कि इन बढ़ी सीटों के हिसाब से महिलाओं के लिए लोकसभा व विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित की जाएंगी। इसके लिए ऐतिहासिक विधेयक सितंबर 2023 में पारित किया जा चुका है। 2025 की जनगणना से नया सेंसस चक्र शुरू होगा। 2025 के बाद 2035 और 2045 में जनगणना होगी। 1881 से हर दस साल बाद होने वाली जनगणना 2021 में होनी थी, जो 3 साल की देरी से शुरू होगी। पूरी कवायद 2 से ढाई साल में पूरी होगी। ऐसे में इस डेटा को 2031 तक सीमित रखना तार्किक नहीं होगा। इस बार की जनगणना डिजिटल होगी और सेल्फ इन्यूमिरेशन ऐप का सहारा भी लिया जाएगा। जनगणना की जो कवायद 3 साल में फैली होती है, उसे 18-24 महीनों में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। शासन-प्रशासन के लिए जनगणना का बेसिक डेटा बहुत जरूरी है। जनगणना में जुटाए गए आंकड़ों के आधार पर यह तय होता है की विधानसभाओं और लोकसभा में कितनी सीटें आरक्षित होंगी। जनगणना के आधार पर ही सरकार समाज कल्याण संबंधी नीतियां बनाती है। जनगणना के बाद ही संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन होगा।लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 2026 तक बढ़-घट नहीं सकती। वर्ष 2021 की आबादी के हिसाब से निर्वाचन क्षेत्रों का नए सिरे से सीमांकन होना है। इसके हिसाब से सीटें बढ़ सकती हैं। बढ़ी सीटों पर महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें आरक्षित होनी हैं। जनगणना एक्ट 1948 में एससी- एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, मार्च 2023 तक 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6% थी। मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किए गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि जनगणना का चक्र बदल सकता है। इससे जनगणना की नई साइकल 2025 के बाद 2035 और 2045 की होगी। सूत्रों ने बताया, जनगणना डिजिटल होगी और सेल्फ एन्यूमरेशन एप का सहारा लिया जाएगा। ऐसे संकेत हैं कि सितंबर 2024 में जनपदों की प्रशासनिक इकाइयों की सीमाएं सील करने के तीन महीने के भीतर जनगणना के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग का काम शुरू हो जाएगा।

### केंद्र सरकार ने...

और आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को उखाड़ फेंककर भारत सहित विश्व स्तर पर इस्लामिक राज्य और खिलाफत स्थापित करना है, जो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। अधिसूचना में कहा गया है, चूंकि, केंद्र सरकार का मानना है कि हिज्ब-उत-तहरीर आतंकवाद में शामिल है और उसने भारत में कई आतंकवादी कृत्यों में भाग लिया है। अधिसूचना में इस समूह को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित किया गया है।

### रतन टाटा को ...

उन्होंने बुधवार देर रात करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में एडमिट थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। टाटा का पार्थिव शरीर नरीमन पॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। टाटा के निधन पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने समूह की तरफ से संदेश जारी किया। चंद्रशेखरन ने पद्मविभूषण रतन टाटा योगदान को अतुल्य बताया।

### सीआरपीएफ के...

चूंकि यहां पर बात जवानों की थी तो अफसरों ने उन्हें दो टूक शब्दों में कह दिया कि जवानों को समय पर और बढ़िया क्वालिटी वाला खाना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो मामले की शिकायत भी होगी। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर संबंधित एजेंसी के कर्मचारियों से फ्रेश खाना मुहैया कराने का आग्रह किया गया। रेलवे की तरफ से जवाब दिया गया कि ये संभव नहीं है। हमने अपने उच्च अधिकारियों से बात कर ली है कि अब आपको आगरा में बढ़िया खाना मिलेगा। उन्होंने फोन नम्बर भी दिया। इसके बाद भूखे पेट ही जवान आगे चल पड़े। आगरा में खाना मुहैया कराने के लिए जिस व्यक्ति का फोन, सीआरपीएफ अफसरों को दिया गया था, वह फोन ही नहीं मिल सका। कई बार फोन ट्राई किया गया। 9 अक्तूबर को झांसी में ब्रेकफास्ट दिया गया। लंच और डिनर का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं। तब तक सीआरपीएफ जवानों को भूखे पेट रहना पड़ा। इसके बाद रात को कटनी (मध्यप्रदेश) में रात 12 बजे डिनर मिला। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जब भी रेलवे एजेंसी के किसी अधिकारी/ठेकेदार से बातचीत की जाती तो वे पल्ला झाड़ लेते। एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालने लगते। वे कहते कि आप आगे बात कर लें। ट्रेन लेट है, इसलिए अब तो खाना नहीं मिल पाएगा। अब कोई शेड्यूल नहीं है। रेल में लंच और डिनर तो शेड्यूल पर ही मिलता है। जवानों को अब अगले दिन की चिंता थी। जब डिनर दिया गया तो उन्होंने पैक लंच भी देने की बात कही। इसके लिए संबंधित एजेंसी ने जवानों को मना कर दिया। सूत्रों का कहना है कि इस तरह के मामलों में खुद का विभाग भी कोई खास कार्रवाई नहीं करता। जवानों के खाने से जुड़े मामले को टरकाने का प्रयास किया जाता है। सीआरपीएफ अधिकारियों ने इस मामले को अपने विभाग तक पहुंचाने का प्रयास किया था। अगर बल के कैडर अधिकारी इस तरह के मामलों की शिकायत करते हैं तो संबंधित फोर्स के शीर्ष अफसर उन्हीं के खिलाफ ही कार्रवाई कर देते हैं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345


शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान में पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता आयोजित




**हैदराबाद, 10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में जारी हिंदी चेतना मास समारोह के अंतर्गत गुरुवार को पीपीटी के माध्यम से संस्थान के अनुसंधान आधारित पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का प्रयोजन सहभागियों में विविध वैज्ञानिक विषयों की हिंदी में प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन एवं सुधार था, ताकि उन्हें प्रयोक्ता के साथ आसानी से जोड़ा जा सके। सहभागियों द्वारा संस्थान के विविध अनुसंधान संबंधी विषयों को शामिल करते हुए बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टर तैयार करके प्रस्तुत किए गए। संस्थान में कार्यरत वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक व शोध अध्येता शामिल सभी संवर्ग के लगभग 8 सहभागियों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया।संस्थान की निदेशक डॉ. सी तारा सत्यवती निर्णायक के रूप में उपस्थित थीं, जिससे प्रतियोगिता का महत्व स्वयं उद्घाटित हो रहा है। इसके अलावा डॉ. अरुणा सी रेड्डी, प्रधान वैज्ञानिक ने भी प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक की भूमिका निभाई। इस पूरे कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन डॉ. सी तारा सत्यवती के दिशा-निर्देश में डॉ. जिनु जेकब, वैज्ञानिक तथा डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) के द्वारा किया गया।




# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल ने किया डांडिया-रास का आयोजन




**हैदराबाद, 10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मारवाड़ी युवा मंच पर्ल शाखा सिकंदराबाद द्वारा डांडिया-रास का आयोजन किया गया। शाखा मंत्री शीतल जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शाखा अध्यक्षा रक्षा जैन की अध्यक्षता में नवरात्रि के शुभ अवसर पर डांडिया- रास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं बच्चों ने गरबा राउंड एवं डांडिया रास का खूब आनंद लिया। सर्वश्रेष्ठ परिधान में प्रथम मंजू घोडेला एवं द्वितीय मेघा सिंघी, बेस्ट डांडिया नृत्य प्रथम वंदना दुगड एवं द्वितीय मंजू गांधी विजेता रहे। इन्हें सिरौया परिवार की तरफ से पुरस्कार प्रदान किया गया। इन सभी प्रतिभागियों के निर्णायिका निवर्तमान अध्यक्ष वर्षा मखाना, वीणा जैन, मंजू विनायकिया एवं अनीता सुराणा द्वारा किया गया। शाखा की ओर से स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। जिसका सभी ने लाभ लिया। शाखा कोषाध्यक्ष सुमन घोड़ेला ने धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# साहित्य सेवा समिति की 116वीं गोष्ठी सम्पन्न

**हैदराबाद, 10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साहित्य सेवा समिति द्वारा 116वीं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग उमेश चंद यादव सह सचिव ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुषमा देवी द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मोहिनी गुप्ता द्वारा मां सरस्वती वंदना से हुआ।

गोष्ठी में चर्चा का विषय हिंदी मंच कविता और साहित्य कविता रहा।

इस विषय पर व्याख्यान दया कृष्ण गोयल अध्यक्ष ( साहित्य सेवा समिति) द्वारा दिया गया तथा कार्यक्रम के प्रमुख प्रवक्ता लब्धप्रतिष्ठत साहित्यकार बी एल लाच्छा रहे और उन्होंने अपने सुविचार प्रकट किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्वत जनों ने दिए गए विषय पर अपने सुविचार प्रकट कर सबको लाभान्वित किया। इस कार्यक्रम में हैदराबाद की सुप्रसिद्ध कवियत्री और समीक्षक सुनीता लुल्ला ने भी अपने सुविचारों से सभी का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी कवियों ने स्वरचित कविता का पाठ कर सबका मन मोह लिया। काव्य गोष्ठी में चार चांद लगाने वाले प्रतिष्ठित कवि गण इस प्रकार हैं दया कृष्ण गोयल, सुनीता लुल्ला, बी एल आच्छा, ममता जायसवाल, डॉ. सुषमा देवी, उमेश चंद यादव, परमेश्वर, चंद्र प्रकाश दायमा, सत्य प्रसन्न, दर्शन सिंह, मोहिनी गुप्ता, पूजा महेश, दया शंकर प्रसाद, बिनोद गिरि अनोखा आदि। कार्यक्रम में उप-स्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और साहित्य सेवा समिति के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव को समाज सेवा के लिए काल भैरव युवा संघ, महाराज गंज, गौलीगुड़ा द्वारा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने संघ द्वारा आयोजित अन्नदान कार्यक्रम में भाग लिया और सामुदायिक कल्याण तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।



राजस्थानी प्रगति समाज एवं एग्जिबिशन समिति द्वारा आयोजित 52वें रामायण मेला के अंतर्गत गरबा डांडिया उत्सव में पधारे रमेश बंग का स्वागत करते हुए सुमित राठी, घनश्याम तोषनीवाल, श्रीनिवास लोया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मेला प्रधान संयोजक गोविंद राठी, सुरेंद्र रेड्डी, हनुमंत राव, रावीहेड़ा, कार्तिक राठी एवं अन्य।

# पित्ती ट्रस्ट-लोहिया समता न्यास तथा अग्रवाल सेवा दल प्रदान करेंगे 70 लाख की छात्रवृत्ति

## आवेदन-पत्र का वितरण 14 से

**हैदराबाद, 10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट, राममनोहर लोहिया समता न्यास तथा अग्रवाल सेवा दल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उच्च शिक्षा प्रप्ति कर रहे मेधावी विद्यार्थयों को सत्तर लाख की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। आ-वेदन-पत्र सोमवार, दि. अक्तूबर, 2024 से पहले आओ - पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जाएँगे।

आज यहाँ अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजित गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष डिग्री तथा पोस्ट ग्रैजुएट की शिक्षा प्राप्त कर रहे 600 विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 8000 से 27000 रुपये तक की छात्रवृत्ति (निर्धारित नियमानुसार) प्रदान की जाएगी। यह छात्रवृति सभी धर्म एवं जातियों के विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति केवल 80 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ही दी जाएगी। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन-पत्र सोमवार, 14 अक्तूबर से पहले आओ - पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जाएँगे। आवेदन पत्र केवल विद्यार्थियों अथवा उनके अभिभावकों को विद्यार्थी के आधार कार्ड तथा अंकतालिका की मूल प्रति जाँचने के बाद दिए जाएंगे। आवेदन पत्र दोपहर 2.00 से सायं 6.00 बजे तक ट्रस्ट के सोमाजीगुड़ा स्थित कार्यालय, अग्रोहा बैंक हाईकोर्ट, कैलाश केडिया श्यामकुंज आदर्शनगर, उमिला अग्रवाल बंजारा हिल्स, प्रदीप अग्रवाल तंबाकू बाजार सिकंदराबाद, सुधीर गुप्ता मोजमजाही मार्केट, सुरेंद्र गोयल काचीगुड़ा अथवा दीपक गुप्ता तुरुप बाजार से प्राप्त किए जा सकते हैं।

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र मंगलवार, 22 अक्तूबर तक स्वीकार किए जाएंगे। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट, राममनोहर लोहिया समता न्यास के चेयरमैन तथा अग्रवाल सेवा दल के परामर्शदाता, सुप्रसिद्ध समाजसेवी शरद बी. पित्ती ने समस्त योग्य विद्याथियों से उपरोक्त शिक्षा छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। अधिक जानकारी हेतु ट्रस्ट के कार्यालय से फोन नंबर 23311056 पर सम्पर्क किया जा सकता है।




भाजपा एससी मोर्चा की ओर से सदस्यता पंजीकरण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांति किरण एससी मोर्चा तेलंगाना, राजेंद्र डिगाण गोलकुंडा जिलाअध्यक्ष, पूर्ण चंद राव, डी श्रीकांत जोगिंदर, उदय कुमार, गोवर्धन, इंद्रासन रेड्डी, नवीन एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



नवरात्रि अष्टमी के अवसर पर भाग्य लक्ष्मी मन्दिर में आयोजित हवन कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वामी कमलेश महाराज, जसमत पटेल, रंजना मनीष शाह, मन्दिर की ट्रस्टी शशिकला, सूर्य प्रकाश।



यादगिरीगुट्टा स्थिति दुर्गा ज्वेलर्स में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित किसान मोर्चा मंत्री पाली कालुराम काग, कोरमुला बडेर संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, सचिव डायाराम लचेटा, कमल किशोर, प्रेम कुमार, माधुसिंह व अन्य उपस्थित रहे।



राजप्पा नगर कल्याण संघ वनस्थलीपुरम के दुर्गा माता मंडप में पूजा अर्चना करते हुए कांग्रेस नेता एनके सिंह, समिति अध्यक्ष डी. श्रवण कुमार, हनुमंत राव, ऋत्विक। इस अवसर पर एनके सिंह का शॉल द्वार सम्मान किया गया।



श्री दक्षणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित पंचशील कालोनी अलवाल हिल्स वेंकटेश्वर मंदिर हैदराबाद में देवी भागवत कथा के पांचवे दिन व्यास पीठ पर विराजमान वृंदावन के कथा पूज्य महेंद्र कृष्ण शास्त्री जी का सम्मान करते हुए मुख्य यजमान बाबू गोपाल दास अग्रवाल, सुरेश मंगल और दर्शन अग्रवाल। इस अवसर पर उपस्थित कथा संयोजक ठाकुर जयपाल सिंह नयाल ने सभी अतिथियों का सम्मान किया।

# त्यौहारों के मद्देनजर दमरे लगभग 1400 विशेष ट्रेनें चलाएगा



**हैदराबाद, 10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) उपलब्ध संसाधनों को एकत्रित करके रेल यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए छुट्टियों और त्योहारों के मौसम के दौरान महत्वपूर्ण अवसरों के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन करके सर्वोत्तम संभव यात्री परिवहन सुविधा प्रदान करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। दशहरा और दीपावली त्योहारी सीजन के मद्देनजर अक्टूबर और नवंबर के महीनों के दौरान, दोनों तेलुगु राज्यों के बीच यात्रा की मांग अधिक है और साथ ही बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे उत्तर भारतीय राज्यों और पश्चिम बंगाल आदि जैसे पूर्वी राज्यों की यात्रा की भी मांग अधिक है।

तदनुसार, इस अवधि के दौरान यात्रा करने वाली जनता की मांगों को पूरा करने के लिए दमरे ने विभिन्न गंतव्यों के बीच 1400 विशेष ट्रेन सेवाओं के संचालन की घोषणा की है, ताकि रेल उपयोगकर्ताओं की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। ये ट्रेनें अक्टूबर और नवंबर के दौरान अलग-अलग तारीखों पर संचालित की जा रही हैं। एससीआर यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अगले दिनों में और अधिक विशेष ट्रेनों की घो-षणा करने की योजना बना रहा है। दमरे अतिरिक्त भीड़ की आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बुकिंग काउंटर स्थापित करने की भी व्यवस्था कर रहा है। ये ट्रेन सेवा दमरे के प्रमुख स्टेशनों से तिरूपति, निज़ामुद्दीन, विशाखापत्तनम, गोरखपुर, अगरतला, रक्सौल, नागरसोल, दानापुर, संतरागाछी, श्रीकाकुलम, नागपुर, मालदा टाउन, पटना, शालीमार, शिरडी, शोलापुर, पुणे, मुंबई, जयपुर आदि लोकप्रिय मार्गों पर संचालित की जा रही हैं। विशेष ट्रेनों में यात्रियों के सभी वर्गों को पूरा करने के लिए आरक्षित कोच और अनारक्षित दोनों कोचों सहित विभिन्न कोच संरचना प्रदान की गई है। दक्षिण मध्य रेलवे ने अनारक्षित कोचों से यात्रा करने के इच्छुक यात्रियों को सलाह दी है कि वे यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने टिकट खरीद सकते हैं, जिससे सामान्य काउंटरों पर कतार में खड़े होने से बचें। इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने एससीआर क्षेत्राधिकार में हैदराबाद, सिकंदराबाद और तिरूपति स्टेशनों सहित 150 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर नवरात्रि व्रत स्पेशल थाली भी लॉन्च की है। यात्री इस स्वादिष्ट नवरात्रि व्रत स्पेशल थाली को आईआरसीटीसी मोबाइल ऐप और वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रेल उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे ज़ोन द्वारा प्रदान की गई अतिरिक्त यात्रा सुविधा के इस अवसर का उपयोग करें और अपनी यात्रा को सुरक्षित, आरामदायक और परेशानी मुक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ज़ोन आने वाले दिनों में संसाधनों की उपलब्धता जैसे रोलिंग स्टॉक, ट्रैक क्षमता की उपलब्धता आदि के अनुसार अधिक संख्या में विशेष ट्रेनें शुरू करने की योजना तैयार कर रहा है। जिन मार्गों में ट्रेनों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने उद्देश्य की पूर्ति के लिए लिए नियमित आधार पर मांग का विश्लेषण किया जा रहा है।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के दामाद डॉ. बी. जिग्नेश रेड्डी ने गुरुवार, 10 अक्टूबर, 2024 को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी से उनके निवास ताड़ेपल्ली, विजयवाड़ा में मुलाकात की और उन्हें 13 अक्टूबर को हैदराबाद में आयोजित होने वाले अलाई बलाई कार्यक्रम में पधारने के लिए आमंत्रित किया।

## रूसी पर्यटक के फोन चोरी मामले को मॉडर्न तकनीकी की सहायता से आरपीएफ और जीआरपी ने सुलझाया

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारतीय रेलवे के जीआरपी और आरपीएफ टीम की कर्मठता एवं त्वरित प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप एक रूसी पर्यटक के चुराए गए फोन का पता लगाया गया। 17 अगस्त 2024 को नीना निकोनोरोवा, गया-कामाख्या एक्सप्रेस में यात्रा कर रही थीं। तब बिहार में फल्गु नदी के ऊपर से गुजरते समय, वह बाहर के आकर्षक दृश्यों को रिकॉर्ड कर रही थीं, तभी अचानक एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके हाथ पर डंडे से वार कर उनका फोन छीन लिया। नीना ने तुरंत ही गया, शेखपुरा और कामाख्या रेलवे स्टेशनों पर जाकर रेलवे पुलिस (जीआरपी) को इस घटना की जानकारी दी। जीआरपी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (02), 313 और 317 (05) के तहत केस दर्ज किया।

नीना की शिकायत के बाद, जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मिलकर एक अभियान के तहत मुस्तैदी के साथ कुछ ही दिनों में, पिंटू कुमार और साजन कुमार नामक दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए, लेकिन नीना का फोन अभी तक नहीं मिला था। संदिग्धों से पूछताछ में पता चला कि नीना का फोन साहिल पासवान नामक व्यक्ति के पास था, जो बिहार के गांधीनगर मानपुर का निवासी था। साहिल ने ही कथित तौर पर नीना पर हमला किया और उनका फोन चोरी किया था। हालांकि घटना के कुछ दिनों बाद नीना रूस लौट गईं, लेकिन अक्टूबर में आईक्लाउड नोटिफिकेशन के जरिए उन्हें पता चला कि उनका चोरी हुआ फोन नागपुर, महाराष्ट्र में सक्रिय हुआ है। इस जानकारी को नीना ने तुरंत ही भारतीय रेल को ईमेल के जरिए साझा करने के साथ फोन की लाइव लोकेशन के बारे में भी बताया। यह इस सम्पूर्ण घटना का महत्वपूर्ण पहलू सिद्ध हुआ और इंस्टाग्राम के लोकेशन डेटा की मदद से नागपुर में टीम सक्रिय अधिकारियों ने फोन का पता लगा लिया तथा साहिल पासवान की पहचान की। उसकी गिरफ्तारी और फोन की बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु अब भी आगे कार्रवाही चल रही है। जीआरपी और आरपीएफ की टीमों ने साहिल की तलाश में बिहार के गया जिले एवं आस-पास के इलाकों में छापेमारी शुरू कर दी है। चोरी के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और नीना के फोन को बरामद करने के लिए आरपीएफ और जीआरपी की टीमें सतर्कता से काम कर रही हैं। नीना की त्वरित शिकायत, अधिकारियों की मुस्तैदी, और आधुनिक तकनीक ने इस मामले को सुलझाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

## श्री आशापुरा माताजी का पांचवां विशाल जागरण सम्पन्न



**हैदराबाद, 10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री आशापुरा माताजी मित्र मंडल के तत्वावधान में श्री आशापुरा माताजी का पांचवां विशाल जागरण श्री जगळी विटोबा आशापुरा मंदिर में भव्यता के साथ मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में माता के भक्तों ने भाग लेकर पुण्य लाभ लिया।

जागरण में भजन गायीका सरिता खारवाल एंड पार्टी पचपदरा ने अपनी सुमधुर वाणी में भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता गोविंद राठी, बेगम बाजार पार्षद शंकर यादव, मुकेश सिंह, आला पुरुषोत्तम, लड्डू यादव, अविनाश देवड़ा, तेलंगाना गौ रक्षा दल के अध्यक्ष कालू सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों को मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने शॉल व फूल माला से स्वागत एवं सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मित्र मंडल के उदय सिंह चौहान, गंगा सिंह चौहान, चेतन सिंह चौहान, गणेश राम देवासी, रडमल सिंह, महेंद्र सिंह देवड़ा, रणजीत सिंह, इंदर सिंह, संतोष दवे, देवी सिंह, मनोहर सिंह, प्रकाश राजपुरोहित, नरसाराम देवासी, आशु सिंह, चंदन सिंह, शंभू सिंह, गुमान सिंह, गोविंद राजू महाराज, लादू सिंह, लाख सिंह, दलपत सिंह, कुंदन सिंह एवं समस्त आशपुरा मित्र मण्डल के सदस्य उपस्थित थे।



सनथनगर में बातुकम्मा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेता सपना गुप्ता, भाग्य श्री, लक्ष्मी, बीन , मघू व अन्य।



गनफ़ाउण्ड्री में स्थापित माता पंडाल में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना में बतौर मुख्य के रूप में पधारे जामबाग डिविजन पार्षद राकेश जायसवाल का स्वागत एवं सम्मान करते हुए मारुति यूथ एसोसिएशन के सदस्य। इस अवसर पर उपस्थित हैं राजन जायसवाल, नितिन जायसवाल, सुरेश तोल्डी, यशवंत व अन्य।

## अन्नदान और भजन संध्या आयोजित



**हैदराबाद, 10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री बालम्मा माता मंदिर काछी बस्ती, राम सिंह पुरा, कारवान, मेंएच. संग्राम सिंह, एच. मुन्ना सिंह, एच. जीत सिंह, एच. राकेश सिंह की ओर से नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में अन्नदान और भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर काछी बिरादरी राम सिंह पुरा, काछी गुड़ा, सिकंदराबाद के सदस्यों के साथ-साथ माता रानी के सैकड़ों भक्तों ने अन्नदान और तीर्थ प्रसाद ग्रहण कर जीवन को धन्य किया।

भजनों के कार्यक्रम में भक्तों ने झूमकर नृत्य किया और कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। इस अवसर पर काछी संघ रामसिंहपुरा सोसायटी के फ़रवरी, 2025 में अध्यक्ष पद का पद्भार संभालने वाले नेता ए. सुरेंदर सिंह के साथ-साथ टी. गोविंद सिंह काछी, एम. सिनोद सिंह, एम. लड्डू सिंह, एम. नरेंद्र सिंह, एच. विकास सिंह, टी. शिवा सिंह, एच. विनेश सिंह, एच. शिव सिंह, एच. गणेश सिंह, एच. निखिल सिंह, एच. अकुल सिंह, एच. अजितेश सिंह आदि माता रानी के भक्त उपस्थित थे।

### शेयर मार्केट



बीएसई : 81,611.41
+144.31 +0.18% ↑
एनएसई :24,998.45
16.50 (0.07%) ↑

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 77,380/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 92,077/- (प्रति किलोग्राम)

## देश के 11 लाख बच्चों पर बाल विवाह का खतरा

### एनसीपीसीआर ने 2023-24 की रिपोर्ट जारी की यूपी में इन बच्चों की संख्या 5 लाख से ज्यादा

**नई दिल्ली,10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (एनसीपीसीआर) ने गुरुवार को एक रिपोर्ट जारी कर कहा कि उसने साल 2023-24 में ऐसे 11 लाख बच्चों की पहचान की है, जो बाल विवाह के खतरे में थे। कमीशन के मुताबिक अकेले उत्तर प्रदेश में ऐसे 5 लाख से अधिक ऐसे बच्चे हैं, जो बाल विवाह के खतरे में हैं।

एनसीपीसीआर ने बताया कि उसने बाल विवाह रोकने वाले अधिकारियों, जिला प्राधिकरण और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत कई कदम उठाए हैं। कमीशन ने कहा, फैमिली काउंसिलिंग, स्कूल में बच्चों का दोबारा दाखिला कराकर और कानूनी एजेंसियों की मदद लेकर बच्चों की शादी को रोकने की कोशिश की जा रही है।

यह रिपोर्ट वर्चुअल रिव्यू मीटिंग्स के बाद तैयार की गई, जिसमें जिला अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बातचीत की गई। रिपोर्ट में ऐसे बच्चों का डेटा पेश किया गया, जिनके स्कूल छोड़ने का खतरा था। स्कूल छोड़ना बाल विवाह में योगदान देने वाली एक बड़ी वजह है। इसे मुद्दे को लेकर उत्तर प्रदेश सबसे सक्रिय रहा, उसके बाद मध्य प्रदेश और ओड़ीशा जैसे राज्यों ने भी इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाई। कमीशन के मुताबिक बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में 1.2 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को जागरूकता अभियान में जोड़ा गया। इस अभियान के तहत उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश सबसे आगे रहे।



कमीशन ने लगातार 30 दिन तक स्कूलों पर नजर रखी और ये देखा कि कौन से बच्चे बिना बताए ज्यादा गैरहाजिर रहते हैं।

साथ ही कमीशन ने स्कूल अथॉरिटीज से बातचीत करके बच्चों के स्कूल छोड़ने पर भी नजर रखी। कमीशन के अधिकारियों ने कर्नाटक और असम जैसे राज्यों में धार्मिक नेताओं, विवाह समारोहों में सेवा प्रदान करने वाले लोगों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे प्रमुख स्थानीय व्यक्तियों के साथ 40,000 से ज्यादा बैठकें कीं, ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और नाबालिग बच्चों का विवाह रोका जा सके। एनसीपीसीआर की रिपोर्ट में बताया गया कि इन कोशिशों के बावजूद गोवा और लद्दाख जैसे कुछ राज्यों में डेटा कलेक्शन और कानून का पालन करवाने में में कमियां रहीं।

इसके चलते सारी जानकारी जुटाने में परेशानी हुई। रिपोर्ट ने यह भी कहा कि कुछ जिलों में बाल विवाह की गहराई से जमी हुई सांस्कृतिक प्रथाओं के कारण इसे पूरी तरह से खत्म करना मुश्किल हो रहा है। एनसीपीसीआर अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक लेटर लिखकर बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों से अपील की कि बाल विवाह रोकने के लिए जिला लेवल की कोशिशों को लागू करें। रिपोर्ट के साथ भेजी गई चिट्ठी में उन्होंने खासतौर से जागरूकता बढ़ाने और मौजूदा कानूनों को लागू करने में सरकार और राज्य की सहायक भूमिका पर जोर दिया।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
The General public is hereby informed that the name of BHARAT INSTITUTE OF TECHNOLOGY has been changed as BHARAT INSTITUTE OF PHARMACY.
Sd/-
Secretary and Correspondent, Bharat Institutions, Mangalpally., Ranga Reddy, Telangana

**ज्योतिष ASTROLOGY**
नाकौड़ा भैरव ज्योतिष
(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद.
संपर्क : 9032460847.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 735560X Nb/Sub DEVENDRA SINGH of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana India hereby state that my mother name is changed from RAMA DEVI to RAMA

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 734371F Sub K CHINNA DURAI, R/o.3/118, Indhira Colony, GopalpattiVill, Vembarapatti Po, Dindigul (East) Teh, Dindigul Dist, Tamilnadu-624308 that my daughter name is changed from C USHA NANDHINI to USHA NANDHINI C, another daughter name is changed from C UMA PANDI to UMA PANDI C and Son name is changed from C MUTHU PANDI to MUTHU PANDI C vide affidavit dt:9-10-2024

**CHANGE OF NAME**
I, KOWSALYA G is legally wedded spouse of Govindaraj S R/o Qtr No-20/30,Haig Line, Risala Bazar, Secunderabad (TG), PIN-500010 have changed my name from KOWSALYA G to KOWSALYA M and DOB- 05/10/1997 add in my husband service documents vide affidavit date 10/10/2024 before Notary G Ramchaander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Govindaraj S S/o Seenivasn I R/o Qtr No-20/03, Haig Line, Risala Bazar, Secunderabad (TG), PIN-500010 have changed my Daughter name from SASVIKA to SASVIKA G and DOB- 10/02/1/2017 add in my service documents vide affidavit date 10/10/2024 before Notary G Ramchaander Advocate Secunderabad.

# राष्ट्रपति मुर्मू ने देशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।




श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को अपने संदेश में कहा, दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। देवी दुर्गा, शक्ति का अवतार मानी जाती हैं। यह शक्ति और भक्ति का पर्व है तथा चेतना के उच्चतर स्तरों पर पहुंचने की हमारी आध्यात्मिक यात्रा का प्रतीक है। यह पर्व देवी दुर्गा के प्रति पूर्ण आस्था व्यक्त करने तथा सभी पंथों में एकता और सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने का अवसर है।

हम प्रार्थना करें कि मां दुर्गा हमें शक्ति, साहस एवं दृढ़ संकल्प प्रदान करें ताकि हम एक न्यायपूर्ण, संवेदनशील और समतापूर्ण समाज की रचना करने के अपने प्रयासों में सफल हों। आइए! महाशक्ति की उपासना के अवसर पर हम महिलाओं को सदैव सर्वोच्च सम्मान और आदर देने का संकल्प लें।

# देश के विकास में विज्ञान के साथ वेदों का भी अहम योगदान: भदौरिया

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**



भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के अध्यक्ष एवं सनातनी गंगा फाउंडेशन के संयोजक जोगिंद्र सिंह भदौरिया ने कहा है कि देश के विकास में विज्ञान के साथ वेदों का भी अहम योगदान है। श्री भदौरिया ने यहां आयोजित वैदिक दिवस कार्यक्रम में कहा कि हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति बहुत गौरवशाली थी और वेदों में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना एवं सर्वे भवन्तु सुखिन: की कामना सन्निहित है। उन्होंने कहा कि वैदिक युग भारत का स्वर्णिम युग रहा है। ऋग्वेद संसार का सबसे प्राचीन ग्रन्थ है।

उन्होंने कहा, अगर हमें भारत को विश्व गुरु बनना है, तो हमें हमारे वेदों का अनुकरण करना होगा। हमारे इतिहास में वर्णित है कि वैदिक युग में भारत ज्ञान के क्षेत्र में जगद्गुरू एवं अर्थ के क्षेत्र में सोने की चिड़िया था। हमारा भारतीय समाज वेदों की संस्कृति से दूर होता जा रहा है। सभी समस्याओं का निदान हम वेदों के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। श्री भदौरिया ने कहा कि विश्व के कई विकसित देश वेदों का अनुकरण करके आगे बढ़ते जा रहे हैं। दुनिया भारतीय संस्कृति को अपना रही वहीं भारतीय लोग पश्चिमी संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एक बड़ा संदेश पहुंच रहा है कि हमें वापस वेदों की ओर लौटना होगा। इस कार्यक्रम में देश भर से अनेक लोग शामिल रहे जो वेदों को लेकर कार्य कर रहे हैं जैसे देशभर के अनेक संस्कृत शिक्षण संस्थानों, गुरुकुलों, मंदिरों आदि से जुड़े लोग शामिल रहे।

# कांग्रेस ने की हरियाणा में हार के कारणों की समीक्षा

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के झटके से उबर नहीं पा रही है, इसलिए चुनाव नतीजे आने के एक दिन बाद ही उसके शीर्ष नेताओं ने हार के कारणों की समीक्षा के लिए गुरुवार को गहन विचार मंथन किया। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष तथा बैठक में मौजूद रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने बैठक के बाद यहां पत्रकारों को बताया कि सभी नेताओं ने गहन विचार विमर्श करके हार के कारणों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल, हरियाणा के लिए पार्टी के पर्यवेक्ष वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत , पार्टी के हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया तथा हरियाणा के लिए पार्टी सचिवों ने हिस्सा लिया। श्री माकन ने कहा, सभी जानते हैं कि हरियाणा चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित थे। चुनाव के एग्जिट पोल और रिजल्ट में जमीन-आसमान का अंतर था। हमने चुनाव परिणाम से जुड़े अलग-अलग कारणों की चर्चा की है, जिसके ऊपर हम आगे और कार्रवाई करेंगे। चुनाव में गड़बड़ी को लेकर भी चर्चा हुई।

# उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए अधिकारियों की सराहना की



**श्रीनगर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शांतिपूर्ण, पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों, पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के प्रयासों की गुरुवार को सराहना की।

तीन चरणों में हुए चुनाव एक अक्टूबर को संपन्न हुए और नतीजे आठ अक्टूबर को घोषित किए गए। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पांडुरंग के. पोल ने श्री सिन्हा को आज विधानसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों के नामों वाली अधिसूचना सौंपी। श्री पोल के साथ भारत के चुनाव आयोग के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार शर्मा, विशेष सचिव मंजूर अहमद भट और मुख्य चुनाव कार्यालय, जम्मू-कश्मीर में संयुक्त सीईओ अनिल सालगोत्रा भी थे। उन्होंने राजभवन में श्री सिन्हा से मुलाकात की। देश के चुनाव आयोग द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 (1951 का 43) की धारा 73 के अनुसरण में जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें चुनावों के बाद जम्मू-कश्मीर विधान सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं, उनके द्वारा उपराज्यपाल को सौंपी गई। उपराज्यपाल ने शांतिपूर्ण, पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के प्रयासों की भी सराहना की।

# हेमंत अपनी विफलताओं का दोष केंद्र सरकार पर मढ़ने की कोशिश कर रहे : अजय साह

**रांची, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा केंद्र से 1 लाख 36 हज़ार करोड़ रुपये की बकाया राशि मांगने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री साह ने आज कहा कि मुख्यमंत्री राज्य को प्रभावी ढंग से चलाने में असफल रहे हैं। उनके पास कोई भी ऐसी योजना नहीं है, जिसे उन्होंने पांच साल पहले शुरू किया हो और जिसका लाभ अब राज्य की जनता को मिल रहा हो। वे केवल हाल के महीनों में जल्दबाजी में लागू की गई योजनाओं के आधार पर वोट मांग रहे हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में हेमंत सोरेन अपनी विफलताओं का दोष केंद्र सरकार पर मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

श्री साह ने कहा कि जिस बकाया राशि की बात मुख्यमंत्री कर रहे हैं, वह दशकों पुरानी है। यह रॉयल्टी-टैक्स का मामला 1989 से इंडिया सीमेंट बनाम तमिलनाडु सरकार के केस से संबंधित है और अभी भी कई मुद्दों की सुप्रीम कोर्ट से व्याख्या होनी बाकी है। परंतु मुख्यमंत्री जनता को ग़लत आकड़ो से सिर्फ़ भ्रमित कर रहे है। हम यह जानना चाहते हैं कि जब शिबू सोरेन केंद्रीय कोयला मंत्री थे, तब उन्होंने इस राशि को वापस लाने के लिए कौन सी पहल की थी? क्या उन्होंने इस मुद्दे को कभी किसी कैबिनेट की बैठक में उठाया था? श्री साह ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला जुलाई 2024 में आया है, जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इससे महीनों पहले ही क़ानूनी प्रक्रिया के तहत जेल जा चुके थे। ऐसे में यह कहना कि बकाया राशि मांगने पर उन्हें जेल भेजा गया, हास्यास्पद है। जहां तक भाजपा सांसदों का सवाल है, तो भाजपा के सांसद ही थे जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ मिलकर झारखंड को अलग राज्य बनाया था। भाजपा ने झारखंड को बनाया था और आगे भी भाजपा ही झारखंड का विकास करेगी। इसके विपरीत झारखंड बनने के सबसे बड़े दुश्मन लालू प्रसाद यादव के पास में आज हेमंत सरकार की मास्टर चाभी है ।

केंद्र से झारखंड को मिलने वाले फंड के संदर्भ में श्री साह ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा झारखंड को उसकी मांग से अधिक वित्तीय सहायता दी है। नितिन गडकरी ने भी सार्वजनिक रूप से कहा था कि केंद्र झारखंड को धन देने के लिए तैयार है, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार के अधिकारी सड़क बनाने के बजाए पैसे बनाने में अधिक दिलचस्पी ले रहे है। खनिज पर रॉयल्टी के सवाल पर मुख्यमंत्री जी को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी सरकार ने डीएमएफटी फंड का किस तरह उपयोग किया है। झारखंड के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल की रिपोर्ट बताती है कि हेमंत सरकार ने इस फंड का भारी दुरुपयोग किया है। इसे जनता के कल्याण के बजाय अधिकारियों और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं के व्यक्तिगत लाभ और सुख सुविधा के लिए खर्च किया गया है।

# कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बाद रात के तापमान में गिरावट

**श्रीनगर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में बुधवार को हुई ताजा बर्फबारी के बाद गुरुवार को कश्मीर घाटी के अधिकांश इलाकों में रात का तापमान गिर गया और सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। यह जानकारी मौसम विभाग के अधिकारियों ने दी।

मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने पूर्वानुमान लगाया है कि अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर संभाग में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है, साथ ही मौसम साफ रहेगा या आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इसने कहा कि 16 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कुपवाड़ा को छोड़कर, जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किया गया, अन्य सभी मौसम केंद्रों ने कश्मीर घाटी में ऊंचाई पर बर्फबारी के बाद रात का तापमान सामान्य से नीचे देखा। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि में न्यूनतम तापमान सामान्य 7.5 डिग्री सेल्सियस से 0.2 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

पहलगाम में सामान्य तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और दक्षिण कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के लिए यह सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम था। कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और दक्षिण कश्मीर के पिकनिक स्पॉट के लिए यह सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस कम था। मौसम विभाग ने कहा कि गुलमर्ग में बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि में न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट के लिए यह सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम था।

# अगले वर्ष पटना में होगा दलित महाकुंभ : अशोक

**पटना, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

बिहार की नीतीश सरकार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से मंत्री अशोक चौधरी ने आज कहा कि अगले वर्ष 14 अप्रैल को राजधानी पटना में 'दलित महाकुंभ' का आयोजन होगा। श्री चौधरी ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 14 अप्रैल 2025 को प्रदेश के सभी दलित भाईयों ने दलित महाकुम्भ कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसका आयोजन राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान या फिर पटना के वेटरनरी कॉलेज मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल को लेकर अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

मंत्री ने कहा कि 26 नवम्बर 2023 को हमलोगों ने संविधान दिवस के अवसर पर भीम संसद का आयोजन किया था। भीम संसद कार्यक्रम को एक वर्ष पूरा हो रहा है।

इस वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर धूम-धाम से बापू सभागार में मनायंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले 18-19 वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस प्रदेश में दलितों के उत्थान के लिए जो भी कार्यक्रम किए है, जिस तरह से दबे-कुचले, दलित-महादलित, पिछड़ो-अति पिछड़ों के सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक उत्थान के लिए इस प्रदेश में काम किए हैं उन सबके उत्साह के रूप में बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल, 2025 के दिन पूरे बिहार के सभी दलित भाईयों ने 'दलित महाकुम्भ' कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है। श्री चौधरी ने कहा कि वह अपने साथी मंत्री और अन्य साथियों के साथ बैठक कर दलित महाकुम्भ कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान या वेटनरी मैदान कोई एक स्थल निर्धारित कर आगे का निर्णय लिया जाएगा।

# अमृतसर केन्द्रीय जेल के वार्डन सहित तीन गिरफ्तार, हेरोइन बरामद

**अमृतसर, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अमृतसर केन्द्रीय जेल के वार्डन सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 4.5 किलोग्राम हेरोइन और 4.32 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये ड्रग तस्करों की पहचान अमृतसर के छेहरटा के गुरु हरगोबिंदपुरा निवासी आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश और उसके भाई सतविंदरपाल सिंह उर्फ सत्ती के रूप में हुई है, जबकि जेल वार्डन की पहचान मोगा के गांव कोट सदर खान निवासी गुरमेज सिंह के रूप में हुई है। गुरमेज सिंह सेंट्रल जेल अमृतसर में बंद कैदियों को हेरोइन आपूर्ति करता था। यह घटनाक्रम अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करने के एक दिन बाद सामने आया है, जिनके पास से पांच किलोग्राम हेरोइन और 3.95 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गयी है। श्री यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी आकाशदीप सिंह और सतिंदरपाल सिंह सीधे पाकिस्तान स्थित ड्रग तस्करों के संपर्क में थे, जो सीमा पार ड्रग्स ले जाने के लिये ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया है कि वह जेल के वार्डन गुरमेज सिंह को हेरोइन सप्लाई करते थे, ताकि जेल में बैठे ड्रग तस्करों को इसकी आपूर्ति की जा सके।उन्होंने बताया कि जांच में तकनीकी सुराग मिले हैं और एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे-पीछे के लिंक स्थापित करने के लिये जांच जारी है। पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि सीआईए स्टाफ -2 की टीमों को एक विश्वसनीय इनपुट मिला था कि दो भाइयों ने सीमा पार से ड्रोन का उपयोग करके गिराए गए नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप को प्राप्त किया था और इसे गुरु हरगोबिंदपुरा, छेहरटा में अपने निवास पर छिपा दिया था। पुलिस स्टेशन छेहरटा अमृतसर की पुलिस टीमों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और डेरा राधा स्वामी, गुरु हरगोबिंदपुरा, छेहरटा अमृतसर के पास एक घर से दोनों ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

# नेशनल कॉन्फ्रेंस विधायक दल ने उमर अब्दुल्ला को चुना नेता

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 10 अक्टूबर।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को आज श्रीनगर में आयोजित नेकां विधायक दल की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार चुना लिया गया। कांग्रेस ने भी नेकां के इस फैसले पर अपनी मुहर लगाई है।

नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में जम्मू कश्मीर में अपने गठबंधन सहयोगी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार गठन पर भी चर्चा हुई। बैठक में विधानसभा के सभी नवनिर्वाचित नेकां सदस्य मौजूद थे, जहां गठबंधन सरकार के लिए साझा न्यूनतम कार्यक्रम पर चर्चा हुई। कांग्रेस जम्मू कश्मीर प्रमुख तारिक हमीद कर्रा के नई दिल्ली से लौटने के बाद जल्द ही अपनी आंतरिक बैठक करेगी। कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) द्वारा अपने नेता का चुनाव किए जाने की उम्मीद है, जिससे सरकार गठन पर नेकां के साथ आगे की बातचीत का रास्ता साफ होगा। याद रहे हाल ही में संपन्न चुनावों में कांग्रेस ने छह सीटें हासिल की, कश्मीर में पांच और जम्मू में एक।

एक बार जब नेकां और कांग्रेस दोनों के नेता चुने जाते हैं, तो गठबंधन सहयोगी अपने संयुक्त नेता का चयन करेंगे, जो जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री होने की उम्मीद है। इस बीच जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने उमर अब्दुल्ला को विधायक दल का अध्यक्ष मनोनीत करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के फैसले का समर्थन किया है। पत्रकारों से बात करते हुए कर्रा ने कहा कि कांग्रेस नेकां के साथ गठबंधन की रूपरेखा तय करने से पहले अपने विधायकों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करने जा रही है। कर्रा ने कहा कि यह अच्छी बात है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने उमर अब्दुल्ला को विधायक दल का अध्यक्ष चुना है, जिसका मतलब है कि वह जम्मू-कश्मीर के आगामी मुख्यमंत्री होंगे।

उन्होंने पुष्टि की कि वह कल तक श्रीनगर लौट आएंगे और उसके तुरंत बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि एक बार जब हम अपनी आंतरिक बैठक पूरी कर लेंगे, तो हम नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ औपचारिक गठबंधन बैठक करेंगे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में दो प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच समन्वित प्रयास का संकेत दिया। कर्रा ने यह भी कहा कि गठबंधन का प्राथमिक ध्यान लोगों की शिकायतों को दूर करना और वर्तमान प्रशासन द्वारा लिए गए जनविरोधी निर्णयों को पलटने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सरकार द्वारा लिए गए सभी जनविरोधी फ़ैसलों की समीक्षा करेंगे, ख़ास तौर पर वे जो जम्मू कश्मीर के लोगों को प्रभावित करते हैं। जम्मू के लोगों की एक प्रमुख मांग दरबार मूव की बहाली है, और इस पर हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। कांग्रेस और नेकां के बीच गठबंधन को लेकर गतिरोध के बावजूद, कर्रा ने जोर देकर कहा कि सरकार बनाने की कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से गठबंधन सरकार बनाएंगे, लेकिन हमें कोई जल्दी नहीं है। औपचारिक सरकार गठन से पहले कुछ और दिन लगेंगे।



क्लासिक कन्वेंशन-3 में आयोजित सौभाग्य इन्फ्रा डेवेलपर्स प्र.लि. द्वारा प्रस्तुत रंगताली नवरात्रि महोत्सव के सातवें दिन माता की आरती करते हुए आयोजक आशीष शर्मा, कोमल शर्मा, शरण कंडाला, भरत तायल। नृत्य का आनंद लेते हुए लोग। अवसर पर उपस्थित मनोज बाहेती, श्याम बाहेती, मनीष-अनिता व्यास व अन्य।

# चावल मिल मालिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा : सरकार

**हैदराबाद,10 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने चावल मिलर्स की मांगों और समस्याओं को जल्द ही हल करने का आश्वासन दिया है। कैबिनेट उप समिति चावल मिलर्स के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेगी और जल्द ही समाधान निकालेगी।

चावल मिलर्स एसोसिएशन ने कैबिनेट उप-समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की है, जिसमें उद्योग के सामने वर्तमान में मौजूद गंभीर चुनौतियों को रेखांकित किया गया है। एसोसिएशन ने धान की कम उपलब्धता पर प्रकाश डाला, इस साल धान की मिलिंग प्रतिशत घटकर 14 प्रतिशत रह गई है। धान की खरीद कम होने के कारण बड़ी मिलों के संचालन में 55 से 60 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

एसोसिएशन ने कहा कि सरकार की ओर से भुगतान में देरी के कारण मिलर्स को गंभीर वित्तीय तनाव का सामना करना पड़ रहा है, 2016-17 के खरीद संचालन के बाद से बकाया राशि लंबित है, जिससे नकदी प्रवाह बाधित हो रहा है जिससे उनकी दैनिक संचालन को प्रबंधित करने की क्षमता में बाधा आ रही है। उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) मानकों का पालन न करने पर जुर्माना लगाने से मिलर्स पर वित्तीय दबाव बढ़ गया है।




एसोसिएशन ने कैबिनेट उपसमिति से तत्काल वित्तीय और विनियामक राहत की अपील की, जिसमें कहा गया कि चावल मिलिंग उद्योग का भविष्य - और व्यापक कृषि क्षेत्र - सरकारी हस्तक्षेप के बिना जोखिम में पड़ सकता है।

जवाब में, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने मिल मालिकों को आश्वासन दिया कि उनके मुद्दों पर राज्य सरकार के उच्चतम स्तर पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट उपसमिति अंतिम मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट सौंपेगी।


# कर हस्तांतरण में यूपी को केंद्र से मिला 31,962 करोड़

## राज्य में विकास और कल्याण को मिलेगी गति : योगी

**लखनऊ, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यों को 1,78,173 करोड़ रुपए का कर हस्तांतरण (टैक्स डिवाल्यूशन) किया है। कर हस्तांतरण में सर्वाधिक राशि 31,962 करोड़ उत्तर प्रदेश को जारी की गई है।

यह राशि त्यौहारों से पहले राज्यों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। सीएम योगी ने कहा, यह अग्रिम किस्त हमारे त्यौहारों के मौसम की तैयारियों को काफी बढ़ावा और राज्य भर में विकास व कल्याण की पहल को गति देगी। हम सभी मिलकर मजबूत व समृद्ध उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रहे हैं।




# आध्यात्मिक अयोध्या को आयुष्मान अयोध्या भी बना रही सरकार


**अयोध्या, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार आध्यात्मिक अयोध्या को आयुष्मान अयोध्या भी बना रही है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में रामनगरी स्वास्थ्य क्षेत्र में भी दिनोदिन समृद्ध हो रही है। घटना-दुर्घटना में विपरीत परिस्थिति आने पर अयोध्या को अब लखनऊ पर आश्रित नहीं रहना होगा, बल्कि सभी सुविधाएं यहीं मिल जाएंगी। गंभीर से गंभीर मरीजों का इलाज भी यहीं हो सकेगा। इसके लिए अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। मई 2025 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहां एक ही छत के नीचे सारी अत्याधुनिक सुविधाएं मिल जाएंगी।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के शुरू होते ही यहां के विकास कार्यों का खाका खींचा जाने लगा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्यावासियों और श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की फिक्र करते हुए यहां मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल व दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं को बढ़ाने का निर्देश दिया था। काफी दिनों से लंबित पड़े 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर के प्रोजेक्ट पर काम न सिर्फ शुरू करा दिया गया, बल्कि आधे से अधिक कार्य पूरा भी हो गया है।

राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण 33 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कराया जा रहा है। शासन की ओर से निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद राजकीय निर्माण निगम ने काम शुरू करा दिया था। तीन मंजिल के भवन में बन रहे सेंटर में अब तक 50 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक चिकित्सा सेवा के लिए 50 बेड का ट्रॉमा सेंटर व 60 बेड का इमरजेंसी मेडिसिन विभाग बनाया जा रहा है। यानी कुल 110 बेड की सुविधा होगी। अभी नए भवन में चल रहे ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को कठिनाइयां होती हैं। एक्सरे व सीटी स्कैन के लिए मरीजों को अलग भवन ले जाना पड़ता है। नए ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के बाद एक्सरे-सीटी स्कैन समेत तमाम जांच की सुविधा यहीं मिल सकेगी।

प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि भवन का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। इसमें अत्याधुनिक लिफ्ट की भी सुविधाएं रहेंगी। ट्रॉमा सेंटर गंभीर मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। यहां एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी। मरीजों व उनके परिजनों को कहीं भागना नहीं पड़ेगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.